e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 253

शुक्रवार

15.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

अगर आप को कोई काम करने में, मजा नही आ रहा है, इसका मतलब है कि वो कार्य, आपके करने लायक नही है !

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हिन्दी दिवस की दी बधाई



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी को हिन्दी दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि हिन्दी हमारे सम्मान और स्वाभिमान की भाषा है। हिन्दी से हमें विश्व में एक नई पहचान मिली है। हम सभी देशवासियों को हिन्दी पर गर्व है।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल

**नई दिल्ली** : जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश को गुरुवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत के लिए भेज दिया है. प्रवर्तन निदेशालय ने 538 करोड़ रुपये के कथित लोन घोटाला मामले में गोयल को गिरफ्तार किया है. उन पर आरोप है कि नरेश गोयल ने इस रकम का दुरुपयोग किया. ईसीआईआर मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज एफआईआर पर ईडी ने यह कार्रवाई की है.नरेश गोयल की ईडी हिरासत खत्म हो रही है, इसलिए उन्हें आज अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा बने कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष

**रांची ।** झारखंड के पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इससे संबंधित आदेश सरकार द्वारा गुरुवार की शाम जारी कर दिया गया। जारी आदेश में कहा गया है कि नीरज सिन्हा को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में अध्यक्ष के पद पर 27 सितंबर 2023 के प्रभाव से नियुक्त किया जाता है। नीरज सिन्हा पदभार करने की तिथि से अधिकतम 65 वर्ष की आयु पूरी करने तक आयोग के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहेंगे।

### मुंबई एयरपोर्ट के रनवे पर फिसला चार्टर प्लेन, हादसे में 8 लोग घायल

**मुंबई :** मुंबई में भारी बारिश के कारण एक चार्टर प्लेन मुंबई एयरपोर्ट के रनवे से फिसल गया. इसके चलते मौके पर अफरातफरी मच गई. हादसे में प्लेन में सवार सभी 8 लोगों को चोटें आई हैं. बताया जा रहा है कि प्लेन में कोई भी वीआईपी मौजूद नहीं था. एलचार्टर प्लेन कैसे फिसला, इसकी जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है. हालांकि प्लेन में सवार सभी 8 लोगों के घायल होने की सूचना है. दरअसल, मुंबई एयरपोर्ट पर रनवे-27 पर उतरते समय चार्टर बंद हो गया. प्लेन में 06 यात्री और 02 क्रू सदस्य सवार थे. भारी बारिश के कारण दृश्यता 700 मीटर थी.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $27^{0}$ |
| न्युनतम | $23^{0}$ |

**प्रधानमंत्री ने एमपी में 50,700 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास व छत्तीसगढ़ में 6,350 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शुभारंभ**

# सनातन को खत्म करना चाहता है घमंडिया गठबंधन : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**भोपाल-रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमपी में 50,700 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास व छत्तीसगढ़ में 6,350 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया. इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह घमंडिया गठबंधन सनातन को तहस-नहस करना चाहता है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को इंडिया की जगह इंडी कहकर पुकारा। उन्होंने कहा कि एक तरफ आज का भारत दुनिया को जोड़ने का सामर्थ्य दिखा रहा है। दुनिया के मंचों पर हमारा भारत विश्व मित्र के रूप में सामने आ रहा है। दूसरी तरफ कुछ ऐसे दल हैं जो देश को, समाज को विभाजित करने में जुटे हैं। इन्होंने मिलकर एक इंडी अलायंस बनाया है। इस इंडी अलायंस को कुछ लोग घमंडी गठबंधन भी कहते हैं। इनका नेता तय नहीं है। इनके नेतृत्व पर भ्रम है। मुंबई में मीटिंग हुई थी। मुझे लगता है उस मीटिंग में उन्होंने घमंडिया गठबंधन कैसे काम करेगा, उसकी नीति बना ली है। एक हिडेन एजेंडा भी तय कर लिया है। घमंडिया गठबंधन की नीति है कि सनातन को मिटाकर देश को फिर 1,000 साल की गुलामी में धकेलना चाहते हैं। हमें मिलकर ऐसी ताकतों को रोकना है। स्वतंत्रता आंदोलन में फांसी पाने वाले वीर कहते थे कि अगला जन्म भारत मां की गोद में देना। ये सनातन संस्कृति शबरी की पहचान है। सनातन ने हजारों वर्षों से भारत को जोड़े रखा है। ये लोग मिलकर अब उस सनातन को खंड-खंड करना चहाते हैं। इन लोगों ने खुलकर हमला करना शुरू किया है। हम पर होने वाले हमले ये लोग और बढ़ाने वाले हैं। इस देश से प्यार करने वाले को, हर किसी को सतर्क रहने की जरूरत है। सनातन को मिटाकर ये देश को फिर एक हजार साल की गुलामी में धकेलना चाहते हैं। हमें मिलकर ऐसी ताकतों को रोकना है।

### जी 20 की सफलता को याद किया

मोदी ने कहा कि मुझे देखकर गर्व होता है कि भारत ने गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। कई भी देश जब ऐसा ठान लेता है तो उसका कायाकल्प होना शुरू हो जाता है। जी-20 समिट में आपने इसकी एक तस्वीर भी देखी है। आप सभी ने देखा कि भारत ने किस तरह जी-20 का सफल आयोजन किया। आपकी जो भावना है, वह आज पूरे देश की भावना है। जी-20 को इतनी बड़ी सफलता मिली है तो उसका श्रेय मोदी को नहीं, आप सभी को जाता है। यह आपका सामर्थ्य है। 140 करोड़ भारतवासियों की सफलता है। ये भारत की सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दुनियाभर से विदेशी मेहमान भारत आए थे।

### पीएम मोदी ने एमपी व छत्तीसगढ़ में इन योजनाओं का किया शिलान्यास

पीएम मोदी ने एमपी में 50,700 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया. इनमें बीना रिफाइनरी में एक पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और राज्य भर में 10 नई औद्योगिक परियोजनाएं शामिल हैं. इसके बाद पीएम मोदी छत्तीसगढ़ में 6,350 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण रेल क्षेत्र की परियोजनाओं का शुभारंभ किया. उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए छत्तीसगढ़ के 9 जिलों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया और एक लाख सिकल सेल परामर्श कार्डों का वितरण किया.



### पीएम ने बुंदेलखंड के वीरों को किया याद

मोदी ने कहा कि बुंदेलखंड की यह धरती वीरों और शूरवीरों की धरती है। इस भूमि को बीना और बेतवा दोनों का आशीर्वाद मिला है। मुझे महीने में दूसरी बार सागर आकर आप सभी के दर्शन का सौभाग्य मिला। मैं शिवराज जी का आभार व्यक्त करता हूं कि आप सभी के बीच आकर आपके दर्शन का मौका मिला। मैं पिछली बार संत रविदास जी के मंदिर के भूमिपूजन के लिए आया था। मैं विकास को गति देने वाली नई परियोजनाओं को गति देने वाली परियोजनाओं के भूमिपूजन का सौभाग्य मिला है। इन पर केंद्र सरकार 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करने वाली है। हमारे देश के बहुत सारे राज्यों को बजट इतना नहीं होता जितना आज एक ही कार्यक्रम के लिए भारत सरकार लगा रही है। ये दिखाता है कि एमपी के लिए हमारे संकल्प कितने बड़े हैं। ये सारे प्रोजेक्ट आने वाले समय में हजारों युवाओं को रोजगार देंगे। ये परियोजनांएं गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों के सपनों को सच करने वाली है। मैं बीना रिफायनरी के विलस्चारीकरण और शिलान्यास के लिए सभी को बधाई देता हूं।

### हम आपके सुख-दुख के साथी हैं

मोदी बोले कि कोरोना काल में सरकार ने मुक्त टीकाकरण कराया। हम आपके सुख-दुख के साथी हैं। 80 करोड़ रुपये से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया। गरीब का पेट भूखा नहीं रहना चाहिए। हमारी कोशिश यह थी कि किसी गरीब मां को पेट बांधकर सोना ना पड़े। वह मां इस बात से न तड़पे कि मेरा बच्चा भूखा है। इस वजह से गरीब के बेटे ने गरीब के राशन के घर की चिंता की। ये दायित्व आज भी मैं निभा रहा हूं। मेरा प्रयास है कि मध्य प्रदेश नई बुलंदियों को छुए। हर परिवार का जीवन आसान हो। मोदी की गारंटी का ट्रैक रिकॉर्ड आपके सामने है। उनकी टेप रिकॉर्डिंग सुना कीजिए, मेरा ट्रैक रिकॉर्ड देखा करिए।

### 10 नए इंडस्ट्रियल पार्क का काम शुरू

मोदी ने कहा कि प्लास्टिक के पाइप, कार का बंपर, कार का डैशबोर्ड, पैकिंग मटेरियल, कृषि उपकरण, बाल्टी, घर के पेंट में पेट्रोकेमिकल की बहुत बड़ी भूमिका होती है। बीना में बनने वाला पेट्रोकेमिकल प्लांट इस पूरे क्षेत्र को विकास का नया अवसर देगा। जैसे-जैसे देश की जरूरतें बढ़ रही हैं। देश की जरूरते बदल रहीं हैं। मैंन्यूफैक्चरिंग सेक्शन को भी बदलना जरूरी है। आज यहां इस कार्यक्रम में 10 नए इंड्रस्ट्रियल पार्क का काम भी शुरू हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले पांच साल मध्यप्रदेश के विकास के होंगे।

### 5 हजार रुपया रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी अरेस्ट



**धनबाद :** तोपचांची अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा को धनबाद की एसीबी टीम ने गुरुवार 14 सितंबर को 5 हजार रुपए घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद तोपचांची अंचल कार्यालय के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारी अपना-अपना दफ्तर छोड़ बाहर भाग गए। मामला नेशनल हाईवे पर जमीन अधिग्रहण से संबंधित रिपोर्ट धनबाद भू-अर्जन कार्यालय को सौंपने को लेकर था।एसीबी डीएसपी जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तोपचांची प्रखंड के सिंहडीह निवासी शरद कुमार महतो की शिकायत पर राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा को पांच हज़ार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। बताया कि नेशनल हाईवे पर शरद कुमार महतो की जमीन अधिग्रहित की जा रही थी। जिसे लेकरटी धनबाद भू-अर्जन कार्यालय से जमीन संबंधित रिपोर्ट की मांग की गई थी। रिपोर्ट सौंपने के एवज में राजस्व कर्मचारी सुशील कुमार सिन्हा दस हज़ार रूपये की मांग कर रहे थे। एसीबी की टीम गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी को धनबाद लेकर चली गई है।

**एनएच पर जमीन अधिग्रहण से संबंधित रिपोर्ट सौंपने के एवज़ में मांगे थे दस हज़ार**

## विशेष सत्र के लिए कांग्रेस व भाजपा ने अपने-अपने सांसदों को जारी किया व्हिप



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने गुरुवार को अपने सभी सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी किया है, जिसमें उन्हें 18 से 22 सितंबर तक विशेष सत्र के दौरान संसद में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है. सूत्रों के मुताबिक, सत्र के दौरान लाए जा सकने वाले कुछ प्रमुख एजेंडे को देखते हुए ये व्हिप जारी किया गया है. तीन लाइन के व्हिप में कहा गया है, राज्यसभा में कांग्रेस पार्टी के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे 18 सितंबर से 22 सितंबर तक सदन की कार्यवाही स्थगित होने तक सुबह 11 बजे से सदन में उपस्थित रहें और पार्टी के रुख का समर्थन करें.वहीं लोकसभा में सभी कांग्रेस सांसदों के लिए इसी तरह का व्हिप जारी किया गया है. दरअसल, सरकार ने 18 सितंबर से शुरू होने वाले संसद के पांच दिवसीय सत्र के पहले दिन बुधवार को संविधान सभा से शुरू होकर संसद की 75 साल की यात्रा पर एक विशेष चर्चा सूचीबद्ध की. सत्र के दौरान, सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर विधेयक को भी विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है. यह बिल पिछले मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में पेश किया गया था. इस सत्र में संसद की कार्यवाही पुराने भवन से नए भवन में चलने की संभावना है. भारतीय जनता पार्टी की तरफ से भी अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया गया है. बीजेपी ने लोक सभा और राज्य सभा दोनों सदनों के सांसदों को सदन में उपस्थित रहने का आदेश दिया है.

इधर संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि सरकार ने पांच दिवसीय सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले 17 सितंबर को सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक भी बुलाई है.

## राजधानी में दिनदहाड़े अपराधियों ने जमीन कारोबारी को मारी 7 गोली, गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गुरुवार को सुबह कांके थाना क्षेत्र के ब्लॉक चौक स्थित किशोर नर्सिंग होम के पास अज्ञात अपराधियों ने ब्लॉक चौक निवासी जमीन कारोबारी अवधेश यादव को गोली मारकरबीफरार हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल को आनन-फानन में पल्स अस्पताल में बेहतर उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने सात गोली अवधेश को मारी है।खबर लिखे जाने तक अवधेश की स्थिति नाजुक है। वहीं पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है। बावजूद इसके पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि जहां पर घटना घटी है, वहां पर सीसीटीवी कैमरे नहीं होने की बात सामने आ रही है। पुलिस को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बताया यह भी जा रहा है कि अवधेश वेल्डिंग का काम करता था। साथ ही जमीन के भी कारोबार से जुड़ा हुआ था। उसका संपर्क जमीन कारोबारी जिसकी हत्या पूर्व में हो चुकी है कमल भूषण वगैरा से भी था।।बता दे की कमल भूषण, संजय कुमार और माले नेता सुभाष मुंडा सभी जमीन कारोबारी थे और तीनों की हत्या हो चुकी है। नौ लोग जेल में बंद हैं और दो अब भी फरार हैं। लेकिन यह भी जांच का विषय है कि घायल अवधेश का संपर्क किस तरह से इन लोगों के साथ था।



### अपराधी पैदल आए और गोली मारकर चलते बने

आसपास के लोगों का कहना है कि अवधेश को जिस वक्त गोली मारी गई थी उसे वक्त एक ही वक्त पैदल आया और आराम से ताबड़तोड़ गोली मारी वही दूसरा मोटरसाइकिल पर बैठा हुआ था । साथ ही अचानक तीन व्यक्तियों को एक साथ भागते हुए देखा गया है। पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है कि किस तरफ से वह लगाए थे और किस तरफ से हुए भागे हैं। बता दे कि एसपी चंदन सिन्हा, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो और सिटी एसपी राजकुमार मेहता आठ सितंबर को ही पदभार ग्रहण किया है।

**श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में हिन्दी दिवस समारोह का हुआ आयोजन**

## इंटरनेट की दुनिया भी हिन्दी का कायल : खियांगते

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** हिन्दी एक सर्वव्यापी भाषा है। दुनिया भर में हिन्दी भाषा बोलने वाले लोग मौजूद हैं। इसकी लोकप्रियता के कारण ही इंटरनेट की दुनिया में भी हिन्दी भाषा के कंटेंट बहुतायत में मौजूद है। न्यूज चैनल बीबीसी आदि में भी हिन्दी भाषा में खबरों का प्रसारण किया जाता है। उक्त बातें श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक श्री एल खियाँगते ने गुरुवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह में कहीं। श्री खियाँगते ने पढ़ाई से लेकर प्रशासनिक सेवा में आने तक हिन्दी भाषा को लेकर अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी की आवश्यकता सभी जगह है। इससे बचा नहीं जा सकता। दक्षिण से लेकर उत्तर, पूरब से पश्चिम तक हिन्दी की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि मिज़ोरम जहां से वे आते हैं, वहाँ भी अब हिन्दी सीखने के लिए स्पोकेन हिन्दी की क्लास चल रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर पर संवाद की भाषा हिन्दी ही रखें।



**सरकार का प्रयास है कि सभी विभागों में हिन्दी भाषा में हो कार्य:** इस अवसर पर कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि सभी सरकारी विभागों में हिन्दी भाषा में कार्य हो। उन्होंने कहा कि हिन्दी सहज भाषा है। हम जैसा हिन्दी में बोलते हैं, वैसा ही लिखते भी हैं। यह हिन्दी की अपनी विशेषता है। उन्होंने कहा कि हिन्दी सर्व संपर्क की भाषा है। दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में अब हिंदी भाषा बोली और समझी भी जा रही है। विदेशों में हिन्दी स्वीकार की जा रही है। यही करण हैं की दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जानेवाली भाषा हिन्दी है।

**हिन्दी संपर्क की भाषा है:** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि हिन्दी संपर्क की भाषा है, बाज़ार की भाषा है। उन्होंने हिन्दी भाषा को लेकर विस्तार से उसके विकास के बारे में प्रकाश डाला।

**निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन:** इस अवसर पर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं लघु कथा प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को सम्मानित किया गया।मौके पर श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक श्री श्रीनिवासन एवं राँची विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ प्रज्ञा गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।।समारोह में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### बिहार के मुजफ्फरपुर में हुए नाव हादसे में 14 लापता

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद ओपी क्षेत्र अन्तर्गत बागमती नदी में गुरुवार सुबह नाव पलटने से उसपर सवार 34 में से 14 अबतक लापता हैं। इनमें बच्चे, महिलाएं और पुरुष हैं। सभी मधुरपट्टी और भटगामा गांव के रहने वाले हैं। एसडीआरएफ की चार टीमें खोजबीन कर रही हैं। कुल 20 बच्चों को बचा लिया गया है।

नयनश्री नेत्रालय

असर्फी हॉस्पीटल

आयुष्मान कार्ड के द्वारा

नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी

77070 13096 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए सीएससी सेवाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन, सहायक समाहर्ता रवि कुमार,एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने गुरुवार को संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए सीएससी सेवाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घटान किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य वैसे पीडीएस डीलर जो सीएससी लेने के लिए नामित हुए हैं, उनको सभी सर्विसेस की विस्तृत जानकारी देना है। उन्होंने कहा पीडीएस डीलर्स सीएससी के माध्यम से कई प्रकार के काम कर सकते हैं जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्वरोजगार की तरफ एक कदम होगा और आय के स्रोत भी बढ़ेंगे.उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पीडीएस डीलरों को आयुष्मान भव- पखवाड़ा एवं इसके अंतर्गत होनेवाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सभी पीडीएस डीलरों को सहिया साथी एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु निर्देशित किया.उन्होंने कहा कि इस कार्य हेतु सभी डीलर को सीएससी ऑपरेटर के साथ टैग किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत 17 सितंबर से एक अभियान शुरू किया जा रहा है जिससे पीएमजेएवाई योजना के तहत सभी शेष पत्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए जायेंगे.इसी क्रम में सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने आयुषमान कार्ड की महत्ता तथा इसको कैसे बनायें,कहां बनाये, बनाने में कौन से दस्तावेज की जरूरत होगी इस बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी.जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार अपने दुकानों में राशन वितरण के साथ सभी कॉमन सर्विस सेंटर की सेवाएं भी लोगों तक पहुंचा सकेंगे। इनमें हर तरह के बिल पेमेंट, पैन एप्लीकेशन, पासपोर्ट के लिए अप्लाई करना, वोटर आईडी से जुड़ी सर्विस, पीएम किसान, एनपीएस, आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल साक्षरता अभियान आदि शामिल होंगे। इसके अलावे रांची से आये ट्रेनरों ने भी वितरण प्रणाली विक्रेताओं को सीएससी की आईडी प्राप्त होने के बाद लॉग इन करने एवं आगे की प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी। मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त सीएससी मैनेजर नागेंद्र व अरविंद व आपूर्ति कार्यालय के पंकज तिवारी, अंजय पांडेय, अक्षय पांडेय, अशोक सिंह व राजू रंजन उपस्थित रहे।

## वज्रपात से स्कूल में पढ़ रही सात छात्राएं हुई बेहोश, कई उपकरण जले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पिपरा भवन के समीप गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे आकाशीय बिजली गिरने से जहां सात छात्राएं बेहोश हो गई। वहीं विद्यालय के कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गये। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका अनुपमा ज्योति ने बताया कि दोपहर में अचानक तेज बारिश होने लगी। उस समय स्मार्ट क्लास में दसवीं की कई छात्राएं पढ़ रही थी। तभी विद्यालय भवन के पास वज्रपात हुआ। जिससे स्मार्ट क्लास में पढ़ रही सिम्पल कुमारी, लक्की कुमारी, सोनाली कुमारी, चांदनी कुमारी सहित सात छात्राएं बेहोश हो गई। इस दौरान विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। बेहोश हुए छात्राओं को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद होश में लाया जा सका। सभी छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि वज्रपात के कारण स्कूल के मोटर पंप, पंखा, वायरिंग तार, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर सहित कई उपकरण जल गये। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन पर तड़ित चालक लगाया गया था। जिसकी कुछ वर्ष पहले चोरी हो गई थी।

## पुलिस ने दो वारंटी के घर चिपकाए इश्तिहार



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय थाना के एसआई धूमा किस्कू ने थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती शिकारपुर गांव पहुंच कर थाना कांड संख्या 136/22 के फरार आरोपी बुधन साव पिता सागर साव तथा बूची देवी पति बिंदेश्वर साव के घर पर इश्तिहार चिपकाया। इस संबंध में एसआई धूमा किस्कू ने बताया कि मामले में दोनों आरोपी पिछले कई महीनों से फरार चल रहे थे। कई बार नोटिस भेजने के बाद भी फरार थे। उक्त दोनों आरोपी अपने ही पुत्र को लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शिवपूजन पेट्रोल पंप पर फुटकर व्यवसायियों को परेशान करने का लगाया गया आरोप



**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला प्रशासन से बार-बार थाना को पत्र के माध्यम से खरौंधी प्रखण्ड में फुटकर तेल विक्रेताओं पर पूर्णत पाबंदी लगाने का नाकाम प्रयास किया जा रहा है। उक्त बातें जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने व्यवसायिक संघ द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस बैठक का मुख्य उदेश्य शिवपूजन पेट्रोल पंप का है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर शिवपूजन पेट्रोल पंप के मालिक के द्वारा यंहा के फुटकर तेल विक्रेताओं को प्रशासन से मिल कर परेशान किया जा रहा है। जब कि इन्ही फुटकर विक्रेताओं के द्वारा डीजल व पेट्रोल की मांग पूरा किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि उनका पेट्रोल पंप भवनाथपुर में स्थित है। जो खरौंधी प्रखंड से लगभग 20 किलो मीटर दूर है।जरूरत पर उतनी दूर डीजल या पेट्रोल लेने जाना पड़ता है।प्रेस वार्ता के माध्यम से उन्होंने जिला प्रशासन से प्रखंड में एक पेट्रोल पंप की स्थापना करने तथा फुटकर व्यवसायियों को पेट्रोल पंप खुलने तक स्वतंत्र रूप से व्यवसाय करने की आजादी देने की मांग किया है। प्रेस वार्ता में उप प्रमुख देवदत् प्रसाद आर्य, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान एवं व्यावसायिक संघ के सदस्य उपस्थित थे।

## तुर्क तलेया के बच्चों ने खेलो झारखंड प्रतियोगिता में लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बालक एवं बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग खेल का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में स्त्रोन्नंत उच्च विद्यालय तुर्क तलेया के बच्चों ने कबड्डी बालक वर्ग ने पूरे प्रखंड में अन्य विद्यालय के बच्चों को पीछे करके जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता पर अपना स्थान बनाया है। वही अंडर 14 में बालिका वर्ग में मानसी कुमारी ने लंबी कूद में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। शांतनु कुमार ने अंडर 14 में ऊंची कूद में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। अंडर 17 में प्रियांशु दुबे 200 एवं 400 मीटर में गोल्ड बालिका वर्ग अंडर 17 में 200 मीटर में एस व परी गोल्ड, अल्प कुमारी 400 मीटर में गोल्ड। रिया कुमारी 600 मीटर में सिल्वर मेडल। कबड्डी प्रतियोगिता में रोहित कुमार दुबे के नेतृत्व में संकेत कुमार दुबे, प्रियांशु दुबे, सचिन कुमार, उज्जवल कुमार, ओस्ताजु कुमार एवं प्रभाकर कुमार ने टीम के साथ भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नागेंद्र प्रसाद के कुशल नेतृत्व में शारीरिक शिक्षा शिक्षक साकेत कुमार शुक्ला एवं सुजीत कुमार सहायक शिक्षक के निर्देशन में बच्चों ने पूरे चैनपुर प्रखंड में अपना परचम लहराया है।

## खेलो झारखंड के तहत् स्कूली बच्चों ने प्रतियोगिता में लिया भाग, प्रखंड के कई बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के राजकीय मध्य विद्यालय के मैदान में बीपीएम सुदीप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई तीन दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन। जिसमें कबड्डी, चेस साइकलिंग, खोखो, बैटमिंटन, सतरंज, लंबी कूद 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, ऊंची कूद, स्कूली बच्चों हेतु की गई प्रतियोगिता का आयोजन। वहीं 14 साल के अंदर तथा 17 साल के अंदर के बच्चों हेतू रनिंग प्रतियोगिता का भी अयोजन किया गया। जहां कबड्डी टीम में पतिहारी मध्य विद्यालय के छात्रों को पराजित करते हुए बिशुनपुरा मध्य विद्यालय के छात्रों ने जीत हासिल कर खेल में बढ़त बनाई। जिसमें बिशुनपुरा प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय सहित प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र छात्राएं शामिल हुए। वहीं मुख्य रूप बच्चों को खेल खेलाने हेतु शिक्षक अरविंद प्रताप देव, शिक्षक रमेश ठाकुर, शिक्षक प्रमोद गुप्ता एवं उद्घोषक के रुप में शिक्षक अजय प्रसाद यादव, शिक्षक सीडी सिंह, शिक्षक प्रवीण कुमार पांडेय खेल मैदान में उपस्थित रहे। वहीं खेल के निर्णायक मंडली प्रधानाध्यापक अजीत पांडेय, प्रधानाध्यापक इंद्रदेव राम, प्रधानाध्यापक नवनीत कुमार तिवारी रहे। वहीं खेल मैदान में बच्चों केलिए भोजन तथा पेयजल की व्यवस्था बीआरपी उपेंद्र मेहता तथा अनिल विश्वकर्मा द्वारा किया गया था। वहीं खेल खेलते हुए बच्चे काफी खुश नज़र आए जहां मैदान के चारों तरफ लोगों की भीड़ देखी गई। वही राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय संध्या के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया जिसमें 200 मीटर की दौड़ में श्रवण कुमार, 100 मीटर दौड़ में रचना कुमारी, काजल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने शिक्षक तथा विद्यालय का नाम रोशन किया।

## ताली ग्राम में हुआ सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिद्धो- कान्हू युवा खेल क्लब का गठन उपमुखिया दयानंद विश्वकर्मा की अध्यक्षता गुरुवार को मुकुंदपुर पंचायत के ग्राम पाली में किया गया। इस दौरान संबंधित ग्राम स्तर के खेल में रुचि रखने वाले युवाओं को 10 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। जिसमे मुकुंदपुर पंचायत के ताली ग्राम स्तर पर कमलेश कुमार को अध्यक्ष, सोनू कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष एवं राजन विश्वकर्मा को सचिव सर्वसम्मति से बनाया गया। जबकि राहुल कुमार, बाल्मीकि विश्वकर्मा, रवि कुमार गुप्ता, सिद्धार्थ कुमार, सिंह छोटू कुमार साह, प्रिंस कुमार सिंह, शिव शक्ति गुप्ता को सदस्य बनाया गया।

## अनुमंडलीय अस्पताल में टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक प्रखंड अध्यक्ष उर्मिला देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित करने तथा वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों की चर्चा विस्तार से किया गया। बैठक में स्वास्थ्य मेला का उदघाटन 15 सितम्बर को अपराहन में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जानकारी देते हुये अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद ने बताया कि स्वास्थ्य मेला में 11 स्टॉल लगाये जायेंगे तथा आम लोगो का स्वास्थ्य जांच किया जायेगा. उन्होंने उपस्थित जन प्रतिनिधियों से स्वास्थ्य मेला का अधिक से अधिक लोगो को लाभ मिल सके इसके लिये लोगो को स्वास्थ्य मेला की जानकारी देने की अपील किया। उन्होंने कहा कि इस मेले का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इसके लिये हम सबो को मिलकर प्रयास करना है। बैठक में जिला परिषद सदस्य बाला रानी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, लालमोहन यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, जेएस एल पी एस के प्रखंड समन्वयक धनन्जय कुमार, प्रखंड लेखा प्रबन्धक करुणा कुमारी, एमटीएस विजय पाठक, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, लिपिक विपेश राज तमांग सहित अन्य उपस्थित थे।

## सतबरवा में अवैध बालू ले जाने वाले जब्त ट्रैक्टर के मालिक, चालक व संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज करवायी प्राथमिकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले में अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कार्रवाई की है। डीएमओ ने गुरूवार को सतबरवा थाने में अवैध बालू जप्त ट्रैक्टर के चालक, मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं संलिप्त व्यक्तियों पर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया

**12 सितंबर को अनुमंडल पदाधिकारी ने जप्त किया था अवैध बालू समेत ट्रैक्टर :** जिले में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनीनगर के द्वारा सतबरवा थाना में 12 सितंबर को अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर जेएच 08 जी 8764 को पकड़ा था एवं थाने को सुपूर्द कर दिया था,बाद में अंचलाधिकारी सतबरवा के द्वारा इसकी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी को दी गयी जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए गुरूवार को सतबरवा थाना पहुंच जांच करते हुए ट्रैक्टर मालिक,चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध बालू खनन में संलिप्त सभी व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए कानूनी कार्रवाई करे।

**10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू खनन पर है रोक, नियमों को नहीं माने वालों पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई : आनंद कुमार, डीएमओ :** जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने स्पष्ट कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर किसी भी प्रकार के अवैध खनन, भंडारण एवं परिहवन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू खनन पर है रोक, नियमों को नहीं माने वालों पर की जाएगी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लंबी बीमारी से जुझ रही सबिहा बीबी दुनिया को कह गई अलविदा, छाया मातम का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** थाना क्षेत्र के मधुरी गांव निवासी हफिज अंसारी के पत्नी सबिहा बीबी उम्र 32 वर्ष जो पिछले 3 माह से बीमार चल रही थी जो बुधवार को रात्रि तकरीबन 9 बजे दुनिया छोड़ कर चली गई मृतक के पति हफिज अंसारी ने बताया कि मेरी पत्नी पिछले 3 माह से बीमार थी जिसका इलाज डाल्टेनगंज से चल रहा था जहां पे डॉक्टर ने बताया कि किडनी और लिवर की खराबी है मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक सबिहा बीवी के नाम से एलआईसी बीमा और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में अकाउंट भी है मृतक के पति हाफिज अंसारी बाहर प्लांट में मजदूरी कर के बड़ी मुश्किल से घर चलाते है इलाज में काफी पैसा लगाने के बाद भी अपनी पत्नी को खो बैठा मृतक के तीन बच्चे हसीना खातून उम्र 13 वर्ष शमशेर आलम उम्र 10 वर्ष सफीना खातून उम्र 5 वर्ष जो इन सभी को छोड़ कर चली गई वहीं पर स्थानीय गांव के कब्रिस्तान में मिट्टी दि गई।

## नगर उंटारी अंचल के सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ अरुण कुमार मुंडा का हुआ तबादला



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी अंचल कार्यालय में कार्यरत अंचल अधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा को स्थानांतरित करते हुए तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक अंचल अधिकारी हंटरगंज चतरा के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड राज्य सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने 12 सितंबर को पूरे राज्य में कुल 103 सीओ का ट्रांसफर लिस्ट निकाला गया है। जिसमें सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ अरुण कुमार मुंडा का नगर उंटारी अंचल से तबादला हो गया। बता दे की वे नगर उंटारी में पिछले लगभग 2 वर्षो से सीओ के पद पदस्थापित थे। वही पिछले कुछ माह पूर्व सीडीपीओ रीना साहू के तबादला होने के बाद वे बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के प्रभार में कार्य कर रहें थे। इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नगर उंटारी अंचल के कर्मियों एवं जनता से हमें बहुत ही अच्छा सहयोग मिला। इसके लिए मैं तमाम अंचल कर्मियों सहित जनता का आभार व्यक्त करता हूं।

## छात्राओं को गृह विज्ञान की शिक्षिका ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के गुर सिखाये



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पिपरडीह ग्राम स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के 9वीं व दसवीं वर्ग की छात्राओं को गृह विज्ञान की शिक्षिका मैरून खातून ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के गुर सिखाये.शिक्षिका ने छात्राओं को पाक कला में निपुण बनाने को लेकर काला जामुन, ब्रेड पकौड़ा सहित अन्य व्यंजन बनाने की जानकारी दिया.छात्राओं ने कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर शिक्षक व शिक्षिकाओं को खिलाया। छात्राओं द्वारा बनाये जा रहे स्वादिष्ट व्यंजनों का अवलोकन सीआरपी संजय कुमार सिंह ने भी किया तथा छात्राओं का हौसला अफजाई किया.कार्यक्रम में संजना कुमारी, अमृता कुमारी, अंजली कुमारी, खुशबू कुमारी, कृतिका कुमारी, अनुराधा कुमारी, सपना कुमारी, पुष्पा कुमारी, जुलेखा कुमारी, रेशमा कुमारी, सहाना कुमारी, रेशमी कुमारी, दिव्या कुमारी, सोनम कुमारी, आशा कुमारी, काजल कुमारी, महिमा कुमारी सहित अन्य छात्राएं शामिल थे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार, गोपीचंद राम, अशोक ठाकुर, नागवन्त कुमार, सरिता कुमारी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हिंदी है : डां राजेश्वर

## संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में मनाया गया हिंदी दिवस, संगोष्ठी का भी काम किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला-बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सभागार में विश्व में बढ़ती हिंदी की लोकप्रियता विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन शिक्षाविद डॉ राजेश्वर पांडेय,कॉलेज के सचिव शशिनाथ चौबे व साहित्यकार मुंशी महतो ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य संतोष मिश्रा व संचालन प्रो.राकेश शुक्ला ने किया। डॉ राजेश्वर पांडेय ने कहा कि हिंदी भाषा की लोकप्रियता पूरे विश्व में कायम है। आज हिंदी विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। शशिनाथ चौबे ने कहा कि अनेकों भाषाओं की जानकारी व अध्ययन करें। वहीं अपनी मातृभाषा हिंदी पहली प्राथमिकता हो। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि किसी भी शिक्षा ग्रहण करने में हिंदी की अहम भूमिका है। हिंदी भाषा समुद्र के सामान है। जिसमे कई भाषा सम्माहित है। लोक कवि मुंशी महतो ने अपनी स्वरचित हिंदी की कई कविताएं सुनाई। हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ श्याम मिश्रा ने कहा कि हिंदी निरंतर अन्य भाषाओं के साथ मिलकर विश्व में अपना एक अलग पहचान बना चुकी है। मौके पर प्रो रंजन दुबे, ज्योति कुमारी, डॉ प्रमोद पासवान,रामजी चौबे, कृष्ण कुमार चौबे, शबनम निशा, संतोष शुक्ला, त्रिपुरारी तिवारी, अजय ओझा, आशीष पांडेय, जितेंद्र पांडेय, संजय पांडेय, चंद्र भूषण कुमार, सुनील कुमार, फूल कुमारी, सुधीर यादव, दिलीप चौबे, रामेश्वर राम, देव प्रकाश पांडेय, आकांक्षा चौबे, अंजली शर्मा, दीपांजलि कुमारी, श्रेया शुक्ला, ज्योति शुक्ला, अवनीश पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क पर खड़ी बाइक की डिक्की से चोरों ने उड़ा लिए 1.80 लाख रुपये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड स्थित पोपुलर मेडिकल हॉल के सामने से चोरों ने बाइक के डिक्की से 1 लाख 80 हजार रुपये उड़ा लिया है. घटना दिन के चार बजे की है.घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झगराखांड़ निवासी रंजीत प्रसाद यादव श्री बंशीधर नगर निबंधन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कराने आया था. रजिस्ट्रार के नही होने की सूचना पर वह अपने साथी अजित पाठक के साथ घूमने मार्किट तरफ आ गया. इस दौरान उसने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा जाकर चेक से 50 हजार रुपये, ग्रीन कार्ड से 40 हजार और एटीएम से 60 हजार रुपये की निकासी किया.पीड़ित रंजीत प्रसाद यादव ने बताया कि पहले से उसके पास 21 हजार रुपये था। वही बसंत राम के पुत्र ने उसे 11 हजार रुपये दिया. 1 हजार रुपये पॉकेट में रखकर बाकी पैसे उसने बैग में डालकर बाइक के डिक्की में रख दिया.उसके बाद वह पॉपुलर मेडिकल हॉल में दवा लेने के बाद सामने सिटी स्टाइल में चप्पल लेने चला गया.चप्पल लेने के बाद बाइक के पास आया तो देखा कि डिक्की में रखा दवा बाहर गिरा है. साथ ही बैग में रखा पैसा गायब है. जिसके बाद उसने तत्काल थाने में जाकर पूरी बात बताई। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह** ने बताया कि एक व्यक्ति पैसे गायब होने की सूचना मिली है.जिसके तत्काल बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है.जल्द ही पैसे की बरामदगी कर ली जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में होटल के कमरे में फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**रांची** : जिले के चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित होटल रॉयल रेजिडेंसी के कमरे से गुरुवार को एक युवती का शव फंदे से लटकता मिला। उसकी शिनाख्त कांटाटोली ओल्ड एचबी रोड निवासी डोली घोष के रूप में हुई है। बताया जाता है कि गुरुवार सुबह होटल के कर्मियों ने कमरे में युवती का शव फंदे से लटकता हुआ देखा। इसके बाद इसकी सूचना होटल मालिक को दी। मालिक ने चुटिया थाना को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बताया कि होटल से एक युवती का फंदे से लटकता हुआ मिला है। फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### जमीन घोटाले के आरोपित प्रेम प्रकाश की जमानत पर फैसला 20 को

**रांची:** जमीन घोटाले के आरोपित प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत 20 सितम्बर को फैसला सुनाएगी। कोर्ट में प्रेम प्रकाश के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की जबकि ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश अवैध खनन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के केस में भी आरोपित हैं। जमीन घोटाले मामले में भी ईडी ने उसे आरोपित बनाते हुए आरोप पत्र दाखिल किया है।

# जेल अधीक्षक से नहीं संभल रहा है रांची जेल

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में 23 जुलाई 2020 से जेल अधीक्षक के पद पर पदस्थापित हामिद अख्तर के तीन साल का कार्यकाल काफी उथल-पुथल , विवादस्पद और संदेहास्पद भी रहा है। इतना ही नहीं हामिद अख्तर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा अधीक्षक के साथ-साथ सहायक कारा महानिरिक्षिक के अतिरिक्त प्रभार पर करीब 2 सालों से हैं यानी कि एक साथ वे दो पदों पर सेवा दे रहे हैं। इन तीन सालों के दौरान ईडी कार्यालय का चक्कर भी लगाना पड़ रहा है। जेल परिसर में प्रेम प्रकाश और रांची के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन के बीच बातचीत करने के संबंधित सीसीटीवी फुटेज आने के बाद हामिद अख्तर कशमाकस में फंसे हुए हैं।



### जेल में हुए मौत पर साधी चुप्पी

सजायाफ्ता रवि नंदन कुमार सिन्हा उर्फ रवि कुमार सिन्हा की मौत जेल में हो गई, वहीं चोरी के आरोपी रहमतुल्लाह अंसारी की मौत जेल में हो गई। रहमतुल्ला अंसारी के मौत पर जेल प्रशासन ने आत्महत्या की बात कर चुप्पी साध ली। इस संबंध में जेल अधीक्षक हामिद अख्तर से संपर्क किया गया, लेकिन वे जवाब नहीं दिए।

### जेल प्रशासन के खिलाफ किया सड़क जाम

गुरुवार को कांके थाने क्षेत्र के होचर हुसीर के रहने वाले रहमतुल्लाह अंसारी के शव को लेकर उसके परिजन कांके चौक पर बैठ गए और सड़क जाम कर दिया । जेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और हत्या का आरोप लगाया। घंटो सड़क जाम रहने से आवागमन बाधित रहा, स्कूल बस सहित अन्य लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम करने बैठे लोगों ने भी सभी लोगों से अपील की और जाम को सफल कराने और होटवार जेल अधीक्षक हामिद अख्तर की बर्खास्तगी की मांग कर रहे थे। लोगों ने कहा कि जिस तरह से जेल प्रशासन ने कहा है कि हत्या नहीं आत्महत्या है, इस बयान से संदेह पैदा करता है जबकि जेल में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए इससे जांच होनी चाहिए , ताकि स्पष्ट हो सके कि रहमतुल्ला अंसारी ने टीन की पति से खुद आत्माहत्या किया है या फिर उसकी हत्या की गई है।

### क्या है घटना

बुधवार 13 सितंबर को रहमतुल्लाह अंसारी के परिजनों ने बताया कि परिजनों को दोपहर 12:00 बजे उसे जानकारी मिली कि रहमतुल्ला अंसारी रिम्स में भर्ती हैं। जब परिजन रिम्स गए तब पता चला कि रहमतुल्ला की मृत्यु हो गई । बताया गया कि मंगलवार की शाम उसने जेल में ही टीन की पति से अपना गला काट कर आत्महत्या कर लिया । इस घटना के बाद से परिजन शोक में है और उन्हें पूरी बात झूठी लग रही है। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यदि घटना घटी तो उसी समय सूचना परिजनों को क्यों नहीं दी गई । अब जब वह जेल से छूटने वाला है तब आत्महत्या क्यों करेगा। रहमतुल्लाह मोटरसाइकिल चोरी की आरोप में पांच महीना पहले ही जेल गया था।

### इसकी भी हुई मौत

चारा घोटाला सजायाफ्ता रवि नंदन कुमार सिन्हा उर्फ रवि कुमार सिन्हा की मौत हो गयी। मृतक रवि नंदन पटना के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के पटना चौबे इलाके रहने वाले थे। इस संबंध में जेल प्रशासन ने खेलगांव थाने में यूडी केस दर्ज किया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि बुधवार की सुबह जब वार्ड खुलने के बाद सभी बंदियों को जगाया जाने लगा तो इस दौरान सजायाफ्ता रवि नंदन को भी जेल कर्मियों ने जगाया तो वह अचेत अवस्था मे मिले। आनन-फानन में कारा चिकित्सकों को वार्ड में बुलाया गया, जांच के बाद चिकित्सकों ने रवि नंदन को मृत घोषित कर दिया। केस आरसी 48 ए /96 वहीं रांची के रिम्स में हत्याकांड के एक आरोपी की भी मौत हो गई।

### कौन है हामिद अख्तर

हामिद अख्तर रांची के रहने वाले हैं । उनके दिवंगत पिताजी रांची सदर अस्पताल में स्टाफ के रूप में कम कर चुके हैं। बताया जाता है कि उस दौर में गुरुजी शिबू सोरेन के साथ उनका अच्छा संबंध था।

# औचक निरीक्षण करने एयरपोर्ट पहुंचे सांसद सेठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में आरंभ की गई फ्री लेने सेवा का औचक निरीक्षण किया। सांसद दोपहर में अचानक एयरपोर्ट पहुंचे और वहां की गतिविधियों को देखा। यात्रियों को छोड़ने आए वाहनों से भी बात की। स्थानीय कर्मचारियों से भी बात की। सांसद ने पाया की फ्री लेन की सेवा आरंभ कर दी गई है। कर्मचारियों ने सांसद को बताया कि फ्री लेन के लिए हमने एयरपोर्ट के सबसे दाहिने तरफ की लेन को रखा है। यहां आने वाले यात्रियों और वाहनों को 8 मिनट का समय दिया गया है। फ्री लेन में आने वाले वाहनों के निकासी हेतु अलग गेट की भी व्यवस्था की गई है। सांसद संजय सेठ ने एयरपोर्ट पर यात्रियों को छोड़ने आए वाहनों और उनके परिजनों से भी बात की। औचक निरीक्षण के बाद सांसद ने बताया कि एयरपोर्ट ने मेरे निर्देश पर सोमवार से ही फ्री लेन की सेवा शुरू कर दी है।



इसके लिए सबसे दाहिने तरफ की लेन की घेराबंदी भी की गई है। एयरपोर्ट आने वाले यात्रियों और वाहनों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। जो सिर्फ यात्री को लेने आ रहे हो या छोड़ने आ रहे हो, उन्हें 8 मिनट का पर्याप्त समय दिया गया है। अब इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने एयरपोर्ट के कर्मचारियों को भी निर्देशित किया कि फ्री लेन को लेकर वे यहां आने वाले लोगों को भी बताएं। इसके साथ ही इसके लिए बड़े साइन बोर्ड लगाए जाएं। साथ ही उन्होंने एयरपोर्ट आने वाले यात्रियों, उनके परिजनों से भी फ्री लेन सेवा का ही उपयोग करने का सुझाव दिया।

# रांची में नशीली दवाओं के खिलाफ पुलिस की कारवाई, महिला गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अरगोड़ा थाना पुलिस ने नशीली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला का नाम गुड़िया प्रवीण बताया गया है। इसके पास से 250 कफ सिरप, 160 टेबलेट, 118 इंजेक्शन और नकद 60 हजार 500 रुपये बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हरमू आस्था अस्पताल के समीप गुड़िया प्रवीण के एस्बेटस के मकान में अवैध रुप से नशीली दवाओं को बेचा जा रहा है। सूचना के बाद डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीली दवाओं को बरामद किया। साथ ही महिला को गिरफ्तार किया।

# ईडी के गवाह ने कोर्ट में कहा, मुंगेरी और अशोक के दबाव में दिया था बयान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अवैध खनन मामले में ईडी कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के समक्ष ईडी के गवाह विजय हांसदा ने बयान दिया। विजय हांसदा ने कहा कि उसने मुंगेरी यादव और अशोक यादव के दबाव में ईडी को बयान दिया था। उसे कहा गया था कि ईडी पूछताछ में जो कहे, उसका समर्थन करो नहीं तो जेल में तुम्हारा खाना-पीना भी बंद हो जाएगा। इसपर विजय हांसदा से पूछा गया कि इस बात की जानकारी क्या किसी को दी गई थी? विजय ने कहा कि नहीं, उसने किसी को इस बात की जानकारी नहीं दी। सुनवाई के दौरान न्यायिक हिरासत में ईडी को




दिये गए विजय हांसदा के बयान की वीडियो फुटेज भी दिखाई गई। अब शुक्रवार को फिर विजय हांसदा का क्रॉस एग्जामिनेशन किया जाएगा। कोर्ट में पंकज मिश्रा के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा, प्रेम प्रकाश के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह मौजूद थीं जबकि ईडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार कोर्ट में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, दाहू यादव और उसके पिता पशुपतिनाथ भी आरोपित हैं।

# रांची शहर की कोई गली अंधेरे में नहीं रहे : नगर विकास सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने नगर विकास और जुडको की ओर से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की गुरुवार को समीक्षा की। समीक्षा के दौरान चौबे ने निकायों के प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शहर की कोई गली अंधेरे में नहीं रहे। उन्होंने जुपमी भवन के सभागार में अधिकारियों-पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिकायत के 48 घंटा के अंदर बल्ब को बदल दिये जाने का प्रावधान हैं। इस कार्य के लिए एजेंसी ईएसएल को नियुक्त किया गया है। जिस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट नहीं हैं वहां का प्रस्ताव बना कर विभाग को भेजा जाये। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा एवं इंडिया स्वच्छ लीग का उद्घाटन किया जायेगा जो दो अक्टूबर तक चलेगा। सचिव ने कहा कि विभाग के नगर निकायों में झारखंड म्यूनिसिपल सेवा के पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है। अधिकांश पदाधिकारी नये हैं, इसलिए यह बैठक परिचयात्मक है। वैसे आज भी पदाधिकारियों - अधिकारियों को टास्क दिया जायेगा, जिसे अगली बैठक में हर हाल में पूरा करके आना है। चौबे ने कहा कि यातायात को सुगम बनाने के लिए छोटे छोटे वेंडिंग जोन बना कर ठेला खोमचे वालों को सड़क से वहां स्थानांतरित किया जाये। नगर निकाय बस स्टैंड एवं टैक्सी स्टैंड के निर्माण के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजें। बस स्टैंड के निर्माण में यात्रियों के मूलभूत सुविधाओं को प्रावधान होना चाहिए।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने हिन्दी पखवाड़े की शुरुआत , अनिमेष जैन,मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) की अध्यक्षता में की ,इस दौरान सभागार मे उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों ने हिन्दी-प्रतिज्ञा ली जिसका उद्देश्य देश में हिन्दी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना है। इस मौके पर , जैन ने सभी कर्मचारियों को हिन्दी दिवस की बधाई दी और युगों-युगों से प्रचलित हिन्दी भाषा का



महत्व भी बताया उन्होंने कहा संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा हिंदी है एवं लिपि देवनागरी है। अतः राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति हमें और ज्यादा सचेत होने की आवश्यकता है। मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) ने कहा भारत सरकार के उपक्रम होने के नाते एनटीपीसी का भी यह दायित्व है कि, हम आमजन के हित में हिंदी भाषा में कार्यालयीन कार्य करें। जैन ने अपील कि कंप्यूटर व विभिन्न मोबाइल एप्स जैसे कि ई-मेल ,वाट्सअप, सोशल मीडिया पर भी हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें और कार्यालयीन कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और इस भाषा के प्रयोग में गौरव महसूस करें । हिंदी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे हिंदी टिप्पणी, राजभाषा प्रश्नोत्तरी, हिंदी पीपीटी प्रस्तुति और गृहिणियों और बच्चों के लिए कविता पाठ का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन कर्मचारियों द्वारा हिंदी हस्ताक्षर अभियान के साथ हुआ ।

# महानिबंधक के पास अपनी मांगों को रखेगा राजा पडहा सरना प्रार्थना सभा : संजय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजा पडहा सरना प्रार्थना सभा द्वारा प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय प्रवक्ता संजय पहान ने कहा कि सरना धर्म को सूचीबद्ध करने की मांग की इस संबंध में हमलोगो ने जनगणना महानिबंधक ,राष्टपति,प्रधानमंत्री , गृह मंत्री विपक्ष के नेता मल्लिकाअर्जुन खड़गे, राहुल गांधी, ममता बनर्जी समेत कई नेताओं से पत्राचार किया है ।इसी पत्राचार के आधार पर जनगणना महानिबंधक कार्यालय दिल्ली में 19 जुलाई को बैठक है आयोजित है जिसमें 12 सदस्य टीम धर्मगुरु बंधन



तिग्गा के नेतृत्व में जाकर अपनी मांगों को जनगणना महानिबंधक के पास रखेगी। इस मौके उन्होने कहा कि कभी हरे-भरे वनों, विविध वनस्पतियों, नदी-तालाबों से आच्छादित था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में बढ़ती आबादी और कंक्रीट के जंगलों में रांची कहीं खो सा गया है। अपनी उस रांधी को पुनः जीवित करने के लिए एक सार्थक सोच के साथ 17 सितंबर 2023 को, दिन रविवार समय 11:00 बजे हरमू देशावाली सरना स्थल में राजा पड़हा सरना प्रार्थना सभा, भारत व अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से, रांची में 10 लाख पौधा लगाने के, पांच वर्षीय जन उलगुलान की शुभारंभ की जाएगी। रांची की जनता आए हाथ बढ़ाएं आदिवासी समाज के सरना-मसना, हरगडी, देशावली और दूसरे धार्मिक स्थलों के साथ-साथ शहर के चप्पे-चप्पे में खाली पड़े स्थानों के साथ मैदानों और नदियों के किनारे पहाड़ों में पौधारोपण अपने पूर्वजों की स्मृति में करें।

# हिंदी भाषा के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में मिले रहे रोजगार : आयुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर गुरुवार को हिंदी दिवस समारोह और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित समारोह का विधिवत उद्घाटन दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त मनोज जायसवाल ने किया। आयुक्त ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने हिंदी भाषा के विशेषताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि एक समय था जब लोगों को हिंदी भाषी होने के कारण रोजगार के अवसर प्राप्त नहीं होते थे लेकिन वर्तमान में हिंदी भाषा को अपनी अलग पहचान मिल रही है। अब न केवल विभिन्न संस्थानों में हिंदी भाषा में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है, बल्कि लोगों को हिंदी भाषा के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार भी प्राप्त हो रहे हैं। विशिष्ट अतिथि उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि हिंदी भाषा एक मात्र ऐसी भाषा, जिसमें सभी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए पर्याप्त शब्द और स्वर व्यंजन की उपस्थिति है। उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने कहा कि वर्तमान समय में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के मिलेजुले प्रयोग ने हम सभी के जीवन पर प्रभाव डाला है। इसके कारण हम आज भी स्वतंत्र रूप से हिंदी को अपना नहीं सके हैं। अंग्रेजी और हिंदी भाषा दोनों का अपना विशेष महत्त्व है लेकिन अंग्रेजी भाषा पर अधिक निर्भर रहना हिन्दी भाषा के भविष्य के लिए सही नहीं हैं।

### राज्य सरकार सुनील तिवारी के हर कार्यों की जांच कराए और सच सबके सामने लाए झामुमो

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की ओर से सुनील तिवारी को लेकर चिंता जाहिर करने, केंद्र और राज्य सरकार को पत्र लिखकर सुरक्षा मांगे जाने पर कई गंभीर सवाल खड़े किये हैं। भट्टाचार्य गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

# लगातार दूसरी जीत के साथ टीम अजय और टीम शंख सेमीफाइनल में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में गुरुवार को टीम अजय और टीम शंख ने लगातार दूसरे मैच में जीत दर्ज कर मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में अपना स्थान बना लिया है। लगातार दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बने प्रमोद कुमार सिंह के दो गोल और राजेश कुमार सिंह के एक गोल की बदौलत टीम अजय ने टीम मयूराक्षी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर ग्रुप बी में टॉपर बनते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रमोद सिंह ने मैच के




14वें और 28वें मिनट में गोल दागा जबकि राजेश सिंह ने मैच के 37वें मिनट में गोल दागा। वहीं दूसरे मुकाबले में मुकाबले में शंख ने दामोदर को 2-0 से हराकर ग्रुप ए की टॉपर टीम बनते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। शंख की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच नूतन तिर्की ने मैच के 17वें मिनट में और रणजीत ने मैच के 29वें मिनट में गोल दाग शंख को सेमीफाइनल तक पहुंचाया। शुक्रवार को होनेवाले दोनों मुकाबले अब क्वार्टर फाइनल के तौर पर खेले जाएंगे, जो भी टीम जीतेगी उसे सेमीफाइनल में जगह मिलेगी। मैच की शुरूआत खेल प्रशासक जगदीश सिंह जग्गू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि खेल प्रशासक जगदीश सिंह जग्गू और खबर मंत्र के एमडी गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से दिया। दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जावेद अख्तर व धर्मेन्द्र गिरी ने संयुक्त रूप से दिया।

# आवास योजना के शेष बचे रिक्त 74 आवासों का आवंटन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तृतीय घटक लाइट हाउस प्रोजेक्ट अंतर्गत 19.07.2022, 10.12.2022 एवं 25.08.2023 को आनि मौजा, पंचमुखी मंदिर, धुर्वा में 1008 आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से तीन चरणों में किया गया था। चौथे चरण मे 14.09.2023 को ई-लॉटरी के माध्यम से शेष बचे रिक्त 74 आवासों का आवंटन किया गया। जिसमें सुयोग्य पाए गए 92 आवेदकों की सूची में 90 उपस्थित रहे एवं उसमें से 74 लाभुकों को आवास का आवंटन अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन की अध्यक्षता में ई-लॉटरी के माध्यम से संपन्न किया गया। लॉटरी की प्रक्रिया आज ऑनलाइन माध्यम से की गई जिसकी वीडियो फुटेज लाभुकों को लाइव दिखाई जा रही थी। ई-लॉटरी प्रक्रिया में सर्वप्रथम लाभुको के उपस्थित लाभुकों के नाम को randomize किया गया. फिर फ्लैट संखाओ को randomize किया गया. फिर दोनों सूची को जोड़ कर फाइनल आवंटन सूची तैयार की गई। नागरिकों की सहभागिता तथा लॉटरी प्रक्रिया में पारदर्शिता के मद्देनजर लाभुकों के



बीच 105 लाभुक प्रतिनिधित्व का चयन किया गया, जो की पूरी प्रक्रिया का अनुश्रवण कर रहे थे। आवंटन की पूरी सूची www.ranchimunicipal.com पर लॉटरी समापन के तुरंत बाद ही अपलोड कर दी गई, जिसे नागरिक स्वयं देख सकते हैं। मौके पर अपर प्रशासक श्री कुंवर सिंह पाइन द्वारा सभी लाभुकों को बधाई देते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तृतीय घटक लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत उन वर्गों के लोगों को लाभ दिया जा रहा है, जिनके पास पक्का मकान नहीं है, यह एक हर्ष का विषय है। निगम का उद्देश्य न केवल आवास आवंटन करना है, बल्कि उसमें सारी बुनियादी सुविधाएं हो, यह सुनिश्चित करना है। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि आवास आवंटन के पश्चात् लाभुकों के स्तर से जो भी कार्य किए जाने है उसे निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कर ले। मौके पर सहायक प्रशासक श्रीमती शीतल कुमारी, नगर प्रबंधक एवं च्ड । शाखा के कर्मी उपस्थित थे।

# हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

प्रभात मत्र सवाददाता

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक से सूचना मिली थी कि धुर्वा थाना क्षेत्र में गोल चक्कर के पास हथियार के साथ एक युवक है । इसकी सूचना मिलने पर पुलिस छापामारी की। जिसमें एक युवक पप्पू कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से देसी पिस्तौल और जिंदा गोली से बरामद किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि सूचना के आधार पर छापामारी की गई। घटना स्थल पर धुर्वा थाना प्रभारी विमल नंदन सिन्हा अपने पुलिस बल के साथ वहां पर पहुंची और फिर युवक



को पकड़कर पूछताछ किया । जिसके पास से हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किया गया । हालांकि अभी तक इसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा है। पुलिस का एक उद्देश्य है कि अपराध नियंत्रण पर है। कोई इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं या अवैध हथियार लेकर घूमते तो पुलिस उस पर अविलंब कार्रवाई करके जेल भेजगी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## पुरनाडीह में महावीर क्लब के द्वारा पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पुरनाडीह गांव मे न्यु महावीर क्लब डेम्बुआ के द्वारा पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टंडवा दक्षिणी की जिला परिषद सदस्य नेहा



उरांव और विशिष्ट अतिथि में बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी,उप मुखिया किरण कुमारी सहित अन्यअतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच।पिपरवार बनाम कर्मकट्टी के बीच खेला गया।इस मैच में कर्मकट्टी की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पिपरवार की टीम को सात गोल से पराजित किया।इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कर्मकट्टी टीम के हेमराज भोक्ता को दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन की सराहना की।वक्ताओं ने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए काफी अहम है।खेल से शारारिक और मानसिक विकास होता है।ग्रामीण इलाकों में खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा।इस मौके पर जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव,मुखिया सरिता देवी, उप मुखिया किरण कुमारी, भरत गंझू,सोमर गंझू, रामविलास गंझू,बाबूलाल उरांव,विनोद उरांव,सीकेश गंझू,विकास कुमार,अर्जुन उरांव,रवि उरांव सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और खिलाड़ी मौजूद थे।

## खेलों झारखंड प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजेन के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टंडवा प्रखंड क्षेत्र के वनांचल खेल मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में पिपरवार के बहेरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजेन के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते



हुए आठ पदक जीतकर पिपरवार कोयलांचल सहित विद्यालय का नाम रोशन किया हैं।इस प्रतियोगिता के प्रारंभ में बालक वर्ग के खिलाड़ियों के द्वारा 400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र सिकंदर उरांव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।वही 600 मीटर दौड़ मे अविनाश उरांव ने कांस्य पदक,200 मीटर दौड़ में विक्की कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया है।वही बालिका वर्ग में 100 मीटर में सुमन कुमारी ने कांस्य पदक 200 मीटर दौड़ में सपना कुमारी ने कांस्य पदक,400 मीटर दौड़ में सीता कुमारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया है।शॉट पुट प्रतियोगिता मे छात्रा प्रियंका उरांव ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।स्कूल के बच्चो दूारा इसप्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय सहित पिपरवार कोयलांचल का नाम रोशन करने पर प्राचार्य रूपनाथ उरांव,प्रमुख रीना कुमारी,बहेरा मुखिया रेखा देवी,समाजसेवी रमेश मुंडा, सचिन पासवान,सोनू गुप्ता, बालेश्वर उरांव,प्रदीप टाना भगत सहित कई लोगों ने बच्चों को बधाई दी है।

## हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल में दिनांक सितम्बर 2023 14 दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए निबंध, हिंदी बहस , हिंदी दिवस पर कविता,भाषण और कहानी कहने वाली एवं निबंध की प्रतियोगिता हुई जिसमें बच्चों ने



बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेषकर - राखी कुमारी क्व्द्वद्भश्चवर्ग कविता पाठन , भारती कुमारी छठा वर्ग आरती कुमारी नवम् वर्ग वैदही कुमारी नवम् वर्ग हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में प्रकाश डाले और रोशन कुमार दुशम् वर्ग व्यंगत्माक हिन्दी कविता की प्रस्तुति की। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक डॉ. अमर कुमार चौधरी एवं सचिव डॉ. कुमुद मेहता जो हिन्दी की प्रोफेसर हैं उन्होंने बताया कि 14 सितंबर 1949 को हिन्दी हमारे देश की अधिकारिक भाषा बनी थी ही साथ कहा कि हमें राष्ट्रभाषा का सम्मान करना चाहिए। प्रधानाचार्य एडवर्ड लुगुन ने बताया कि अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ हमें हिन्दी भाषा की ओर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर स्कूल के हिन्दी शिक्षिकाएँ रानी, नेहा और सुनिता के साथ -साथ अन्य शिक्षक - शिक्षिकाओं ने हिंदी दिवस को सफल बनाने में अपने महत्वपूर्ण योगदान दिए ।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस के अवसर पर कक्षा छः से कक्षा ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध में प्रथम स्थान प्रियांशी कुमारी,



दूसरा स्थान हाजरा परवीन तीसरा स्थान शाहिद अंसारी और चौथा स्थान शबनम चाहत रही। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पूजा कुमारी, प्रियांशी कुमारी,प्रेरणा कुमारी, युवराज साहु, मेघा रानी यादव अलग अलग प्रश्नोत्तरी में विजेता रहीं, विजेता प्रतिभागियों को स्कूल निर्देशक द्वारा पुरस्कृत किया गया। निदेशक कैलाश कुमार ने कहा की इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में हिंदी लिखने बोलने और सीखने की जिज्ञासा बढ़ती है और अपनी भाषा और संस्कृति से जुड़े रहते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी शिक्षिका सविता कुमारी, गायत्री देवी, सावित्री देवी, तारा देवी, अनिता कुमारी, आरती कुमारी, अंजू पाण्डे का अहम योगदान रहा।

## मुख्य मार्ग पर गड्ढा, कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मुरी रामगढ़ मुख्य मार्ग पर सिंगपुर चौक मातृछाया नर्सिंग होम के समीप मुख्य मार्ग के बीचों बीच जानलेवा गड्ढा हो गया है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बरसात के मौसम मे पानी भर जाने से गड्ढे का पता नहीं चल



पाता है जिससे वाहन चलाने वालों को काफी परेशानी होती है। इस मुख्य सड़क के किनारे नर्सिंग होम है जहाँ सैकड़ों मरीजों का आना जाना लगा रहता है एवं मुख्य मार्ग होने के कारण सैकड़ों छोटी बड़ी वाहनों का भी आना जाना लगा रहता है। प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का भी रोजाना इस सड़क पर आना जाना लगा रहता है। लेकिन किसी तरह का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। अगर इसी तरह छोड़ दिया जाए तो कुछ भी अप्रीय घटना घट सकती है।

## युवा कांग्रेस की टीम ने अड़की में तीन भाइयों के विवाद को लेकर की बैठक

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: युवा कांग्रेस की टीम ने जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में अड़की प्रखण्ड के अडकी ग्राम के ऊपर टोली में तीन भाईयो के विवाद को लेकर बैठक की मामले को लेकरअरुण संगा ने तीनों भाईयो को हिदायत दी की आपस में विवाद



ना करे और उन्होंने कहा जल्द ही उनके विवाद को अधिकारियों से बात कर सुलह तथा ग्राम पंचायत की सहमति से निपटारा करवा दिया जाएगा मौक़े में खूँटी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उसमान ख़ान, खूँटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान प्रखण्ड उपाध्यक्ष दसरथ पाहन, मुकेश ,सुमित और दर्ज़नों ग्रामीण मौजूद थें।

## एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी** : उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत सभी प्रखंडो में मिशन इंद्रधनुष, एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मुरहू प्रखंड के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सिविल सर्जन, प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, एमओआईसी, सीडीपीओ, स्वास्थ्य कर्मी, ए.एन.एम, क्क्ष्ख्र्न्न , स्न्न्न्न्, आयुष्मान भारत छ्वक्ष्, सेविकाएं,सहायिकाएं व अन्य उपस्थित थे।



इसमें मिशन इंद्रधनुष, एनीमिया मुक्त भारत एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके कार्य दायित्वों से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा जिले में 16 सितंबर से 5 अक्टूबर तक घर घर टीकाकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है।

इस प्रशिक्षण में सभी सहियाओं, सेविकाओं, एएनएम एवं नोडल शिक्षक उपस्थित रहे।

मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम की सफलता को लेकर इसकी पूर्ण जानकारी दी गई। इस अभियान में एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं हो, इसका ध्यान रखा जा रहा। यह टीकाकरण 0 वर्ष से 2 वर्ष तक के बच्चों को एवं 5 वर्ष तक छूटे हुए बच्चों को देना है। दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर तक है।

इसके अतिरिक्त बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन 20 सितम्बर, 2023 को सभी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में तथा छूट गए बच्चों हेतु मॉप-अप दिवस दिनांक 29 सितम्बर, 2023 को आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के क्रियान्यवन की रणनीति के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कृमि नियंत्रण की दवाई बच्चों और बड़ों के लिए सुरक्षित है एल्बेंडाजॉल आसानी से चबा कर खाने वाली गोली है।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर करकट्टा दुर्गा मंडप प्रांगण में हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी** : करकट्टा दुर्गा मंडप प्रांगण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर पूजा समिति के सदस्यों की बैठक हुई. अध्यक्षता फुलेश्वर यादव ने की. बैठक विगत वर्ष की आय-व्यय का ब्यौरा दिया गया. वहीं पूर्व की भांति दुर्गापूजा समिति कमेटी को यथावत रखते हुए नए सदस्यों को शामिल किया गया. इसके बाद सर्वसम्मति से हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा, रावण दहन व काली पूजा मनाने का निर्णय लिया गया. पूजा समिति में विशिष्ट संरक्षक राजकिशोर राम, इंद्रजीत सिंह, संजय कुमार दत्ता, तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, विनय खलखो, जनेश्वर सिंह एवं शशि भूषण सिंह, संरक्षक कामता सिंह, रामेश्वर सिंह, सुनील सिंह, सीपी पासवान, महावीर उरांव,



हृदयानंद प्रसाद, सुरेंद्र सिन्हा, भगवान सिंह, अशोक राम, अशोक सिंह, रतिया गंझू, राजीव कुमार वर्मा, दिनेश पाण्डेय घंटू, उपेंद्र , रॉबिन कर, आरपी केशरी, आशीष शर्मा, उपसंरक्षक हरेश सिंह, सरोज यादव, मनोज चौधरी, मनोज यादव एवं विनोद मिश्रा, अध्यक्ष फुलेश्वर यादव, कार्यकारी अध्यक्ष शिवनारायण प्रजापति, अनिल पासवान, जनेश्वर पासवान, उपाध्यक्ष विनय सिंह चेरो, रविंद्र नाथ पासवान, उमेश कुमार, जीतन देव गंझू एवं रविंद्र पासवान, सचिव संजीव रंजन सिंह पिंटू, सह सचिव शैलेंद्र प्रसाद, अरुण सिंह, संतोष सिंह, प्रदीप कुमार पांडे, राहुल कुमार साव, अभिमन्यु कुमार गुप्ता, चंद्र भूषण सिंह एवं नीरज सिंह, कोषाध्यक्ष विकाश सिन्हा व सह कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, सुजीत कुमार के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में चितरंजन सिंह, उदय सिंह, गौरव सिंह, विशाल पासवान, सत्यम सिंह, शिवम सिंह, सुंदरम सिंह, सन्नी सिंह, सतीश सिंह, गोलू, आयुष, आशीष कुमार, अंशु, चिंटू, राजेश सिंह अनिल साव, नरेंद्र साव, रितेश साव, गुड्डू साव, सुमंतो दत्ता, हर्ष प्रजापति, अनीश चौहान, राजेश गंझू, सुमित सिंह, अमित कुमार, रमेश मेहता, अशोक राम, मनीष सिंह, मितेश सिंह, विकेश सिंह, मनोज यादव, किशन सिन्हा, आयुष सिन्हा, अंकित सिन्हा, राजू राम, सुमन, दीपू, पवन, विकास, छोटू का नाम शामिल हैं.

## पिपरवार कोयलांचल में मनाया गया राष्ट्रीय हिंदी दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार** : सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गुरूवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस मौके पर कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपूर में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर निबंध, लेखन,कविता,भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में कक्षा एक से लेकर कक्षा दसवीं तक के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।जिसमें निर्णायक की भुमिका हिंदी शिक्षक आलमगीर अंसारी और



गौरव कुमार नायक थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है।उन्होंने बच्चों से बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य ताका नारो जमीर,उप प्राचार्य विलासनी राज,निदेशक मोहम्मद साहिल, शिक्षक आलमगीर अंसारी, पिंटू कुमार, अजय कुमार, भागीरथ कुमार, वारिस,गौरव कुमार नायक, वसीम अकरम, लवकुश कुमार, उमेश कुमार, मिस जीनत, शाजिया, श्रुति प्रिया,सुषमा कुमारी,मंजू विश्वकर्मा,अंजु बैक,रिफत मैम सहित सभी बच्चे मौजूद थे। इधर डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में हिंदी दिवस मनाया गया।विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने हिंदी के महत्व और इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।प्राचार्य राजीव रंजन झा ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारी संस्कृति की पहचान है।हिन्दी मे संस्कृत और उर्दू के शब्दो का भाषा मेल है।हिन्दी भाषा हमारे देश के संस्कार और संस्कृति के लिए जरूरी है।

## मांडर प्रखंड में डालसा ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर** : मांडर के प्रखंड सभागार में सिंदवार टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय रांची और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन नई दिल्ली एव जिला विधिक सेवा प्रधिकार रांची के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय सरकारी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों के साथ बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री सुलेमान मुंडरी ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण का मुद्दा काफी ज्वलन्त है। बच्चों को सुरक्षित रखना हम सबो की जिम्मेदारी है। आप सभी लोग बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल यौन शोषण की घटनाओं की जानकारी हमे दे मैं कार्यवाही करुगा। संस्था के सचिव श्री राजेन कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एव ग्रामीणों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करना है ताकि प्रत्येक होने वाले बाल विवाह, बाल तस्करी एव बाल यौन शोषण को रोका जा सके। प्रखंड स्तर पर





प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, पंचायत सचिव को बाल प्रतिषेध पदाधिकारी बनाया गया है। जिनकी जिम्मेदारी बाल विवाह को रोकना है।

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कई विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो** : बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में गुरूवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम प्रखंड के मुरतो पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पुस्तकालय भवन का शिलान्यास किया। इस पुस्तकालय भवन के निर्माण होने से स्कूली बच्चों को स्कूल ज्ञान के साथ साथ बाहरी जानकारी प्राप्त करने के लिए दूसरे दूसरे किताब पढ़ने का मौका मिलेगा, जिससे बच्चे अपने ज्ञान का विस्तार कर पायेंगे। विधायक ने स्कूल के प्राचार्य को स्कूल सम्बन्धित विषय को लेकर कुछ दिशा निर्देश दिये और उसपर जल्द सुधार करने को कहा। इसके पश्चात करकरी पंचायत के खड़देवरी गांव स्थित



खड़देवरी नदी में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह पुल साढ़े तीन करोड़ के लागत से बनाया जाना है। मौके पर विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुल निर्माण कार्य पूर्ण के उपरांत दो गांव की नजदीकियां बढ़ेगी और आवागमन में किसान को बहुत ज्यादा सुविधा मिलेगी। अपने गांव में विधायक को देखकर ग्रामीण काफी खुश थे। गांव की समस्या को समझते हुए बड़ी योजना को उतरने के लिए ग्रामीणों ने अपना आभार व्यक्त किया। मौके पर जिला परिषद बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मोद्दसीर हक, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, मन्कु कुजूर, मो0 समशाद, सिल्वेस्टार तिर्की सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डीएवी खलारी में मनाया गया हिंदी दिवस

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: डी ए वी स्कूल खलारी में राष्ट्रीय हिंदी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया . विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने सभी शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का



शुभारंभ किया .मौके प्राचार्य ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा के साथ साथ राजकीय भाषा भी है . यह जन जन की भाषा है . यह समाज के लोगों को जोड़ने का काम करती है . आज हिंदी एक वैश्विक भाषा बन रही है .इस मौके पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी . विद्यालय के हिंदी शिक्षक कुलदीप शर्मा ने कहा कि हिंदी भाषा हमें सम्मान एवं समृद्धि देती है.हमारे देश में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं अर्थात् भारत एक बहुभाषी देश है . उन्होंने कहा कि हिंदी ने हमें पूरे विश्व में हमें पहचान दिलाई है . हिंदी शिक्षक सुभाष शैलेंद्र ने भी अपने विचार व्यक्त किये उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी स्वतंत्रता सेनानियों की हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की इच्छा अधूरी है . उन्होंने इस बात पर चिंता जाहिर की कि हिंदी देश की राजभाषा ही बन पाई है, राष्ट्रभाषा के लिए अभी भी मन से प्रयास नहीं हो रहे हैं . राष्ट्रीय हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों के बीच एक निबंध प्रतियोगिता भी करवाई गई. सामाजिक विज्ञान के शिक्षक अभिजीत सिन्हा एवं कक्षा छह की रिचा रंजन ने भी इस अवसर पर अपनी भावनाएँ व्यक्त की . इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे .

## वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण संपन्न

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खलारी प्रखंड अंतर्गत राजीव गांधी सेवा केंद्र भवन में अंतिम दिन गुरुवार को तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ. जिसमें बैच 02 के चार पंचायत लपरा, मायापुर,



बुकबुका एवं खलारी के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को तीन दिन प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सत्र 09 में सामाजिक मुद्दे के ऊपर डोकमेंट्री दिखाया गया, सत्र 10 में ग्राम पंचायत के कार्यो का आकलन हेतु चयनित थीम के पंचायत स्तरीय संकेतो को बतलाया गया, सत्र 11 वार्ड सदस्य का मासिक भत्ता, दैनिक भत्ता एवं यात्रा भत्ता के बारे में बताया गया. इसके बाद सत्र 12 में वार्ड सदस्य को शसक्त बनाने हेतु स्वयं की कार्ययोजना का निर्माण करना एवं प्रस्तुतिकरण करना बताया गया. अंत मे मास्टर ट्रेनर के द्वारा सभी सत्रों का संक्षिप्त जानकारी देकर सत्र को समाप्त की गई.इस कार्यक्रम में अजीत कुमार सिन्हा, असित कुमार, पुतुल देवी, तेजी किस्पोट्टा, पुष्पा खलखो, पंकज कुमार ठाकुर, देवानंद देवेश एवं विवेक कुमार रजक आदि उपस्थित थे.

## टाटीसिल्वे थाना ने की अच्छी पहल

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टाटीसिल्वे थाना के थाना प्रभारी महेंद्र करमाली के द्वारा इन दिनों लगातार टाटीसिल्वे, आदर्श नगर, महिलोंग, सेंटोरियम, आरागेट इत्यादि क्षेत्रों मे लगातार गस्त कि जा रही है। जहाँ भी अड्डे बाजी हो रही है वहाँ से खदेड़ कर भगाया जा रहा है। थाना प्रभारी का भी सखत निर्देश है कि कही भी अद्देबाजी दिखे तुरंत थाना को सूचना दे। इस कार्य को देखते हुए यहाँ शांति समिति के सदस्य गण, प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाज सेवी प्रसंशा कर रहे है।


झारखण्ड सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–16 / 2023–24

1.विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।

2.विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

3.परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 21.09.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।

4.निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 22.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।

5.निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 22.09.2023 को अपराह्न 3.30 बजे ।

6.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची।
2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।

7.निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

8.कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of water supply by New Connection with installation of water Tank at Qt. No-C1, Block-3, Audrey House and Replacement of damaged water storage Tank & its allied work at Qtr. No-301, Block-D, Ratu Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 150312.00 | 4000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 2. | Replacement of damaged water storage tank and UPVC Pipe and its fittings with water supply arrangements at Qtr. No-36 & 40 Judge Colony Kanke Road under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 179782.00 | 4000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 3. | Replacement of filter Media of 1No 2000 LPH Iron and Turbidity Removal filter plant with Multiple valve and necessary W/S pipe and its allied work at officer's flat No-07 Dindayal Nagar Booty Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 263338.00 | 6000.00 | 750.00 | 07 Days |
| 4. | Replacement of filter Media of 1 No 2000 LPH (Double Vessel 16" x 65") Iron and Turbidity removal filter plant with Multiple valve and necessary W/S pipe and its allied work at Hon'ble Minister Schedule Cast, Schedule Tribe, Backward Class Welfare department ( Except Minority Welfares) and transport Department Minister Government of Jharkhand under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 302693.00 | 7000.00 | 750.00 | 07 Days |
| 5. | Supplying & Installation of Iron Removal Plant (FRP) at DGP (Rail) Jharkhand Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 306941.00 | 7000.00 | 750.00 | 07 Days |
| 6. | Replacement of damaged HDPE water storage Tank & Improvement of W/S arrangement and its allied works at Hon'ble Minister Department of Labour, Employment & Training Government of Jharkhand Residence Qrt. No-5 Ratu Road and Hon'ble Ex. Deputy CM Residence-05 Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 316984.00 | 7000.00 | 750.00 | 07 Days |
| 7. | Repairing and Overhauling of 2000 LPH Iron cum Turbidity Removal filtration Plant, Carbon with Multiple Valves & necessary water supply pipe line and its allied work at IAS Quarter No-D/1, DinDayal Nagar Buti Road, Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 468085.00 | 10000.00 | 750.00 | 07 Days |
| 8. | Construction and renovation of toilet room, improvement of W/S, S/I, & Sewerage work at near Store Room, Ground Floor, Fast Track Court, Civil Court, Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 520565.00 | 12000.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 9. | Construction of 200mmX165mmX260.00M deep HYDT with installation of 2.00HP Submersible Pump Motor & its allied works for water supply arrangement block No- 6&7 Audrey House Premises area under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 800833.00 | 17000.00 | 1250.00 | 10 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापद् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.306956 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## साकची आमबगान मैदान में जमशेदपुर एक्सपो का हुआ उद्घाटन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पी आर इंटरप्राइजेज, थिंक अनलिमिटेड दिल्ली द्वारा और आसि नेलसा इवेंट्स के सहयोग से 14 से 26 सितम्बर 2023 तक आमबगान मैदान, साकची, जमशेदपुर में आज उद्घाटन सम्पन्न हुआ। उक्त उद्घाटन डीएसपी पीसीआर, सीसीआर हेड क्वार्टर 2 ट्रैफिक के अनिमेश गुप्ता, सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, सिख भाजपा नेता सतबीर सिंह सोमू, जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष रविश रंजन, एवं अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से हुआ। उक्त अवसर पर एक्सपो के आयोजकों ने बताया कि एक ही छत के नीचे बी2बी और बी2सी बिज़नेस ट्रेड शो में उद्यमी 250 से अधिक स्टाल्स लगाये हैं। एक्सपो में 150 से अधिक व्यापारिक और औधोगिक संगठन भागीदारी निभाएंगे, इसके साथ ही व्यापारियों को एक-दूसरे के व्यवसाए को जानने और समझने का अच्छा मौका होगा। इस ट्रेड फेयर अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय के करीब 250 स्टाल लगे हैं। डायरेक्टर इवेंट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस ट्रेड फेयर में विभिन राज्यों के फ़ूड स्टाल के साथ ही बच्चों के लिए विभिन प्रकार के झूले लगे हैं। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से अतिथियों के अलावा संजय श्रीवास्तव, महेश योगी, विकाश सिंह, रितेश सिंह, फ़िरोज़, अशोक कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## भाकपा कार्यकर्ताओं ने पटमदा प्रखंड मुख्यालय में किया प्रदर्शन, सीएम के नाम 19 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पटमदा लोकल कमेटी की ओर से सचिव मनसाराम महतो के नेतृत्व में गुरुवार को पटमदा प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री के नाम पर बीडीओ को 19 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। मौके पर भाकपा के जिला सचिव सह झारखंड प्रदेश राज्य कार्यकारिणी सदस्य अंबुज कुमार ठाकुर, कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ साथी आरएस राय, जय शंकर प्रसाद, गणेश दास, हीरा अरकने , पटमदा लोकल सचिव मनसाराम महतो, परेश मंडल, एआईएसएफ के जिला सचिव मुकेश रजक, पटमटा क्षेत्र से भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं नौजवान सदस्य मौजूद थे। मांगों में मुख्य रूप से बनकुंचिया एवं अपो गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता को रोकने व मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने, पटमदा के कोल्ड स्टोरेज को चालू कराने, तहसील कचहरी में कर्मचारियों के नियमित बैठने, मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग की निधि से संचालित योजनाओं के बकाया मजदूरी का भुगतान करनेआदि मांगें शामिल हैं।

## ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत विभाग का छापा, छह लोगों पर किया गया केस दर्ज

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली विभाग की ओर से चक्रधरपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में छापेमारी कर पांच लोगों पर कार्रवाई की गई. छापेमारी दल में बिजली विभाग के कनीय अभियंता अजय हंस, तकनीकी सहायक बादल प्रकाश के अलावे अन्य कर्मचारी मौजूद थे। बिजली विभाग द्वारा की गई छापेमारी के तहत चक्रधरपुर की केरा पंचायत के विभिन्न गांव में चार व कुदलीबाड़ी में एक व्यक्ति द्वारा बिजली चोरी कर उपयोग कर कार्रवाई की गई. सभी के ऊपर बिजली विभाग द्वारा जुर्माना किया गया। साथ ही चक्रधरपुर थाना में सभी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है. छापेमारी दल में बिजली विभाग के कर्मचारी बसंत महतो, महेश्वर महतो एवं अन्य मौजूद थे.

## हलुदबनी में झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने श्राद्धकर्म के लिए सूखा राशन देकर किया सहयोग

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड की मुकरुडीह पंचायत के हलुदबनी निवासी तुलसी कुमार महतो के पिता के श्राद्धकर्म हेतु झामुमो के युवा नेता महाबीर मुर्मू ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को उनके घर पहुंचकर सूखा राशन सामग्री देकर सहयोग किया। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। मौके पर उनके साथ विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, मनोज तांती, मानिक महतो व दुर्गा प्रसाद हांसदा आदि उपस्थित थे।



## सोनारी में भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया मेरी माटी, मेरा देश अभियान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत सोनारी मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष सरीता लाल के अध्यक्षता में सोनारी पंचवटी नगर के शिव मंदिर एवं तीलोभट्टा बस्ती काली मंदिर से घर घर जा कर माटी संग्रह की गई। कार्यकर्म में मुख्यरूप से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति अधिकारी ,मंडल के महामंत्री नारायण प्रसाद, प्रभारी लीना चौधरी,अरविंदर कौर,नेहा साहू, कविता मुंडा, अनिता देवी, शुशीला देवी, एवं सभी सम्मानित मंडल महिला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद रहे।



### स्वास्थ्य मंत्री ने पूर्वी सिंहभूम जिले से किया राज्य स्तरीय प्रखंड स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या कराने में सरकार प्रयासरत : बन्ना गुप्ता

*आयुष्मान कार्ड 2.79 करोड़ लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य, जिसमे 1.22 करोड़ लोग हुए लाभान्वित*





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य स्तरीय प्रखंड स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ पूर्वी सिंहभूम जिला के गांधी मैदान, मानगो से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा किया गया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्तियों तक स्वास्थ्य की सुविधा सरलता एवं सुगमता के साथ मुहैया करवाने के लिए झारखंड सरकार लगातार प्रयासरत है । प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन उसी महत्वाकांक्षी पहल का एक माध्यम है। आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य 02 करोड़ 79 लाख लोगों तक पहुंचाने का है जिसके अंतर्गत अभी तक 01 करोड़ 22 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। मंत्री ने जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली सहिया दीदियों के कार्यों की सराहना की तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े स्वास्थ्य कर्मी को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने पीसी एंड पीएनडीटी के तहत किए गए कार्यों की भी सराहना की और कहा कि इसको और मजबूती के साथ लागू करने का प्रयास किया जाना है। कहा, डेंगू और चिकनगुनिया के बढ़ते प्रभाव को कम करने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है, इस पर उन्होंने बताया की राज्य स्तर पर इसको लेकर सभी आवश्यक कदम उठाये गए हैं। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहिया को सम्मानित किया गया। मंत्री ने स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य सेवाएं एवं जांच के उद्देश्य से बनाए गए विभिन्न स्टॉल का भी जायजा लिया। जहां उन्होंने उपस्थित कर्मियों से कहा कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ दें, जांच के पश्चात लोगों में अगर किसी बीमारी का पता चलता है तो उनका उपचार कराना भी सुनिश्चित किया जाए। विदित हो कि 14 सितंबर 2023 से 18 सितंबर 2023 तक प्रखंडों में स्वास्थ मेला आयोजित किया जा रहा। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी तथा जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हिंदी भाषा देश के लोगों को एक सूत्र में पिरोती है : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के अध्यक्षता में हिंदी दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सहित उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अपर उपायुक्त एवं विभिन्न विद्यालय की छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपसमाहर्ता सामान्य शाखा प्रियंका प्रियदर्शी द्वारा किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि हमारा देश भारत विविधताओं से भरा देश है। हिंदी भाषा है जो देश के सभी लोगों को एक सूत्र में पिरोती है। हिंदी दिवस के अवसर पर जिला के सभी अनुमंडल एवं प्रखंडो में कार्यक्रम आयोजित कर हिंदी भाषा में विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गई। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा कविता,निबंध लेखन एवं शिक्षकों द्वारा व्याख्यान सत्र कार्यक्रम में भाग लिया गया। कार्यक्रम में सभी सत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को क्रमवार प्रशस्ति पत्र एवं उपहार बॉक्स प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## बीआरसी में 228 बच्चों का हुआ नेत्र जांच, 40 बच्चें चिन्हित

**खरसावां :** जिला अंधापन समिति के द्वारा गुरुवार को कुचाई प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय की कक्षा 6 से लेकर 12 तक के बच्चों की नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र सहायक डॉ गोपीनाथ एवं डॉ ललित मोहन सिंह ने 228 बच्चों की निशुल्क नेत्र जांच की जिसमें चश्मा की आवश्यकता हेतु 40 बच्चों को चिन्हित किया गया। इन 40 बच्चों को चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी बीपीओ,नाथो महतो कृष्णा मोहन महतो, फिजियोथैरेपिस्ट आदित्य कुमार, आदि थे।

## दादी मंदिर मे भादो मास अमावस्या पूजा धूमधाम से संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरूवार को जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर मे हर साल की तरह इस साल भी भादो मास अमावस्या को उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धा और विश्वास के साथ भादो अमावस्या पर झुंझुनू वाली श्री राणी सती दादी जी की विशेष पूजा सुबह 06.30 बजे से शुभारंभ हुई। मंदिर के पुजारी बिमल पाण्डेय ने पूजा करायी। भादो अमावस्या पर मंदिर में पूजा एवं दर्शन के लिए दिन भर दादी भक्तों का आना-जाना लगा रहा। जिससे मदिर में मेला जैसा माहौल बना रहा। सारे दिन पूजा एवं जात का धार्मिक कार्यक्रम चलता रहेगा। संध्या 6.20 पर आरती की गयी। रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन का शुभारंभ हुआ, जो रात लगभग 10 बजे तक चला।

## करीम सिटी कॉलेज में द्विदिवसीय अपरेन्टिसशिप सह रोजगार मेला का आयोजन

**टाटा मोटर्स, टाटा स्टील सहित पच्चास से अधिक कंपनियां ले रही भाग**

**रोजगार मेले में तीन हजार से अधिक बी. ई., डिप्लोमा एवं सामान्य ग्रजुएट युवकों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज (साकची) में द्विदिवसीय अपरेन्टिसशिप सह रोजगार मेला का आयोजन वाणिज्य संकाय ने द बोर्ड ऑफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ईस्टर्न रीजन) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, अशोका स्काई मेटलस प्रा. लि., जेसीएसीपीएल सहित पच्चास से अधिक कम्पनियाँ भाग ले रही हैं। जिनमें तीस कम्पनियां पहले दिन और बाकी दूसरे दिन भाग लेंगी। इस रोजगार मेले में तीन हजार से अधिक रोजगार के इच्छुक बी. ई., डिप्लोमा एवं सामान्य ग्रजुएट युवकों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया जो इन दो दिनों में अपनी पसन्द की कम्पनियों में साक्षातकार देंगे। आज पहले दिन लगभग बारह सौ युवकों ने साक्षात्कार दिया। इस रोजगार मेले का उद्घाटन समारोह कॉलेज ऑडिटोरियम में पूर्वाहण ग्यारह बजे आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. जयन्त शेखर उपस्थित हुए। उनके अलावा श्री के. चन्द्रा मौली (सहायक निदेशक, व्यावहारिक प्रशिक्षण बोर्ड, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। कॉलेज के प्राचार्य डा. मोहम्मद रेयाज ने अतिथियों तथा विभिन्न कम्पनियों से आए हुए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। के चन्द्रा ने बताया कि भारत सरकार नेशनल अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिंग स्कीम चला रही है जिसके तहत अप्रशिक्षित स्नातक तथा डिप्लोमा वाले युवकों को अलग अलग कम्पनियों में एक साल का प्रशिक्षण मुहैया कराया जायगा जिसमें उन्हें स्टाइपेन के साथ साथ प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा और एक के साल के प्रशिक्षण के बाद उनकी नियुक्ति स्थाई तौर पर की जाएगी। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष और नोडल ऑफिसर नैट्स डा. मोहम्मद मोअज्जम नज़री ने बताया कि छात्रों के बीच प्रशिक्षण का होना अनिवार्य है। मंच का संचालन डा. ज़की अख्तर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. फौज़िया तबस्सुम ने किया ।

## पीडीएस दुकानों पर किया गया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सरायकेला मृत्युंजय कुमार द्वारा गुरुवार को शिव शक्ति महिला समूह टेंटोपोसी, नारायणपुर के राशन दुकानदार एवं ऊपर दुगनी के राशन डीलर के केंद्र पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में शिव शक्ति महिला समूह टेंटोपोसी का दुकान बंद पाया गया जिस कारण उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गई। उपरदुगनी पंचायत के राशन डीलर के केंद्र पर निरीक्षण में अनियमितता ज्ञात हुई। जिस संबंध में स्पष्टीकरण की मांग की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि आगे भी इस प्रकार औचक निरीक्षण जारी रहेगी ताकि लाभुकों को उनके हक़ अनुसार उचित रीति से खाद्यान्न का आवंटन हो सके।

## गोपाल मैदान में कंज्यूमर एक्सपो आज से शुरु

**अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय के करीब 250 से अधिक स्टॉल लगेंगे, विभिन्न राज्यों के फूड के साथ मनोरंजन कार्यक्रम का ले आनंद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मिडिया मार्ट एवं एप्पल साइन ग्राफ़िक्स द्वारा संयुक्त रूप से आगामी 15 सितम्बर से शुरु होने वाले कंज्यूमर एक्सपो की सारी तैयारियां पुरी हो चुकी है एवं भव्य उद्घाटन के लिए तैयार है। उक्त फेयर के मार्केटिंग पार्टनर काईजेन असोसिएट्स हैं। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक आमोद मिश्रा एवं सुमित खुराना ने संयुक्त रूप से कहा कि कंज्यूमर एक्सपो में अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय के करीब 250 से अधिक स्टॉल लगेंगे, जिनमें ऑटोमोबाइल, फर्नीचर्स, होम एप्लायंसेज, होम डेकॉर, बैंकिंग एंड फाइनेंस, इंटीरियर्स, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, हेंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम, एजुकेशन कंसल्टेंसी, इंडस्ट्रीज, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी एंड फैशन प्रोडक्ट्स, सैलून एंड स्पा, हेल्थ एंड फिटनेस, टूरिज्म, टेक्सटाइल्स, फुटवियर, कंस्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल फोन्स, कम्प्यूटर्स, एफएमसीजी इत्यादि के स्टॉल लगेंगे और साथ ही इसमें अफगानिस्तान, थाईलैंड, बंग्लादेश, नेपाल के भी स्टॉल शामिल होने की संभावना है। मौसम को देखते हुए ट्रेड फेयर में इस बार वाटरप्रूफ एवं वातानुकुलित टेंट लगाया जा रहा है। इस ट्रेड फेयर में विभिन्न राज्यों के फूड स्टॉल लगेंगे, साथ ही बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगेंगे, प्रतिदिन मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमे गेम शो, फैशन शो, पेंटिंग कॉम्पटीशन, डांस और सिंगिंग कॉम्पटीशन रखा जायेगा, रोजाना लकी ड्रॉ के माध्यम से अनेक इनाम दिए जायेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से वीर बहादुर सिंह, प्रमोद जेना, आकाश यादव, राहुल, संतोष, घनश्याम दास, प्रभात किशोर, अजय चौहान, गृह लक्ष्मी के संस्थापक अनुराग सिंह, टैरोट रिडर प्रिया अग्रवाल, गिरिजा फ़ूड्स के संस्थापक वी के चतुर्वेदी, क्रिएटिव लैंड डेवलपर्स के सुबोध कुमार, नेशनल इलेक्ट्रॉनक्स के विशाल सिंह के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## दो युवकों की नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत, चौबीस घन्टो के बाद मिला शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चांडिल :** चांडिल थाना के कान्दरबेड़ा सुवर्णरिखा नदी महादेव घाट में कल दोपहर से लापता दो युवकों की नदी के गहरे पानी में स्थानीय गोताखोर के द्वारा काफी मशक्कत के बाद आज गुरुवार को शव को खोज निकाला। बता दें कि एक युवक मानगो सुभाष कॉलोनी निवासी कुणाल सिंह एवं सिदगोड़ा बारा फ्लैट का रहने वाला उसका साथी शिवम का कल दोपहर लगभग 2ः00 बजे कांदरबेड़ा के स्वर्ण रेखा नदी में डूब जाने की आशंका के आधार खोजबीन चल रहा था। जानकारी पर चांडिल पुलिस ने गुरुवार को सुबह से ही स्थानीय गोताखोर द्वारा खोजबीन जारी करवाया और नदी के गहरे पानी मे काफी देर तक छानबीन के बाद दोनो की शव को निकाला। चांडिल पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर हॉस्पिटल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को कुणाल केएमपीएम विद्यालय अपने घर से पढ़ने गया था। दोपहर 1:00 बजे जब वह घर नहीं लौटा तो उसकी मां ने कुणाल के मोबाइल में लगभग 2:00 बजे संपर्क किया। कुणाल का फोन कपाली थाना के प्रभारी ने उठाकर परिजनों को थाना बुलाया और जानकारी दी थी उनके बेटे का कपड़ा, मोबाइल फोन और स्कूटी चांडिल क्षेत्र के कांदरबेड़ा नदी के किनारे मिला है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों स्कूटी में नदी किनारे घूमने आया था। स्कूटी को नदी के किनारे रखकर नहाने के दौरान दोनो डूब गया और दोनो की मौत हो गई। प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया था लेकिन नही पहुंची। ज्ञात हो कि कुछ दिन के भीतर सात सितंबर को भी एक युवक डुबक कर अपने जान गवाई है ये लगतार एक सप्ताह के अंदर दूसरी बड़ी घटना है।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना देश भर के साथ पूर्वी सिंहभूम में 17 को होगी लॉन्च, केंद्रीय राज्य मंत्री होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना 17 सितंबर को पूरे भारत में 70 स्थानों पर लांच किया जाएगा जिसमें पूर्वी सिंहभूम जिला भी शामिल है। इस अवसर पर सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय एल मुरुगन शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गयी। अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र शिव कुमार, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी किशोर प्रसाद, एलडीएम एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला के सभी प्रखंडों से शिल्पकारों की भागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया। योजना के तहत लाभार्थियों को रियायती ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री कारोबार विकास लोन के अलावा, ई-वाउचर या ईआरयूपीआई के माध्यम से टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में सभी को 15 हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, कारीगरों को हर महीने अधिकतम 100 ट्रांजेक्शन के लिए हर ट्रांजेक्शन पर 1 रुपये का प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। कारोबार को शुरू करने और उसे विस्तार करने के लिए यह योजना 1 लाख लोन पहले चरण में देती है। वहीं दूसरे चरण के दौरान कामगारों को यह योजना 2 लाख तक का रियायती लोन प्रोवाइड कराता है। इस योजना के तहत 18 तरह के कामगारों को शामिल किया गया है।

**किसे मिलेगा लाभः** इस योजना से लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूलों का काम करने वाले, मछली का जाल बुनने वाले, ताला-चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार आदि को लाभ दिया जाएगा। साथ ही कुछ अन्य क्षेत्र के श्रमिकों को भी इसका लाभ दिया जाएगा।

**5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर मिलेगा ऋ ण:** योजना के तहत पहले चरण में एक लाख रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा। इसपर ब्याज की दर ज्यादा से ज्यादा 5 फीसदी होगी। उसके बाद दूसरे चरण में योग्य कामगारों को 2-2 लाख रुपये का रियायती कर्ज दिया जाएगा। साथ ही इन कारीगरों ओर शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और पहचान पत्र भी दिए जाएंगे। वहीं आधुनिक उपकरण खरीदने के लिए 15 हजार रुपये की मदद भी दी जाएगी।

**लाभ पाने के लिए शर्तः** कामगारों के लिए सरकार ने इस योजना के तहत पांच साल की अवधि के लिए 13,000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस योजना के तहत न्यूनतम आयु 18 साल रखी गई है। परिवार के एक ही सदस्य को इस योजना का लाभ मिलेगा। आवेदन करने वालों को स्व-घोषणा पत्र भी देना होगा।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन व उत्खनन की रोकथाम को लेकर बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई।उन्होंने कहा माननीय एनजीटी न्यायादेश के अनुसार मानसून सत्र दिनांक 10 जून, 2023 से 15 अक्टूबर, 2023 तक की अवधि में नदीघाटो से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। किसी भी परिस्थिति में नदी घाट से बालू के उठाव मामले को बर्दास्त नहीं किया जाएगा जिला खनन टास्क फोर्स एवं अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स सक्रिय मोड में रहकर जिले में बालू के उठाव पर नियंत्रण लगाने हेतु 24म7 औचक जांच अभियान चलाएं। नदी घाट से अगर कोई भी बालू का उठाव करते पकड़ा जाता है तो वाहन, वाहन चालक एवं संलिप्त लोगों पर अविलंब नियमानुसार कार्रवाई करें। आगे उन्होंने उपस्थित सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधि को कहा परियोजना से चलने वाली कोयला लोड वाहन में वाहन चालक के पास ट्रांसपोर्टिंग चलान रहे यह सुनिश्चित करें।बैठक में सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास चतरा द्वारा जानकारी दी गई कि पूर्व में सी0सी0एल0 चतरा को निदेशित किया गया कि सभी कॉटाघरो का नियमित सत्यापन कराएंगे तथा सत्यापन रिपोर्ट की हॉर्ड कॉपी जिला खनन कार्यालय, चतरा को निश्चित रूप से उपलब्ध कराएंगे। इसे लेकर प्रतिवेदन के माध्यम से मगध परियोजना, पूर्णाडीह परियोजना, अशोका परियोजना व अम्रपाली परियोजना के प्रतिनिधि ने बताया कि आदेशानुसार कॉटाघरो का नियमित सत्यापन कार्य कराया जाता है। नियमित सत्यापन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी जिला खनन कार्यालय को उपलब्ध करा दी गई है।प्रतिवेदन के माध्यम से जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के खनिजो के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स एवं कार्यालय स्तर पर जिलान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रो का औचक जॉच लगातार की जा रही है। क्षेत्रिय जाँच में अवैध मामला पाए जाने पर अवैधकर्त्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। 01अगस्त से 13 सितंबर तक जिला खनन कार्यालय पुलिस विभाग, वन प्रमंडल उत्तरी, वन प्रमंडल दक्षिणी, जिला परिवहन कार्यालय द्वारा कुल 17 वाहन को जब्त किया गया है और 1600 सीएफटी बालू व 3600 सीएफटी स्टोन एवं 49.94 टन कोयला खनिज को जब्त किया गया है। वहीं 164672 रुपया की दंड राशि भी वसूली गई है साथ ही अंचल स्तर पर भी अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है।अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होने सभी को निर्देशित किया कि सितंबर माह के अंत तक राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध न्यूनतम 50त्न से अधिक लक्ष्य को प्राप्त कर लें और दिसंबर माह तक शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# उपायुक्त लातेहार की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** को उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में समिति के समक्ष अनुकम्पा पर नियुक्ति के कुल 22 अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें से 19 अभ्यावेदन नौकरी के दौरान मृत कर्मियों के आश्रितों से सम्बंधित थे एवं 3 अभ्यावेदन उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों से सम्बंधित थे।समिति के द्वारा संवीक्षा के उपरांत नौकरी के दौरान मृत कर्मियों के आश्रितों को नौकरी से सम्बंधित 19 अभ्यावेदनों में से 15 पर नौकरी देने की अनुशंसा किया गया। साथ ही समिति ने संवीक्षा के उपरांत उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रित को नौकरी से सम्बंधित सभी 3 मामलों में नौकरी देने की अनुशंसा किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्थापना उप समाहर्ता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्थानंतरित अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे ने सिमरिया अंचल का लिया पदभार



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया अंचल कार्यालय के स्थानंतरित अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे गुरूवार को सिमरिया अंचल का पद ग्रहण किया। पद ग्रहण के बाद अंचल कर्मियों एवं राजनितिक दलों से वार्तालाप किया और सिमरिया अंचल का हाल चाल एवं क्रियाकलाप के बारे में जानकारी ली। 24 वें स्थान पर स्थानंतरित अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे सिमरिया अंचल में पदभार लिया है। श्री दुबे ने कहा कि मेरा पैतृक स्थान पलामू जिला के डालटनगंज क्षेत्र हैं। मैं यहां अपने कर्तव्यों की निष्ठापूर्वक वगैर लोभ लालच तथा भय मुक्त होकर करूँगा।

# राजद की हुई बैठक युवा प्रखंड अध्यक्ष बने डॉ. दशरथ



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बरियातू पंचायत परिसर में युवा राष्ट्रीय जनता दल की एक मीटिंग बृहस्पतिवार को सम्पन्न हुई। जहां मुख्य अतिथि युवा जिला अध्यक्ष प्रतीक प्रकाश अंगार प्रदेश सचिव ब्रह्मदेव भोक्ता उपस्थित हुए। जिसमें दर्जनों ग्रामीण व अन्य पार्टीय के राजनीतिक दल के लोगों ने सामिल हुए। जहां गरीबों शोषितो पीड़ितों अपेक्षितो के मसीहा लालू प्रसाद यादव के विचारधारा को मानकर एवं श्रम नियोजन प्रशिक्षण कौशल विकास मंत्री आदरणीय सत्यानंद भोक्ता के कार्य कुशलता से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता ग्रहण किया। जिसमें सर्व समिति से युवा प्रखंड के अध्यक्ष पद के लिए डॉ दशरथ कुमार को उपाध्यक्ष ईश्वर यादव व दिवाकर विश्वकर्मा सचिव मनोज दांगी सह सचिव दयानंद यादव मीडिया प्रभारी रविंद्र कुमार यादव एवं सदस्य विशाल कुमार रितलाल कुमार राजू लाल वर्मा रामदेव यादव विनय यादव प्रदीप प्रजापति धर्मदेव यादव पवन यादव खिरू यादव एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# महुआडांड़ के सभागार में पीएम-पीवीटीजी डेवलपमेंट मिशन के सम्बन्ध में बैठक किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** डॉ साक्षी खुराना सीनियर स्पेशलिस्ट स्किल डेवलपमेंट श्रम एवं नियोजन के नेतृत्व में नीति आयोग की टीम ने लातेहार जिले के आकांक्षी प्रखंड महुआडांड़ का स्थल अध्ययन किया।जिसके पश्चात नीति आयोग की टीम ने प्रखंड कार्यालय महुआडांड़ के सभागार में पीएम - पीवीटीजी डेवलपमेंट मिशन के सम्बन्ध में पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, एवं ग्रामीणों के साथ बैठक किया। बैठक में विशेष रूप से कमजोर जनजातीयीय समूह (पीवीटीजी) के आजीविका के अवसरों के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करने हेतु, क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों, वर्तमान में किये जा रहे आर्थिक क्रियाकलाप, संभावनाएं एवं समस्याएं समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि सिसिलिया लकड़ा के द्वारा बताया गया कि महुआडांड़ में धान (गैर सुगन्धित), जीराफूल धान (सुगन्धित वेराईटी) मूंगफली, आम, नाशपती की खेती की जा रही है द्य उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं मार्केट लिंकेज की सुविधा विकसित होने से स्थानीय किसानों को ज्यादा आर्थिक लाभ मिलेगा। सेंट जोसफ +2 उच्च विद्यालय के प्राचार्य फादर दिलीप एक्का ने कहा कि महुआडांड़ में कई नदी -नाले हैं द्य जिसमें चेक डैम बनाकर क्षेत्र में सब्जी की खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है।आगे बैठक में बताया गया कि महुआडांड़ क्षेत्र में मड़ूआ, कोदो, गोंदली इत्यादि मिलेट की खेती की जाती है। जिसके प्रसंस्करण एवं मार्केटिंग की सुविधा विकसित होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आमदनी हो सकती है। बैठक में स्थानीय लोगों के कौशल विकास, लघु वनोपज की मार्केटिंग, लोगों के वित्तीय समवेशन, आधारभूत संरचना के विकास इत्यादि के सम्बन्ध में भी विचारविमर्श किया गया।

# नावाडीह के आदिम जनजाति परिवारों को मिला खाद्यान

**खबर का असर**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** खबर प्रकाशित होते अधिकारी हुए रेस। दिन गुरुवार को आदिम जनजाति परिवारों के बीच राशन का वितरण किया गया। बतादें कि बरवाहीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चुंगरु पंचायत के ग्राम नावाडीह, के परहिया आदिम जनजाति परिवार लाभुकों का पिछले महीने से राशन बाकी था। लाभुकों ने प्रभात मंत्र संवाददाता को अपनी समस्या बताई। उनके समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। खबर छपते ही एमओ अनूज कुमार शरन ने मामले को संज्ञान में लिया। एवं चुंगरु पंचायत मुखिया बलदेव परहिया पंचायत समिति सदस्य के पति सुरेश सिंह, राजु परहिया पूर्व वार्ड सदस्य अनिरुद्ध गिरि के उपस्थिति में सभी लाभुकों को सितम्बर महीने तक की राशन के साथ साथ धोती साड़ी का भी वितरण किया गया। वहीं राशन वितरण के दौरान एमओ श्री शरन भी उपस्थित थे। लाभूक में जोगन परहिया, झालो परहिन, दिनबसरी देवी, जितनी देवी, बुधनी मसोमात, तौली कुवंर, मानो देवी, फुलदेव परहिया, लीलावती देवी, चौटी परहिया समेत लगभग 150 लाभुकों को दिया गया।

# अनियंत्रित मारुति कर पेड़ से टकरायी, एक महिला घायल



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क में बड़की नदी से आगे एवं बघमरी से पीछे तीखी मोड में एक मारुति कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई और पलट गई। मारुति कार में सवार एक महिला की घायल होने का सूचना सूत्रों से प्राप्त हो रही है। गाड़ी कहां की है। इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। गाड़ी का नंबर बी आर 03-0999है। तत्काल गिद्धौर थाना से एस आई जायरा बाखला घटना स्थल पर पहुंचकर अपने कब्जे में कर गाड़ी को थाना लाने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जांच मेला का आयोजन किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जांच मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन 70 वर्षीय आशा देवी, मोहम्मद वारिस प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लोगों से इस मेला का लाभ उठाने का अपील किया। चिकित्सा प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि सीमित संसाधन में अधिक से अधिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का हमारा प्रयास है। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मेले में फिजिशियन डॉक्टर ,नेत्र जांच, शुगर, मलेरिया तथा परिवार नियोजन के अतिरिक्त करीब एक दर्जन स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें करीब 300 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दिया गया। मौके पर डॉक्टर अंकुर, मधुर मोहन, बिपिओ विनोद पांडे सहित विभिन्न जांच से जुड़े टेक्नीशियन मौजूद थे।

# मुखिया की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय की गई समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** बेतला पंचायत सचिवालय में गुरुवार को बेतला पंचायत के मुखिया मंजू देवी की अध्यक्षता में पंचायत के विभिन्न विभागों के साथ समीक्षा बैठक की गई जिसमें मुख्य रूप से 15 वे वित्त प्रखंड कोर्डिनेटर मंजीत कुमार सिंह, पंचायत सचिव रामविलास उरांव, रोजगार सेवक मनोज कुमार के उपस्थिति में समीक्षा बैठक की गई जिसमें बैठक में मुख्य रूप से पंचायत के विभिन्न अलग-अलग जगहों से पहुंचे आपूर्ति विभाग के जनवितरण प्रणाली दुकानदार, शिक्षा विभाग के मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, बाल विकास परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका, जल सहिया, कृषक मित्र, आवास मित्र समेत कई अन्य विभागों के सदस्यों और पदाधिकारी को अपने अपने विभागों के अधतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित हुए जिसमें बैठक की अध्यक्षता कर रहे मुखिया मंजू देवी ने बैठक के दौरान उपस्थित लोगों से कहां कि विभिन्न विभागों के पदाधिकारी को निर्देश व चेतावनी देते हुए बताया कि बेतला पंचायत अंतर्गत जनवितरण प्रणाली दुकानदार, शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालय, मध्य विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र समेत कई अन्य विभागों से किसी भी तरह की कोई भी लाभूक से शिकायत का मौका नहीं मिलता चाहिए आप सभी लोग अपने अपने कार्य निष्पादन समयनुसार निष्ठा पूर्वक काम का अंजाम देंगे मौके पर बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह, जनवितरण प्रणाली दुकानदार उमेश प्रसाद, प्रधानाध्यापक नरेन्द्र राम, अब्दुल हलीम अंसारी, सरफराज अहमद, आंगनबाड़ी सेविका सुगिया देवी, जलसहिया कांति देवी , वार्ड सदस्य जमुना सिंह, राजेन्द्र परहिया, कृषक मित्र विष्णु प्रसाद, आवास मित्र उमेश कुमार, अखिलेश विश्वकर्मा समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं : मधुसुदनाचार्य



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा ग्राम स्थित दुर्गा मंडप भवन परिसर में चल रहे चतुर्मास कार्यक्रम मे मधु सुदन चार्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कहा की सत्य से बढ़कर कोई धर्म नही, झूठ से बढ़कर कोई पाप नहीं है. कार्यक्रम मे प्रतिदिन सैकड़ो महिला पुरुष श्रदालू भाग ले रहे है ,चातुर्मास व्रत श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं धर्म सम्मेलन भव्य आयोजन में चातुर्मास व्रत अनुष्ठान में त्रिदंडी सेवा आश्रम बक्सर बिहार से आए हुए स्वामी मधुसुदनचार्य ने बताया की माटी की कया माटी में मिल जाएगी न सोना काम आएगा न चांदी आएगी, जब अपने मन में दूसरे के लिए कल्याण की भावना तथा धर्म की भावना हो जाए तो समझ लीजिए की अपना घर बैकुंड हो गया, यहां सब कुछ है स्वर्ग, नर्क, जगमान, बैकुण्ड सब यही पर हैं। वहीं पिछले दो माह से श्रदालुओं को श्रीभद कथा सुनाकर सभी को भक्तिमय कर दिया. मौके पर संजय लोहार, डब्लू सिंह, बाजरंगी कुमार, ऋषि सिंह, मोतीलाल यादव, कुलदीप यादव, उदय सिंह, कन्हाई सिंह, प्रहलाद सिंह, बब्लू सिंह, दिलीप सिंह, विशुनदेव गंझू, लवकुश यादव, दिलु यादव गुरु यादव, जयप्रकाश सिंह, दिलीप सिंह, अभिमन्यु सिंह, सनोज सिंह, रजन सिंह सहित काफी संख्या में महिला पुरुष भाग ले रहे हैं।

**आखिर युवक क्यों करना चाहता है सम्पूर्ण झारखंड का पदयात्रा**

# सम्पूर्ण झारखंड में पदयात्रा करना है लक्ष्य, 14 जिलों के 3300 किलोमीटर पदयात्रा करते हुवे कुन्दा पहुंचा युवक

**➲झारखंड की संस्कृति को देश दुनिया में अलग पहचान दिलाना है : आर्या गुप्ता**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** देश दुनिया में विख्यात होने को लेकर लोग एक से बढ़कर एक कार्य करना चाहते हैं।लेकीन एक ऐसा भी युवक है जो हाथ मे तिरंगा लिए झारखंड का पदयात्रा कर ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का इतिहास व विभिन्न जिलों की भाषा संस्कृति का जानने का जुनून है।वही यह युवक बोकारो जिले के जैनामोड़ निवासी आर्या गुप्ता है जो अब तक झारखंड के 14 जिले बोकारों, रामगढ़, राँची, सरायकेल खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा से कुल 3300 किलोमीटर पैदल यात्रा कर चुका है। वही युवक ने पलामू के पांकी होते हुवे कुन्दा पहुंचा वही महादेव मठ के राजा किला व ऐतिहासिक स्थल के महादेव मठ की इतिहास की जानकारी ली। वही आर्या ने बताया की मैंने विभिन जिलों का भर्मण किया हूँ झारखंड के लोग मेहनती हैं और इनकी संस्कृति झारखंड को अलग पहचान दिलाएगी। आर्या ने यह भी बताया की झारखंड में लोग जब बाहर काम करने जाते हैं तो वहाँ 2 सवाल अक्सर पूछा जाता है आखिर ये झारखंड कहाँ है। और झारखंड में क्या कुछ खास हैं। झारखंड को किताबों में बेहतर तरीके से उल्लेखित नही किया गया है। यहाँ की ऐतिहासिक, पर्यटन स्थल व धार्मिक स्थलों, पुरातात्विक, पौराणिक स्थल को देश दुनिया में अलग पहचान मिले।इसे को लेकर मैं प्रयासरत हूँ। बतादें की फ्लाइंग आर्या 15 (FLYING ARYA 15)के नाम से यूट्यूब चैनल भी जिसपर झारखंड के विभिन्न ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों की विशेषता को दिखाया गया है।

# प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में की गई खानापूर्ति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला खानापूर्ति बनकर रह गया।बालूमाथ सीएचसी अंतर्गत में तीन दिनों तक चलने वाले इस स्वास्थ्य मेला के प्रथम दिन बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण अवस्था का आलम देखने को मिला। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगो को यह बताया गया था कि इस स्वास्थ्य मेला में हर तरह के बीमारी का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। लेकिन इस स्वास्थ्य मेला में एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक नजर नहीं आए ।बालूमाथ में प्रत्येक दिन ओपीडी में इलाज करने वाले चिकित्सक एवं आयुष चिकित्सक इलाज करते देखे गए। हद तो तब हो गई की बालूमाथ में पदस्थापित सरकारी चिकित्सक डॉक्टर संजय सिद्धार्थ इस मेले में आना उचित नही समझा। स्वास्थ्य मेला में प्रचार-प्रसार के नाम पर मात्र एक दिन प्रचार वैन को घुमा कर खानापूर्ति कर लिया गया। उद्घाटन के समय बारिश होने के कारण बिना वाटरप्रूफ पंडाल में रखे दवाइयां भींगने लगी तो स्वास्थ्य कर्मियों ने स्लॉट में लगाए गए बैनर से ही ढककर किसी तरह बचाते हुए देखा गया। वहीं दूर- दराज से आये मरीज इधर-उधर भागते नजर आए ।ग्रामीण अम्बिका यादव ने बताया कि सरकार द्वारा इस मेला को आयोजन करने के लिए राशि आवंटन दिया जाता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के कर्मी पैसे का बंदर बाट करने की नीयत से सिर्फ एक छोटा सा बिना वाटरप्रूफ का पंडाल लगा दिया ।जिससे मरीजों को काफी परेशानी हुई। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा प्रचार प्रसार भी नहीं कराया गया है। ज्ञात हो कि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछले कई महीनो से अव्यवस्था का आलम झेल रहा है। इस संबंध में प्रखंड प्रोग्राम पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने कहा कि हम लोगों द्वारा जिला से विशेषज्ञ चिकित्सकों की मांग की गई थी लेकिन जिला द्वारा एक भी चिकित्सा उपलब्ध नहीं कराया गया। डॉक्टर संजय सिद्धार्थ को आज के मेला में रहना चाहिए था ।कार्यक्रम शुरू होते ही बारिश होने लगी जिस कारण कुछ देरी के लिए अव्यवस्था का आलम बना था। जिसे बाद में सुधार लिया गया।

# कुपोषण से बचाव को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई




**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में संचालित बाल विकास परियोजना द्वारा पोषण माह के अन्तर्गत आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण का शपथ दिलाते हुए जागरूकता रैली निकाला गया। सरकार द्वारा संचालित धात्री महिला व बच्चों के लिये पोषण व्यवस्था को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षिका परमुनी देवी के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका शुभारम्भ प्रखंड मुख्यालय से किया गया। रैली के माध्यम से लोगो को जागरूक करने के लिये सही पोषण देश रौशन का नारा दिया गया। तथा विभिन्न बीमारियों से बचाव के बारे में भी जानकारी दिया गया। साथ ही कुपोषण और एनीमियाको भगाने के लिये तथा धात्री महिलाएँ और बच्चा का साफ सफाई और पौष्टिक आहार के लिये हरा साग सब्जी, दूध, फल और अंडा का सेवन करने का अपील किया गया। वही पर्यवेक्षिका द्वारा कुपोषण के कुचक्र से निकलकर प्रखंड क्षेत्र को कुपोषण मुक्त बनाने की बात खि़ गई। मौके पर पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक के अली टिंकी देवी, शहनाज बानो, रजनी देवी, किरण कुमारी, शांता मिंज, यशोदा कुमारी सहित सभी आंगनबाड़ी सेविकाएँ उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हर वर्ष की भांति इस बार भी 14 सितंबर को हिंदी दिवस पर जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। मौके पर हिंदी के शिक्षक राजकुमार ने कहा कि आज का दिन हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन है ।आज का यह दिन पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने वाली भाषा हिंदी को समर्पित है । सांस्कृतिक विविधताओं से भरे देश भारत में हिंदी दिवस के दिन की अहमियत बहुत ज्यादा है।वहीं प्रभारी शिक्षक पंकज कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के विभिन्न भागों में अलग-अलग धर्म एवं संप्रदाय के लोग फैले हैं।एक हिंदी ही है जो लोगों के दिलों की दूरियों को मिटाती है । सभी को एकता के सूत्र में बांधे रखती है । छात्र नीतीश कुमार ने कहा कि कोई हिंदुस्तानी दूसरे हिंदुस्तानी से हिंदी भाषा के जरिए ही अपनी भावनाओं को व्यक्त करता है,चाहें वह कहीं भी रहे। छात्रा रुचिका शर्मा एवं नैना कुमारी ने कहा कि हिंदी केवल हमारी मातृभाषा या राष्ट्रीय भाषा ही नहीं बल्कि यह राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में हिन्दी शिक्षिका निलीमा कुजूर शिक्षक उमेश ठाकुर,परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार,शिक्षक बिनय कुमार मेहता ,दयानंद यादव,अजित प्रसाद,अजय मेहता ,प्रीति कुमारी,उर्मिला राणा,पूनम कुमारी,सहिंता कुमारी,दीपेंद्र कुमार, रत्नेश कुमार राणा, दीपक प्रसाद, अजीत हांसदा, रियाज अहमद, आशीष पांडे, संगम कुमारी, प्रणात कुमार, संजीत कुमार यादव, संजय प्रजापति, सुनीता उपस्थित रहे।

### हमें अपनी मातृभाषा हिन्दी पर गर्व होना चाहिए : आईलेक्स



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हिंदी दिवस के अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9 और कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए की। कक्षा 10 की ख़ुशी कुमारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के बाद, हमारे देश ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को अपनी राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसके बाद, हर साल हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1953 से हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने से हम अपनी भाषा के प्रति गर्व महसूस करते हैं और हमारे संस्कृति और एकता को साझा करते हैं। कक्षा 10 वी के हीं सूरजदेव ने कहा कि भारत विविधाओं का देश हैं। हिंदी भाषा आज भारत की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हिंदी हमारे देश के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह न केवल हमारी राजभाषा है, बल्कि यह हमारी अपनी संस्कृति का माध्यम भी है। हिंदी के माध्यम से न केवल भारत बल्कि दुनिया भर के करोड़ों लोग अपनी भावनाओं और विचारों को बेहतर तरीके से व्यक्त कर सकते हैं। अंत में सभी बच्चों को अपने दैनिक कार्यकलाप को बिना अंग्रेजी शब्द का प्रयोग किये बताने के लिए कहा गया जिसमें कक्षा 10 की कुमारी पायल ने बाज़ी मारी। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जो सभी धर्मों के लोगों को आपस में जोड़े रखने का काम करती है, यह सिर्फ एक भाषा का काम ही नहीं करती बल्कि यह एक देश की संस्कृति, वेशभूषा और रहन-सहन तथा पहचान आदि है। हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी मदद से भारत के प्रत्येक नागरिक आसानी से आपस में विचार विमर्श कर सकते हैं।तथा हमें अपनी मातृभाषा पे हिन्दी भाषा पे गर्व होनी चाहिए और साथ ही साथ अन्य भाषाओं का भी अधिक से अधिक ज्ञान होना चाहिए।

### अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य मेला का आयोजन, बरही विधायक हुए शामिल



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में राज्य सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला शामिल हुए। विधायक के अलावा प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष इकबाल रजा, जीप सदस्य बसंत नारायण मेहता, कांग्रेस बरही विस मीडिया प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी, स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि रिजवान अली, मो वारिस अंसारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री अकेला ने कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों की कमी से वह मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराएंगे। कहा कि बरही का अनुमंडलीय अस्पताल से आस पास के लोगों को काफी उम्मीद है। अस्पताल में मानव संसाधन से लेकर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने को लेकर वह प्रयासरत है। वह अपने स्तर से लगातार प्रयास कर रहे है कि अस्पताल में अधिक से अधिक चिकित्सक व संसाधन उपलब्ध हों तांकि यहां के लोगों को सभी सुविधा अस्पताल में मिल पाए।

### स्विचऑन फाउन्डेशन कोलकता व युवा जागृति कला केंद्र बोकारो के साथ किसानों की बैठक संपन्न

**गोला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड के मगनपुर पंचायत भवन में क्षेत्र के किसानों की एक बैठक किया गया। बैठक में स्विचऑन फाउन्डेशन कोलकता व युवा जागृति कला केंद्र बोकारो के सचिव कार्तिक सोरेन मुख्य रूप से उपाथित हुए। श्री सोरेन ने पी.एम. कुसुम योजना के बारे में ग्रामिणों को विस्तार पूर्वक बताया। इस योजना का लाभ किसानो को सिचाई के लिए सोलर पैनल व मोटर अनुदान राशि में उपलब्ध है। किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन करना होगा।सरकारी प्रक्रिया के बाद जब प्रखण्ड से सत्यापित करके जिला कार्यालय भेजा जाएगा। जिला से स्वीकृति के पश्चात आवेदको को डीडी के माध्यम से 10 प्रतिशत राशि अपने प्रखण्ड कार्यालय मे जमा करना है। इसके बाद कंपनी आकार सभी समान को सेट करने के बाद पानी चला कर दिखाया जाएगा। सभी किसान भाइयों को सचेत रहने की आवश्यकता भी है यदि फोन के माध्यम से कोई राशि की मांग करता है तो राशि नही दे। ये योजना सरकारी है सरकारी काम दिलाने या करवाने के नाम में फोन से राशि की मांग नही करता है। ऐसे फ्रॉड कॉल से साधन रहे। इस योजना में किसानों को सिचाई के लिए सौलर प्लेट तथा मोटर दिया जाता है जो बिलकुल सौर ऊर्जा से चलेगा। युवा जागृति कला केन्द्र के सचिव कार्तिक सोरेन ने ड्रीप सीचाई के बारे मे भी विस्तार से जानकारी देते हुए ड्रिप सिंचाई से खेती करने की अपील किए। जिसमें किसानों का पानी और समय की बचत होगी।

# देश के लगभग तीन लाख कोयला मजदूरों के साथ नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं : सीटू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सी आई टी यू, हजारीबाग के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने बताया कि कोयला मजदूरों के एक लंबे संघर्ष के बाद कानूनसम्मत एनसीडब्ल्यू 11 कि समझौता कोल इंडिया और सिंगरेनी कोलवरीज कंपनी लिमिटेड के प्रबंधन और उसमें कार्यरत सभी सरकारी मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन के बीच मजदूरों के वेतन वृद्धि पर समझौता हो जाने के बाद बढ़े हुए वेतन भुगतान करने के लिए कोयला मंत्रालय के अप्रूवल लेने के पश्चाताप देश के कोयला मजदूरों को जुलाई 2023 के वेतन बढ़े हुए दर से भुगतान कर दिया गया और साथ ही अगस्त माह के वेतन के साथ बकाया एरिया 23 माह का भुगतान कर दिया गया तो फिर सितंबर 2023 का वेतन जो अक्टूबर 23 को भुगतान होना है उसे पुराने समझौता एनसीडब्ल्यूए 10 जिसकी अवधी 30 जून 2021को ही समाप्त हो गई है उसके तहत करने की क्या जरूरत है? कोल इंडिया की यह साजिश न सिर्फ गलत है बल्कि कोयला मजदूरों के साथ अन्याय भी है .

# सदर विधायक ने कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के कई कार्यक्रमों में किया शिरकत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड का सघन दौरा कर कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। ÷मेरी माटी- मेरा देश÷ कार्यक्रम के तहत कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सालगांवा में मिट्टी एकत्रीकरण का अभियान चलाया। यहां ग्राम वासियों को स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण की आधाशिला रखकर सौगात दिया तत्पश्चात सिरसी के झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय, कटकमदाग के बच्चों से मुखातिब हुए । विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पंचायत सलगांवा में स्वास्थ्य उपकेन्द्र के भवन निर्माण हेतु शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर आधारशिला रखा। करीब 51 लाख की लागत से ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) के पीएम-अभिम मद अंर्तगत स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण होना है। जिसमें ग्राम सलगांवा में एक उन्नत और आधुनिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का निमार्ण होगा। मौके पर ग्रामीणों की अन्य समस्याओं से भी विधायक मनीष जायसवाल रूबरू हुए और ग्रामीणों को इस स्वास्थ्य उपकेंद्र की उपयोगिता के बाबत विस्तृत जानकारी भी दिया ।

## चुरचू प्रखंड के सभागार में तीन दिवसीय वार्ड सदस्य प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड के सभागार में तीन दिवसीय वार्ड सदस्य प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। वही दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने किया । वही चरही जरबा इंद्रा और हेंडेगारह वार्ड सदस्यो का प्रशिक्षण दिया जाएगा ये प्रशिक्षण लगातार तीन दिन चलेगा। मौके पर चारो पंचायत के वार्ड सदस्य जिले से आए हुए ट्रेनर, प्रखंड के बीपीआरओ त्रिदेव महतो उपस्थित थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया हिंदी दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में गुरुवार को आईक्यूएसी के सहयोग व विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक विभाग की ओर से हर्षोल्लास से हिंदी दिवस मनाया गया। बता दें कि बीते एक सप्ताह से विश्वविद्यालय में राजभाषा सप्ताह मनाया जा रहा था, जिसका समापन भी गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के हाथों दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों में नलिन, निलेश, कोमल व प्रणव के द्वारा अतिथियों के स्वागत में गाए गए स्वागत गान ने सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात बीते एक सप्ताह से मनाए जा रहे राजभाषा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं सहित अन्य जानकारियां विश्वविद्यालय की सह प्राध्यापिका कुमारी काजल सोनी ने दी। मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतवासियों को यह याद रखने की ज़रूरत है कि हिंदी भाषा की समृद्धि में ही हमारी जातीय संस्कृति और राष्ट्र की समृद्धि निहित है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने हिंदी को प्रेम के सद्भावना का सार बताते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी हमारी विशिष्ट पहचान का सूचक है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी अखंडता को बनाए रखा है।

## गौरव पटेल के प्रयास से मिला विद्युत ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ झामुमो मांडू नेता गौरव पटेल ने किया जोबर पंचायत के उच्चाघना लोहार टोला और बेहराटांड़, में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन 13 सितंबर 23 को दिन बुधवार को किया गया ।मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड में उच्चाघाना के लोहार टोला एवं बेहराटांड़ में 63केबी का ट्रांसफार्मर बीते कई दिनों पहले जल गया था। झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल के प्रयास से इसे उपलब्ध कराया गया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर तथा फीता काटकर किया गया। ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में काफी खुशी एवं उत्साह का माहौल देखा गया। इस मौके पर मुख्य रूप से संयोजक मंडली प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी,डीएम राज पटेल,शेख वसीम,छोटेलाल राजू कुमार महतो समेत दर्जनों मि संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही ।

## राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय धनवार में बच्चों के बीच किया गया बैग का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के धनवार राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय धनवार में स्कूल के अध्यक्ष नजमा खातून ने स्कूली बच्चों के बीच बैग का वितरण किया गया। वहीं सहायक शिक्षक मोहम्मद अफरोज आलम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे नियमित साफ-सुथरा ड्रेस एवं बैग लेकर विद्यालय जरूर आए।और शिक्षा ग्रहण करें शिक्षा से ही समाज को बदला जा सकता है।शिक्षा से ही हम अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने साफ-सफाई पर बल देते हुए बच्चों के बीच में अपनी बात को रखा। विद्यालय में कुल नामांकित बच्चो की संख्या 244 हैं। जिसमें 203 बच्चों को बैग वितरित किया गया। बैग वितरण के दौरान स्कूल प्रबंधक के अध्यक्ष नाजमा खातून, स्कूल के प्रधानाध्यापक तहमीजा तबसुम, उपाध्याय सहिदा बानो, वार्ड सदस्य मो मंजुर, वॉर्ड सदस्या रविना खातुन, सहायक शिक्षक अलताफ हुसैन, उपेन्द्र प्रसाद,सीताराम रविदास,अमरेंद्र राम,प्रकाश सिंह,एवं प्रबंधन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# स्वास्थ्य मेले में शिरकत कर माण्डू विधायक ने सीएचसी का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वास्थ्य मेला में शिशु स्वास्थ्य,किशोरी स्वास्थ्य, टीकाकरण,कुष्ठ, टीबी,एमसीडी, मातृत्व, मलेरिया, फलेरिया, अंधापन, नाक,कान,गला,दांत, आयुष तथा सामान्य चिकित्सा के अलग-अलग स्टॉल लगाकर मरीज का जांच किया गया। मेला में लगे स्टाल से परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड बनाने तथा योग से संबंधित सलाह और जानकारी दी गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना कालखंड को देखते हुए विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में सभी मूलभूत आवश्यकता पूरा कर दिया गया है। डॉक्टरों की कमी को दूर किया गया है। एड्स के मरीजों की संख्या में कमी आई है।अब यह न्यूनतम रह गई है। यहां दो एंबुलेंस कार्यरत हैं। अस्पताल में विकास के कार्य हो रहे हैं। अस्पताल में जो भी कमियां है,उसकी जानकारी दी जाए मैं भरसक उसे पूरा करने प्रयास करूँगा। अस्पताल को बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य क्योंकि इंसान के लिए स्वास्थ्य हीं धन है। यह कार्यक्रम इलाज के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर अरुण कुमार ने जनप्रतिनिधियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग तथा स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रियता आवश्यक है।उनके द्वारा अनेक प्रकार के बीमारियों से बचाव तथा उपचार से संबंधित जानकारी लोगों को दिया गया। उन्होंने कहा कि विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन से भी प्रसव कराया जाता है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा टीबी मरीजों के बीच निश्चय किट का वितरण किया गया।आगे उन्होंने बताया कि माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने 05 टीबी मरीज को गोद लेंगे। इसके पूर्व में बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने 02,सीओ रामबालक कुमार ने 01,चिकित्सा प्रभारी डॉ0अरूण कुमार सिंह ने 03,डॉ0जफर हसन ने 02,डॉ0योगेंद्र कुमार ने 01,दीपू अकेला ने 01,शुभम कुमार ने 01,राजेश कुमार ने 01,विकास कुमार ने 01,सतीश कुमार ने 01 यक्ष्मा (टीबी) मरीज को गोद लिया है। स्वास्थ्य मेले में कुल 1834 मरीजो को पंजीकृत कर इलाज किया गया ।

## कटिया पंचायत में आकांक्षी चिंतन शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कटिया पंचायत भवन में चिंतन शिविर आकांक्षी पंचायत कार्यक्रम किया गया।जिसकी अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो तथा संचालन पंचायत सेवक सामिया कुमारी के द्वारा किया गया तथा चिंतन शिविर में नीति आयोग के द्वारा पंचायत में चलाई जा रही जैसे स्वास्थ्य,शिक्षा,कृषि पेयजल, सोशल डेवलपमेंट, फाइनेंशियल एवं बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया।और किस योजना का क्या स्थिति है कितना काम हुआ है।और कितना काम बचा हुआ है और उसे हम कैसे मंजिल तक पहुंचाएंगे तथा एएनएम आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका सहिया दीदी जेएसएलपीएस महिला समूह जलसहिया प्रधानाध्यापिका मध्य विद्यालय कटिया किसान मित्र और प्रज्ञा केंद्र के प्रोपराइटर से संबंधित विभागों के अधिकारियों के द्वारा समस्या और समाधान पर मुखिया के द्वारा बात किया गया।चिंतन शिविर में मुख्य रूप से पंचायत समिति अनीता जैन,उप मुखिया नंदकिशोर महतो,सीएससी रामगढ़ जिला कोऑर्डिनेटर दीपक मिश्रा,वार्ड सदस्य तेरूष देवी, किरण कुमारी,नुनी देवी,संगीता देवी, रणधीर कपूर,गोपाल महतो,संतोष कुमार सिंह,अनीता महतो,रेखा देवी, रविंद्र कुमाररमेश महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# भादी महोत्सव के दूसरे दिन भव्य मंगल पाठ का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर परिसर में तीन दिवसीय भादी महोत्सव के दूसरे दिन मंदिर परिसर मे भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें 150 महिलाओं ने दादी जी का मंगल पाठ किया। मंदिर के प्रधान पुजारी शशीकांत मिश्रा ने राणी सती दादी की पूजा अर्चना करवा कर मंगल पाठ विधिवत रूप से प्रारंभ करवाया। मुंबई से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक व हजारीबाग शहर के बेटी दामाद सुशील बजोरिया एवं विनीता बजोरिया के द्वारा राणी सती दादी की जन्म से लेकर विदाई तक की भजन को प्रस्तुत किया गया। महोत्सव के दौरान सभी दादी भक्तों के विशेष सहयोग से मंदिर परिसर को आकर्षक एवं अद्भुत रूप से सजाया गया है कोलकाता एवं झरिया के कलाकारों के द्वारा छोटे-छोटे रंग बिरंगे शीशे का काम किया गया है जो देखने में एक अद्भुत नजर आ रहा है। पाठ के दौरान इत्र उत्सव, जन्मोत्सव बधाई, हल्दी उत्सव ,सिंदूर उत्सव,मेहंदी उत्सव,चुनरी उत्सव जैसे कई उत्सव महिलाओं ने दादी की जन्म से लेकर विदाई तक में आयोजित की। सभी महिलाएं राजस्थानी परिधान में पाठ में सम्मिलित हुई। पाठ के दौरान जय दादी की जय कारों की गूंज गूंजती रही, दादी की जन्म के वक्त तमाम महिलाओं के बीच टॉफी,मेवे का वितरण किया गया।

## रेन्बो स्कूल में हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, सुलेखा कुमारी बनी विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गदलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हिंदी का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा सातवीं से नवमी तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने निबंध लेखन के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व और इसके इतिहास के बारे में जानकारियां दी। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा नवमी से सुलेखा कुमारी, द्वितीय स्थान पर भावना प्रजापति एवं तृतीय स्थान पर राखी कुमारी रही। जिन्हे विद्यालय द्वारा मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी भाषा सहित 22 भाषाओं को शामिल किया। 14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में हिंदी और संस्कृत भाषा को विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने बताते हुए कहा कि विश्व में हिंदी पांव पसारती जा रही है। हिंदी सभी भाषाओं को अपने अंदर समाहित करने की शक्ति रखती है। मौके पर प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, रंजीत यादव, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, सुधा कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, अंशु कुमारी, अंजुम प्रवीण आदि उपस्थित रहें।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विशेष उद्देश्य वाले आइकॉनिक हाइलक्स का प्रदर्शन किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2023 (एनटीएस) में विशेष उद्देश्य वाले दो आइकॉनिक हाइलक्स का प्रदर्शन किया। इन्हें एक अधिकृत बाहरी विक्रेता के सहयोग से संशोधित किया गया है। यह टेक्नालॉजी प्रदर्शित करने का वार्षिक आयोजन है। इसका आयोजन भारतीय सेना के उत्तरी कमांड ने किया था। इसमें उसे सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) और आईआईटी जम्मू का सहयोग मिला। इस आयोजन का उद्देश्य अत्याधुनिक स्वदेशी विकास और रक्षा तकनीकी क्षमताओं के उत्पादन को बढ़ावा देना और 卐आत्मनिर्भरता卐 (रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता) हासिल करना है। इसके अलावा, यह वर्ष भारतीय सेना के आधुनिकीकरण के लिए तालमेल और अनुसंधान विकास तथा नवाचार के क्षेत्रों में भारतीय सेना के प्रयासों को मजबूत करने में एक बड़ी छलांग को दर्शाता है। विशिष्ट उपभोक्ताओं की गतिशीलता की विभिन्न आवश्यकताओं को समझने के लिए व्यापक बाजार सर्वेक्षण आयोजित करने के बाद, टीकेएम ने अपने अधिकृत बाहरी विक्रेता के माध्यम से प्रदर्शित बहुमुखी हाइलक्स (दो इकाइयां) में कुछ संशोधन किए हैं।

## पीवीयूएन पतरातू में मनाया गया हिंदी दिवस

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 14 सितंबर 2023 को पीवीयूएन पतरातु में हिंदी दिवस मनाया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीईओ पीवीयूएन रविन्द्र कुमार ने किया। उन्होंने हिंदी भाषा के प्रति पीवीयूएनएल की प्रतिबद्धता की सराहना की और सभी को इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।रविन्द्र कुमार ने राजभाषा प्रतिज्ञा का नेतृत्व किया, जो संगठन के भीतर सभी आधिकारिक संचार और गतिविधियों में हिंदी को बढ़ावा देने और उपयोग करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। प्रतिज्ञा समारोह में सभी एचओडी और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया राजभाषा प्रतिज्ञा के बाद झारखंड के इतिहास और हिन्दी साहित्य से संबंधित रोमांचकारी प्रश्नोत्तरी सत्र का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।इस ही के साथ पखवाड़े में उत्साही कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए रोमांचक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ये गतिविधियाँ हिंदी भाषा को बढ़ावा देंगी और पीवीयूएनएल परिवार के बीच एकता और सांस्कृतिक जागरूकता की भावना पैदा करेंगी।

## अरगड्डा मध्य विद्यालय के पूर्व प्राचार्य रामवृक्ष का निधन, स्कूल परिवार ने किया शोक व्यक्त

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्य रामवृक्ष तिवारी उम्र करीब 82 साल के निधन हो जाने पर विद्यालय परिवार के छात्रों व शिक्षकों ने दो मिनट का मौन धारण कर आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। इसे लेकर पूर्व प्राचार्य के पुत्र व सहायक शिक्षक सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि निवास हजारीबाग में एकाएक ब्रेंड हेमरेज होने के कारण निधन हुआ हैं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार बनारस मैं होगा। शोक व्यक्त करने वालों में मध्य विद्यालय प्राचार्य सतेंद्र प्रसाद, सहायक शिक्षक कोमल सिंह, संजय बोस, उपेंद्रनाथ पाठक, विजय चौहान समेत प्रबंधन समिति अध्यक्ष व अन्य शिक्षकगण, छात्र शामिल थे।

## मांडू चट्टी पंचायत में मंदिर निर्माण को लेकर बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी पंचायत के दर्रानिया टोला में मंदिर निर्माण को लेकर एक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सुबोध भुईयां एवं संचालक राज कुमार ने किया। इस बैठक में गांव के सभी बुद्धिजीवी उपस्थित हुए और मंदिर निर्माण को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें गांव के सभी लोगों के सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मंदिर निर्माण का कार्यकारिणी अध्यक्ष बालेश्वर भुईयां ( छोटे लाल) , मंदिर निर्माण अध्यक्ष राज कुमार , उपाध्यक्ष परमोद भुईयां, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, उप कोषाध्यक्ष करण कुमार बेदिया , एवं कमेटी के सदस्यों में सुकर भुईयां , दिलीप नायक , कंचन भुईयां , राजेश भुईयां , गुजू भुईयां , देव भुईयां , गणेश भुईयां , छोटन तुरी , गोपाल गुप्ता , सितान भुईयां ,अशोक भुईयां , बजरागी भुईयां काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर के अपना-अपना विचार दिए। साथ ही इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गांव में करीब 37 घर है नवनिर्मित कमेटी प्रत्येक घर-घर जाकर मंदिर निर्माण के लिए चंदा एकत्रित करेगी।

## विद्यार्थियों की कामयाबी शिक्षक का सबसे बड़ा उपहार है : डॉ. शहनवाज खान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के उर्दू विभाग में सेमेस्टर दो के विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस समारोह में उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो शाहनवाज खान ने कहा कि शिक्षक को पैसे से खरीदे गए उपहार की आवश्यकता नहीं है बल्कि मेहनत से प्राप्त किया अच्छा परिणाम विद्यार्थियों की सफलता ही उपहार है। समारोह की शुरुआत अरशद अंसारी ने कुरान पाक की तिलावत से की। उसके बाद नात पाक का नजराना अकीदत पेश किया गया। शिक्षक डॉ शाहनवाज खान को पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत किया। उससे पहले विद्यार्थियों ने शिक्षक के सम्मान में विभाग के शिक्षण कक्ष को सजा कर तैयार किया था। कार्यक्रम का संचालन उम्मे सलमा ने किया। जबकि गुलाम अली, सुहाना परवीन, सहना परवीन, रानी परवीन नाज़नीन परवीन ने वक्तव्य, गीत और कविताएं प्रस्तुत कर शिक्षक की प्रशंसा के महत्व को बताया और अपने शिक्षक को आभार व्यक्त किया। अंत में सेमेस्टर दो के विद्यार्थियों ने सामुहिक रूप में और कई विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत रूप में उपहार देकर शिक्षक दिवस की शुभकामना दिए।

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरे देश में 1 सितंबर 2023 से 30 सितंबर 2023 तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं द्वारा पोषण पर चर्चा, पोषण लूडो, पोषण रंगोली सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को राष्ट्रीय पोषण में मनाए जाने के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही सभी को अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, शौचालय का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, अंडा सहित अन्य प्रोटीन युक्त सामग्रियां शामिल करने, नवजात बच्चों के पोषण हेतु शुरुआत के हजार दिनों में ध्यान देने योग्य बातों आदि के संबंध में जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया गया।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वृहस्पतिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, सार्वजनिक कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़।**

–: अतिआवश्यक सूचना :–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 09/2023–24 जिसकी PR 301523 Building(23-24)D के क्रम सं0–01, 02 एवं 05 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है। निविदा के अन्य शर्तें एवं सूचनाएँ यथावत् रहेगा।

ह0/–

कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, रामगढ़।

भवन प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 306941 Building(23-24)D


## अवैध बालू खनन व परिवहन को लेकर डीएमओ ने की कार्रवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अवैध बालू खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ रामगढ़ जिला खनन पदाधिकरी ने कार्रवाई की है। गुरूवार की सुबह 5:30 बजे बलसगर रोड के पास हजारीबाग से मांडू अवैध रूप से बालू खनन कर बालू का परिवहन करते दो ट्रैक्टर को पकड़ा गया एवं ट्रैक्टर, चालक समेत बालू को जप्त करते हुए ट्रैक्टर चालक, मालिक, अवैध बालू कारोबारी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए सभी संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी वही संलिप्त व्यक्तियों को अविलंब चिहिंत करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

**ऐसे हुए कार्रवाई**

हजारीबाग से रामगढ लाया जा रहा था अवैध बालू जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता को सूचना मिली की बालू का अवैध तरीके से खनन कर परिवहन किया जा रहा है जिस पर त्वरित कार्रवाई को लेकर खान निरीक्षक राहुल कुमार एवं पुलिस बल के साथ गुरूवार की सुबह 5:30 बजे छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान बलसगरा रोड पर बालू ले जाते ट्रैक्टर संख्या जेएच.बीडी-2730 एवं एक अन्य बिना नंबर की ट्रैक्टर बालू ले जाते पाया गया।

## पूर्व विधायक ने की रामगढ़ उपायुक्त से मुलाकात, कराया कई समस्याओं से अवगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** पूर्व विधायक ममता देवी ने दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत के उरबा मौजा एवं टोला माथागोडा, डुमरिया टोला , बम्हनी में रजिस्टर 2 नही होने की वजह से भूमि का रसीद निर्गत लगभग 40 वार्षो से नहीं हो पा रहा है जिससे उक्त गांव के सभी ग्रामीण परेशान हैं । ग्रामीणों की शिकायत के बाद पूर्व विधायक ममता देवी ने उरवा, माथागोड़ा, बह्मनी, के ग्रामीणों के साथ रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाकात की और इन सभी गांवों में रजिस्टर 2 नहीं होने पर गांव के लोगों की हो रही समस्या से अवगत कराई साथ ही सुवर मारा चेक डैम से बेकार में बह रहे पानी को नहर के माध्यम से किसानों के खेतो तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचाने को लेकर विभागीय स्तर से योजना बना कर आगे काम करने की बात कही। जिस पर उपायुक्त महोदय ने दोनों विषयों को गंभीरता से लेते हुए पहल करने की बात कही। पहले भी पूर्व विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे से मिलकर ग्रामीणों की समस्याओं को रख चुकी है। इस पर प्रधान सचिव ने भरोसा दिलाते हुए कहा था बहुत जल्द ग्रामीणों की समस्या का सरकार के द्वारा ठोस कार्रवाई करते हुए इसके समाधान की दिशा में पहल करते बहुत जल्द ऑनलाइन रसीद निर्गत करने का भरोसा दे चुके हैं।

## नमामि गंगे योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हिंदी दिवस के अवसर पर गुरुवार को नमामि गंगे योजना के तहत उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला स्तरीय अधिकारियों, विभाग अध्यक्ष रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ अनामिका प्रिया के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहां की ज्ञान की कोई भाषा नहीं होती है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए ही सभी को बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा हिंदी मीडियम में पुरी की, आई आईटी की तैयारी के दौरान भी उन्होंने हिंदी और इंग्लिश दोनों भाषाओं का इस्तेमाल किया जिसके उपरांत यूपीएससी की तैयारी के दौरान उन्होंने पूरी तरह से इंग्लिश में सारी परीक्षाएं दें उन्होंने कहा कि वर्तमान में उपायुक्त के तौर पर उनके द्वारा जो भी कार्य किए जाते हैं वे अधिकतर हिंदी माध्यम से ही होते हैं। मौके पर उपायुक्त कहां की वर्तमान समय में हम सभी का यह दायित्व है कि हम हिंदी भाषा को आगे लेकर जाएं। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में अधिकतर लोग हिंदी साहित्य व हिंदी की किताबों को पढ़ने के बजाए ऑनलाइन माध्यमों पर ज्यादा समय व्यतीत कर रहे और यही कारण है कि समय के साथ हिंदी अपनी पहचान खो रही है। उपायुक्त ने कहां की अगर आपको किसी भी समाज को समझना है तो उस समाज में बोली जाने वाली आम भाषा के साहित्याओं पर ध्यान देना चाहिए।

## सांडी धनहारा के ग्रामीणों ने सांसद से की मुलाकात, दुर्गा मंदिर के लिए मांगी प्रतिमा

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के सांडी धनहारा के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा से हजारीबाग स्थित उनके आवास ऋषभ वाटिका में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद को संयुक्त हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र सौंपा।सौंपे गए मांग पत्र के माध्यम से प्रतिनिधि मंडल ने धनहारा चौक पर स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर के लिए मां की प्रतिमा की मांग की। आवेदन में कहा गया है कि हम सभी आपके लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनहारा निवासी हैं।चौक पर स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर का जीर्णोद्धार हमलोगों ने आपसी आर्थिक सहयोग से कराया है। मंदिर में मां की प्रतिमा आपके माध्यम से मिले और इसकी सुंदरीकरण कराई जाय।इसकी अपेक्षा हम ग्रामीणों को है। सांसद जयंत सिन्हा से मिलने वालों में नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी,संतोष शर्मा, अरुण राजवंश, नंदकिशोर ठाकुर, पंकज मिश्रा, राजेंद्र रजवार, राहुल केसरी, शंकर, संजय महतो, आनंद महतो शामिल थे।



## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय चिंतन शिविर का हुआ आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले में पतरातू प्रखंड का चयन किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा क्षेत्र में उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पीरामल फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चिन्हित विभिन्न सूचकांकों की जानकारी पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गई। मौके पर उप विकास आयुक्त ने स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, आधारभूत संरचना, जलापूर्ति एवं सामाजिक विकास व फाइनेंशियल इंक्लूजन के तहत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों से संबंधित सूचकांकों में क्षेत्र के वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के संबंध में कई निर्देश दिए।चिंतन शिविर के दौरान उप विकास आयुक्त ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से वर्तमान में सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, जलापूर्ति योजनाओं आदि के तहत उन्हें मिल रहे लाभ एवं उनके क्षेत्र में योजनाओं के वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा की।



## डीलर व एमओ के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश, कार्ड धारी ने प्रखंड मुख्यालय का किया घेराव

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत जतघघरा गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए। ज्ञात हो कि जतघघरा ग्राम के सभी राशन कार्ड धारी को पिछले चार माह से डीलर सहदेव गोप के द्वारा राशन नहीं दिया गया है। इस निमित्त लोगों ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में मुख्यालय का घेराव कर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी,डीएसओ समेत अन्य पदाधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं जानकी प्रसाद यादव ने कार्ड धारियों के साथ मिलकर प्रखंड मुख्यालय का गेट घंटे जाम कर दिया। तत्पश्चात आक्रोशित ग्रामीणों ने एमओ होश में आओ,डीलर की मनमानी नहीं चलेगी ,हमारी मांगे पूरी करो का नारा जमकर लगाया तथा एम ओ मिन्टू रजक को घंटो गेट के समीप अपने साथ बैठ कर रखा। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा में लूट खसोट मची हुई है। अधिकारी पूरी तरह से मनमानी कर रहे हैं।



## हिंदी हमारी मन की भाषा, संपर्क व प्रेम की भाषा : डॉ. शारदा प्रसाद

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 14 सितंबर राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-I के तहत हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे रामगढ़ महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ शारदा प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में चितरपुर महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य अशोक कु. उपाध्याय, तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पूर्व प्राचार्य एम. के. सिंह, अतिथि के रूप में चितरपुर महाविद्यालय के हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. ताराचंद महतो तथा खोरठा के पूर्व प्राध्यापक प्रो. नागेश्वर महतो, उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों को को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। फ़िर अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत सुनकर सभी अतिथियों हृदय अभिभूत हो गया।


**उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**

**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**आम सूचना**

लोहरदगा जिला में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं (केन्द्र प्रायोजित एवं राज्य संचालित) के लाभुकों का भौतिक सत्यापन का कार्य **दिनांक 15.09.2023 से 15.10.2023** तक किया जाना है। **यह कार्य अगले 30 दिनों तक किया जायेगा।** विभागीय मार्ग–दर्शिका के आलोक में सभी लाभुकों का भौतिक सत्यापन करते हुए प्रतिवेदन विभाग को भेजा जाना है। भौतिक सत्यापन का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में प्रखण्ड/पंचायत सचिवालय के स्तर पर एवं शहरी क्षेत्र में अंचल/वार्ड स्तर पर किया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे सभी लाभुकों का यह दायित्व है कि प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे भौतिक सत्यापन अभियान के दौरान प्रखण्ड/अंचल कार्यालय के कर्मी से सम्पर्क स्थापित कर अपना **( नाम/ पिता – पति का नाम/ आधार संख्या/खाता सं0 एवं मोबाईल नं0 इत्यादि)** का भौतिक सत्यापन अवश्य कराये। किसी लाभुक का उक्त अवधि में भौतिक सत्यापन नहीं होने पर नियमानुसार उनका डाटा विलोपन संबंधी कार्रवाई किया जा सकता है, साथ ही यदि किसी लाभुक का पेंशन पूर्व से किसी कारणवश बाधित है, तो वह भी प्रखण्ड/अंचल कार्यालय के कर्मी के माध्यम से भौतिक सत्यापन कराने के साथ–साथ अपना त्रुटि का निराकरण करा सकते है ताकि पेंशन की राशि उनके बैंक खाते में भेजी जा सके।

अतः लोहरदगा जिला के सामाजिक सुरक्षा पेंशन अन्तर्गत सभी पेंशनधारियों से अनुरोध है कि यथाशीघ्र **(आधार कार्ड, खाता संख्या एवं मोबाईल नम्बर लेकर)** अपने संबंधित **प्रखण्ड/अंचल/पंचायत सचिवालय** आदि में उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन आवश्यक रूप से करा ले, ताकि आपके बैंक खाते में निर्वाध रूप से पेंशन की राशि का भुगतान किया जा सके।

उक्त सूचनाएँ लोहरदगा, जिला के वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–

उपायुक्त, लोहरदगा

PR 306933 Lohardaga(23-24)#D



**झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RE-01/RDSD/RAMGARH/11/2022-23(2nd Call) 2023-24*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– Block Building मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RE-01/RDSD/RAMGARH/Block Building /04/2022-23 | माण्डू | माण्डू | रामगढ़ जिलान्तर्गत माण्डू प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी आवास/पर्यवेक्षक आवास/तृतीय वर्ग कर्मी आवास/चतुर्थ वर्ग कर्मी आवास/प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध नवनिर्माण कार्य। | 58861300.00 | 1178000.00 | 10000.00 | 12 (बारह) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 18.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 29.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन राशि एवं शपथपत्र जमा करने की स्थान तथा अंतिम तिथि एवं समय :– 04.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
- ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में जमा होगा।
- ग्रामीण विकास विशेष अंचल, हजारीबाग का जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में जमा होगा।
- e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन धुर्वा, राँची।
5. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय– ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.10.2023 अपराह्न 02:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 8986791292, 8210703869
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02% (प्रतिशत) राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 306944 Rural Work Department(23-24)D



**कार्यालय जिला परिषद, गुमला**

**अति-अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना**

जिला परिषद कार्यालय गुमला में बैठकों में अल्पाहार, चाय, कॉफी, भोजनादि आपूर्ति हेतु दर निर्धारण के निमित अधिकृत विक्रेताओं/निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं/स्थानीय होटल संचालकों से मुहरबंद कोटेशन दिनांक 20.09.2023 के अप0 5:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है :–

| क्रम | सामग्री | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | भेज खाना (सन्निहित सामग्री :– चावल, दाल, भेज सब्जी, पनीर, भुजिया, सलाद, पापड़, मीठा, सादा रोटी के साथ) | प्रति प्लेट |
| 2 | ननभेज खाना (सन्निहित सामग्री :– चावल, दाल, भेज सब्जी, (चिकेन/मटन/मछली तीनों में से एक), भुजिया, सलाद, पापड़, मीठा, सादा रोटी के साथ) | प्रति प्लेट |
| 3 | चाय | प्रति कप |
| 4 | कॉफी | प्रति कप |
| 5 | ग्रीन टी | प्रति कप |
| 6 | नास्ता (सन्निहित सामग्री :– काजू बर्फी, मीठा, सैंडविच, काजू दाना–10, मिक्चर, बिस्किट के साथ) | प्रति प्लेट |
| 7 | पानी बोतल | 1 लीटर |
| 8 | पानी बोतल | 250 ML |

विस्तृत शर्त्तों का अवलोकन जिला परिषद गुमला के सूचना पट्ट पर किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी

जिला परिषद, गुमला

PR 306946 Rural Development (23-24)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/21/2022-23 Re-tender (2nd Call)

P.R. No. 293960 Rural Development (22-23) D

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के माण्डर प्रखंड अंतर्गत ग्राम–कनभिठा और बरटोली के बीच सरना के नीचे कनभिठा नदी पर पुल निर्माण। | 366.10800 | 7,32,300.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 16.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.09.2023 से दिनांक 27.09.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 03.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   i) ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   ii) ग्रामीण विकास विशेश अंचल, राँची के लिए जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
   iii) e-procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.10.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, राँची।
10. ई0–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 8797792641
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची।

PR 306979 Rural Development(23-24)D



**झारखण्ड सरकार**

**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची**

(Email ID – eedwsd.ranchiwest@gmail.com)

**अति अल्पकालीन निविदा सं० –24/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अन्तिम तिथि :– 20.09.2023 अपराह्न 4.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय :– 21.09.2023 अपराह्न 4.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :– 22.09.2023 अपराह्न 4.00 बजे तक।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल राँची।
   2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमंडल राँची पश्चिम, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम राँची।
8. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Replacement of burnt electrical panel and its wiring works and painting back side wall which are damaged of D.D.O. building | 826860.00 | 16600.00 | 1250.00 | 40 दिन |
| 2 | Painting of 1st Floor office area and its allied works of Divisional Office. | 1008624.00 | 20200.00 | 2500.00 | 01 माह |
| 3 | Renovation of Toilet and painting of ground floor office area and its allied works of Divisional Office. | 1038502.00 | 20800.00 | 2500.00 | 01 माह |
| 4 | Seepage repair of roof and replacement of bathroom fitting with W/S, S/I and sewerage work and shifting of old and damaged vehicles of divisional store campus and its allied works in the campus of C.D.O. Building area. | 1083771.00 | 21700.00 | 2500.00 | 02 माह |

नोटः निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र http://dwsd.jharkhand.gov.in से **download** किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,

राँची पश्चिम, राँची।

PR.NO.306993 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

# नाबालिक से दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी के घर की कुर्की

## 3 आरोपी थे नामजद, दो हो चुके हैं गिरफ्तार

### पुलिस ने दो माह पूर्व चिपकाई थी इश्तेहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के एक गांव में दो वर्ष पूर्व 2021 में एक नाबालिग के साथ गांव के ही 3 युवकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसकी कांड संख्या 293/21 बिरनी थाना में दर्ज है। पीड़िता के घर कोई परिजन नहीं थे जिसका फायदा उठाते हुए 3 युवकों ने नाबालिग के साथ जोर जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म किया था वहीं एक युवक रैकी कर रहा था तथा दूसरे ने वीडियो बनाया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी नही होने से पीड़िता ने आत्मदाह का प्रयास किरासन छिड़ककर किया था जिसमें कई जगह पर जले के निशान भी हैं। घटना के मुख्य आरोपी राहुल मंडल वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर जिसके विरुद्ध आज कुर्की की गई। वहीं पीड़िता की मां सावित्री देवी ने कहा पुलिस का आरोपी के साथ सांठगांठ है और यह कुर्की सिर्फ दिखावे की कुर्की है तभी तो निर्माणाधीन घर का सिर्फ दरवाजा लेकर विभाग के सामने अपनी वाहवाही लूट रही है ।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत, मीडिया ट्रायल पर रोक लगनी चाहिए : ब्रजेंद्र सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता तथा धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में धनबाद बार परिसर में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें धनबाद बार के बहुत सारे अधिवक्ताओं ने भाग लिया। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने एक फैसला मे कहा है कि अभियुक्तों को भी अपना पक्ष रखने का पूरा अधिकार है। आज कल अक्सर देखा जा रहा है की बहुत सारे वैसे मुकदमो में मीडिया ट्रायल होने लग रहा है जिससे पुलिस और न्यायपालिका पर भी विपरीत असर पड़ने की ज्यादा संभावना रहती है। अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मत से मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के फैसले का स्वागत किया और सरकार से मांग किया है की मीडिया को भी केवल समाचार संकलन करने का ही अधिकार होना चाहिए ना की वैसा कुछ लिखे या दिखाए जिससे अभियुक्तों का अधिकार का हनन हो और पुलिस मीडिया के लिखे हुए शब्दों से प्रभावित हो जाए। इस बैठक में मुख्य रूप से ए के झा, उदय कुमार सिन्हा, श्रीकांत वर्मा, सौलत दाऊद, नरेन्द्र पसारी केसरी, इंद्र देव मंडल, जय दयाल केसरी, मनोज, बबली सिंह, समर, पीनू सिंह, पथ नाथ कुमार सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डुमरी पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को किया जब्त चालक फरार

**डुमरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरी पुलिस ने बीती रात्रि डुमरी गिरिडीह रोड के जामतारा से बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना ले गयी हालांकि इस दौरान ट्रैक्टर चालक फरार हो गया।थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि वह इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दिये है।पुलिस की इस कार्रवाई से बालू का अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप है।बतादें कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी द्वारा बालू खनन एवं परिवहन पर रोक के बावजूद डुमरी में बराकर नदी से प्रतिदिन दर्जनाधिक ट्रैक्टरों में बालू लादकर उत्तराखंड के रास्ते प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में घड़ल्ले से पहुंचाया जाता है। हालांकि पुलिस प्रशासन बीच बीच में ऐसे धंधेबाजों के विरूद्ध कार्रवाई करती रहती है इसके बावजूद भी अवैध बालू के धंधे में शामिल लोग धड़ल्ले से कार्य को अंजाम देते हैं।बतादें कि अवैध बालू का धुलाई जिन ट्रैक्टरों से किया जाता है उनमें से अधिकांश ट्रैक्टरों का नंबर भी नहीं रहता है।

# डीएवी बनियाहीर में राजभाषा पखवाड़ा का अयोजन

## विश्व के अधिकांश विश्वविद्यालयों में हिंदी की शिक्षा दी जा रही है : दिलीप



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जन जन को जो मिलती है वह भाषा हिंदी कहलाती है। हिंदी में अलग बात है क्योंकि इसी में सभी की जज़्बात है। जैसे बैनर हाथ में लिए डीएवी बनियाहीर के छात्रों के द्वारा भव्य रैली निकाली गयी। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड लोदना क्षेत्र-10 के मार्गदर्शन में डीएवी बनियाहीर में राजभाषा पखवाडा का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिलीप कुमार भगत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री भगत ने हिंदी की प्रासांगिकता पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा की प्रायः विश्व के अधिकांश विश्वविद्यालयों में हिंदी की शिक्षा दी जा रही है और रोजगार के क्षेत्र में भी इसकी महती भूमिका है। हमें इसके अधिकाधिक प्रयोग के लिए आग्रहशील होना चाहिए और लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। विद्यालय के बच्चों के द्वारा हिंदी जागरूकता रैली डीएवी बनियाहीर के प्रांगण से प्रारंभ किया गया जो झरिया सिन्द्री मुख्य मार्ग होते हुए बीसीसीएल क्षेत्रीय कार्यालय तक जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य एस. मोदक, बीसीसीएल लोदना के माननीय दिलीप कुमार भगत (क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक), सौरभ कुमार सिंह (प्रबंधकीय प्रशिक्षु), बी.एच. खान (क्रीडा पर्यवेक्षक) व कार्यालयीय लिपिक राकेश कुमार, किशोर महतो, विश्वनाथ धीवर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ हिंदी शिक्षक अरविन्द कुमार उपाध्याय, राकेश धर, अंकिता तिवारी, रमन राय, सोमा बनर्जी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एनके राय की पांचवीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को सहयोगी नगर, सबलपुर में स्थित ओल्ड इस होम लालमणि वृद्ध आश्रम द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम में स्वर्गीय डॉक्टर एन. के. राय की पांचवीं पुण्यतिथि आश्रम में आश्रय ले रहे बुजुर्गों संग उनके तेल चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर वृद्ध जनों के लिए स्वादिष्ट भोजन का व्यवस्था किया गया था। आसाराम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने बताया कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त ओल्ड एज होम में हमारी समस्या लालमणि वृद्धा आश्रम की टीम बुजुर्गों के लिए सुचारू रूप से बुजुर्गों के हर सुविधा एवं व्यवस्था में लगी हुई है। ओल्ड एज होम के सारे बुजुर्ग यहां अच्छी व्यवस्था से खुश है। नौशाद गद्दी ने समाज कल्याण विभाग के सभी पदाधिकारियों को इस आश्रम को संचालित करने का महत्वपूर्ण कार्य देने के लिए धन्यवाद दिया। पुण्यतिथि पर उपस्थित आश्रम के सक्रिय सदस्य ओंकार मिश्रा ने कहा वृद्धजनों की चेहरों पर खुशियां लाने के लिए हमारी टीम का यथासंभव प्रयत्न प्रयास रहता हैं। पुण्यतिथि के मौके पर ओल्ड एज होम में स्व. एन.के. राय के समस्त परिवार बेटी ललिता राय, राम पुकार राय, मदन मोहन राय, राधा रमन राय, श्याम सुंदर राय, सुष्मिता रॉय, राहुल सिंह, स्नेहा राय, सृष्टि रॉय ने वृद्धजनों की सेवा की एवं उनका हार्दिक आशीर्वाद प्राप्त किया।

# चाणक्य आईएएस एकेडमी का एनुअल फंक्शन धूमधाम से मनाया गया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को बिग बाजार के समीप यूनिविस्टा टावर स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी मे बहुत ही शानदार एनुअल फंक्शन मनाया गया। एकेडमी के इस कल्चरल फंक्शन में छात्र-छात्राओं ने अपनी गायन एवं नृत्य कला की प्रस्तुति की। इस मौके पर एकेडमी के प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने अपना जन्मदिन एनुअल फंक्शन के बने मंच पर केक काटकर एकेडमी के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के बीच मनाया।

# नए एसडीओ उदय रजक ने किया पदभार ग्रहण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद के नए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने आज संध्या अनुमंडल कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी ने पुष्पगुच्छ प्रदान करके उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री रजक ने कहा कि अपने दायित्व को समझकर, वरीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन और सहयोग से तथा पुलिस प्रशासन के आपसी समन्वय से जिले की विधि व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, कार्यपालिका दंडाधिकारी बंधु कच्छप, रविंद्र ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्री रजक का स्वागत किया। साथ ही निवर्तमान एसडीओ श्री प्रेम कुमार तिवारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# अचानक आए तेज बुखार से हुई युवक की मौत

## स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू होने से किया इंकार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** धनबाद नगर निगम अंतर्गत 48 नंबर वार्ड की डुमरियाताड़ बस्ती में 17 वर्षीय किशोर की मौत डेंगू से हो गई। बस्ती के लोगों का कहना है कि शाम में बुधन महतो के पुत्र कृष्णा महतो को अचानक तेज बुखार आया। वह स्थानीय क्लिनिक तक भी नहीं जा सका। जमीन पर गिरा व दम तोड़ दिया। उसके बाद मां शानू व बहन अष्टमी कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है। इसके पहले पड़ोस की ही 12 वर्षीय चम्पा कुमारी की मौत भी तेज बुखार के कारण हो चुकी है। विगत तीन दिन के अंदर डेंगू से दो नाबालिग की मौत के बाद बस्ती में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस्ती में कई लोगों को तेज बुखार है। इधर चासनाला स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मी मानने को तैयार ही नहीं हैं कि नाबालिगों की मौत डेंगू से हुई है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम बस्ती में कैम्प लगा कर 70 घरों के सभी परिवार के लोगों की ब्लड जांच में जुट गई है। जांच टीम में स्वास्थ्य विभाग मनव्वर आलम, इन्द्र कुमार सहित आधा दर्जन कर्मी शामिल हैं। स्थानीय भाजपा नेता रोहित बिद ने बताया है कि जब से बस्ती में नाली का निर्माण हुआ, उसके बाद से अब तक उसकी सफाई नहीं की गई है। नाली जाम है जबकि बस्ती में सफाई अभियान चलाया भी नहीं जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग चासनाला के चिकिसक डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि अब तक किसी भी डेंगू मरीज की पहचान नहीं हुई है। हालांकि दो नाबालिगों की मौत बुखार से हुई है। सभी लोगों की जांच शुरू कर दी गई है।

## उसरी नदी बचाओ अभियान को लेकर जमशेदपुर विधायक पहुंचे गिरिडीह छठ

# उसरी की हालात गंभीर है : सरयू राय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में लगातार उसरी नदी बचाओ अभियान के प्रतिनिधि मंडल संग पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर विधायक सरयू राय ने पुलिस लाइन स्थित मानसरोवर तालाब एवं शास्त्री नगर स्थित उसरी नदी का तटीय क्षेत्रों का भ्रमण किया। वही मानसरोवर निरीक्षण में तालाब की दुर्दशा को देख चिंता जाहिर की मानसरोवर तालाब के अध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद गुप्ता भी उपस्थित थे। वहीं अभियान के तहत प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को सर्किट हाउस में मुलाकात कर मुहिम के विषयों को संज्ञान में दिया था। इसी के साथ एक ज्ञापन भी दिया गया था। वही गुरुवार को श्री विधायक निरीक्षण के दौरान विधायक सरयू राय ने कहा सरकार का बिल्डिंग बायलॉज बना है की किसी भी परिस्थिति में नदी के तटीय क्षेत्र से 30 से 50 मीटर के परिधि में निजी निर्माण नही कर सकता है। जिस प्रकार से नदी में बालू का खनन हुआ है आने वाले समय यहां से पत्थर भी निकालकर बेचने का काम कर सकता है । प्रशासन को गंभीरता दिखानी चाहिए। नदी को बर्बाद करने वाले गिरोह पर बिना किसी राजनीतिक दवाब के कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।* मानसरोवर तालाब को भी बेहतर करने के लिए जल्द कुछ विशेष अभियान की जरूरत है, विधायक ने कहा की नगरनिगम और



प्रशासन के साथ जनता को भी ध्यान से रखना है। वही अभियान के प्रतिनिधियों ने कहा बहुत जल्द जिले के सभी विधायक और सांसद सहित जिला प्रशासन को उसरी बचाने को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। मौके पर अभियान के प्रतिनिधि माले नेता राजेश सिन्हा , भाजपा नेता विनय कुमार सिंह,आप नेता कृष्ण मुरारी शर्मा, साउंड एसोसिएशन अध्यक्ष रामजी,अधिवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता शिवा सिंह प्रसाद यादव, कॉग्रेस के सद्दाम हुसैन, सुरेश सिंह, पपीन्द्र राणा,अनिल राम,ओमकार प्रसाद के साथ संदीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# एनआई कार्य के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल से गुजरने वाली दो जोड़ी ट्रेनों का आंशिक समापन-प्रारंभ देवघर से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु दिनांक 15.09.2023 से 18.09.2023 तक आसनसोल मंडल के दुमका स्टेशन पर एनआई कार्य किया जाना प्रस्तावित है । इसी के मद्देनजर संरक्षा की दृष्टिकोण से पूर्व मध्य रेल से गुजरने वाली 02 जोड़ी ट्रेन का का आंशिक समापन/प्रारंभ कर चलाया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

**आंशिक समापन/प्रारंभ कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -**

1.दिनांक 14.09.2023 से 17.09.2023 तक रांची से खुलने वाली गाड़ी सं. 18619 रांची-गोड्डा इंटरसिटी एक्सप्रेस का आंशिक समापन देवघर में किया जायेगा ।

2. दिनांक 15.09.2023 से 18.09.2023 तक गोड्डा से खुलने वाली गाड़ी सं. 18620 गोड्डा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ देवघर से किया जायेगा ।

3. दिनांक 15.09.2023 से 18.09.2023 तक रांची से खुलने वाली गाड़ी सं. 13320 रांची-दुमका एक्सप्रेस का आंशिक समापन देवघर में किया जायेगा ।

4. दिनांक 16.09.2023 से 19.09.2023 तक दुमका से खुलने वाली गाड़ी सं. 13319 दुमका-रांचीएक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ देवघर से किया जायेगा ।

# जंगली हाथियों के झुंड ने एक घर तोड़ा धान व मकई फसल को भी किया नष्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**डुमरी :** डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो उत्तरी के सरैयाटांड़ में बुधवार की रात्रि जंगली हाथियों की झुंड ने उत्पात मचाते हुए एक कच्चा मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही कई ग्रामीणों के फसलों को नष्ट कर दिया।हाथियों के उत्पात की सूचना पाकर गुरूवार को वन विभाग के कर्मियों ने हुए नुकसान की जानकारी ली। हाथियों के झुंड में 22 हाथी शामिल हैं। इस संबंध में बताया जाता है कि हाथियों की झुंड ने सोमार महतो का कच्चा मकान क्षतिग्रस्त दिया वहीं अशोक महतो का धान एवं मकई के फसल को नष्ट कर दिया इसी तरह से झरी महतो का मकई, टेकलाल महतो का मडुवा और मकई, नरेश महतो का बादाम और मकई, केदार महतो का मकई, सुरेश महतो का मकई,मुकेश महतो का मडुवा, तेजो महतो का मकई एवं निरपत महतो का बादाम एवं मडुवा की फसल को नष्ट कर दिया।

# लोकसभा चुनाव के लिए लोकसभा प्रभारी व सह प्रभारी का लोजपा ने की घोषणा

## लोजपा से कोडरमा लोकसभा प्रभारी राज कुमार राज

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** गुरुवार को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए लोकसभा प्रभारी एवं सह प्रभारी की घोषणा की है । जिसके अनुसार रांची के लिए बबलू सागर मुंडा एवं संजय सिंह हजारीबाग के लिए मुकेश कुमार एवं रणजीत राम राजमहल के लिए रंजीत कुमार सिंह गोड्डा के लिए ऋतुराज एवं सचिन रवानी धनबाद के लिए डीपी लाल एवं दिनानाथ ठाकुर साहिबगंज के लिए प्रमोद पासवान एवं सुधीर पासवान पलामू के लिए रामाशीष सिंह एवं संजय कुमार सिंह खूंटी के लिए प्रतिमा कुमारी और सुशील कुमार केसरी दुमका के लिए मुनीलाल टाटी सिंहभूम के लिए सुनील कुमार प्रसाद गिरिडीह और कोडरमा स्वयं प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज देखेंगे इसके अलावा चुनाव संचालन समिति का भी गठन हुआ है जिसमें करुण कुमार सिंह उर्फ राजकुमार सिंह दिलीप कुमार राजकुमार रवानी विनीत कुमार सूरज पांडे सुरेंद्र अग्रवाल कमलेश शर्मा सुशील चौधरी पीयूष सागर नितेश कुमार सिंहद्य को सदस्य बनाया गया है विकास रंजन सिंह एवं मिथिलेश पासवान तथा रौनक जायसवाल को इस समिति का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है यह समिति एनडीए के घटक दलों से समन्वय स्थापित कर लोकसभा चुनाव में प्रचार प्रसार करेगी।

# हिंदी दिवस पर मंडल रेल कार्यालय अधिकारियों द्वारा राजभाषा का संकल्प लिया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** हिंदी दिवस समारोह के सुअवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा.) अशोक कुमार महथा एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) सह अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी विनीत कुमार एवं शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में राजभाषा संकल्प लिया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा.) अशोक कुमार महथा के द्वारा राजभाषा संकल्प पढ़ा गया जिसमे उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोहराया। संकल्प में संविधान द्वारा स्थापित नियमों के अनुरूप संप्रभुता सम्पन्न भारत संघ की भाषायी एकता को बनाए रखने तथा जाति, धर्म और प्रांतीयता की भावना से ऊपर उठकर, संविधान की आठवीं अनुसूची में प्रदत्त सभी प्रांतीय भाषाओं का आदर करते हुए अपना सारा काम-काज हिंदी में करने का संकल्प समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लिया।

# टुंडी सीएचसी में नये एंबुलेंस का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में झारखंड सरकार द्वारा एक नई एंबुलेंस मरीजों के लिए उपलब्ध कराया गया जिसका टुंडी चिकित्सा प्रभारी श्रवण कुमार के कर कमलों द्वारा बड़े ही विधि विधान एवं पूजा अर्चना के साथ एंबुलेंस का उद्घाटन किया गया बताया जाता है कि नई एंबुलेंस के पदार्पण होते ही टुंडी के लोगों में अच्छी खासी खुशी देखी जा रही है लोग आपस में बातचीत करते हुए देखे गए कि झारखंड सरकार द्वारा नित्य नए कार्यों का शुभारंभ कर जनता के प्रति एक अच्छी सोच एवं ख्याल रखने का काम कर रही है।



एंबुलेंस के आगमन को लेकर टुंडी की जनता के साथ-साथ मरीजों एवं अस्पताल के कर्मचारियों में अच्छी उत्साह का संचार हुआ है। इस एंबुलेंस के उद्घाटन समारोह के शुभ बेला में मिथुन दुबे, प्रभात मुखर्जी, सतीश सुमन, गोपीनाथ हेंब्रम, मिलन लाल ,अशोक कुमार, श्रवण चंद्रवंशी ,विनय मंडल, चालक विवेक कुमार के अलावा एमटीई विक्रम, मोहम्मद रियाज, समेत कई शुभचिंतक इस पावन कार्य में उपस्थित थे।

# सरकारी भवन व सरकारी परिसर में राजनैतिक पार्टियों की गतिविधियों पर लगाया बैन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** प्रखंड विकाश पदाधिकारी ने सभी मुखिया को प्रखंड के सभी सरकारी भवन एवं सरकारी परिसर में राजनैतिक पार्टियों की गतिविधियों निषेध किये जाने का आदेश जारी किया है। कहा की उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्राप्त सूचना के आधार पर यह ज्ञात हुआ हैं कि दिनांक 13.09.2023 को पंचायत सचिवालय ओझाडीह में एक राष्ट्रीय पार्टी के मण्डल अध्यक्ष श्री मितनारायण वर्मा के अध्यक्षता में उस राजनीतिक पार्टी के लिए बैठक आयोजित किया गया था। ध्यातव्य है कि किसी भी सरकारी भवन एवं सरकारी परिसर में किसी राजनैतिक पार्टी का बैठक सम्मेलन तथा किसी भी प्रकार के कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाना सरकारी दिशा निर्देश के विरूद्ध है। निर्देश दिया जाता है कि आप अपने पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत किसी भी सरकारी भवन एवं सरकारी परिसर का उपयोग राजनैतिक पार्टियों द्वारा किसी भी प्रकार के राजनैतिक कार्यक्रम हेतु नही होने देना सुनिश्चित करेगें।

## मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

# बच्चों ने अपनी लगन और मेहनत से किया विद्यालय का नाम रौशन : अलीरजा अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुड़ू-लोहरदगा :** प्रखंड के रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी में अध्ययनरत कराटे खिलाड़ियों का समूह राजस्थान की राजधानी जयपूर से चैंपियनशिप खेलकर आज वापस लौट गया है। मालूम हो कि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स लिमिटेड ऑफ जयपुर, राजस्थान के तत्वाधान में खेल कराटे लीग चैंपियनशिप 2 का आयोजन 8 से 12 सितंबर तक आयोजित किया गया था। इस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रानी कुमारी एवं मोहन टाना भगत ने गोल्ड मेडल, अमृता कुमारी रजत पदक, सूरज उराँव एवं अंशू तिग्गा, रौशनी कुमारी, अदनान अंसारी, सूरजमुनी कुमारी, सूरज उरांव ने ब्रांज मेडल अपने नाम किया। आज जयपूर से बच्चों के वापसी पर जिंगी गांव में बहुत उल्लास और खुशी का माहौल देखा गया। रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने विद्यालय के बाहर कतारबद्ध होकर तालियों री गड़गड़ाहट के साथ अपने साथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी, जिंगी पंचायत समिति सदस्य संतोषी उरांव, विद्यालय प्र. समिति अध्यक्ष कंचन राम सहित तमाम अभिभावकों ने फूल माला एवं बुके देकर अपने होनहार बच्चों के जुनून और उत्साह को सराहा। विद्यालय प्रधानाचार्य अलीरजा अंसारी ने मेडल प्राप्त किये बच्चों की मेहनत, लगन और कराटे खेल के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आज इन बच्चों ने विद्यालय का नाम रौशन कर दिया है। निश्चित रूप से आनेवाले दिन मे यह क्षेत्र खेल की दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय कराटे कोच देवंती कुमारी एवं विनय कुमार की जी तोड़ मेहनत को दिया। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रशंसा की।मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं ज्याउल हक अंसारी, पेरमेश कुमार सिंह, सरोज कुमार दुबे, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, चांदो तिर्की, समीना खातून, फूलमनी उरांव,आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। विद्यालय में स्वागत कार्यक्रम के बाद पैदल मार्च करते हुए सभी मेडलिस्ट बच्चे एंव ग्रामिणों का समूह अबीर-गुलाल लगाते हुए स्व लालू टाना भगत की प्रतिमा तक पहुंचा।यहां सभी ने स्व.लालू टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण की तत्पश्चात कार्यक्रम समाप्त किया गया। इस अवसर पर अभिभावक ओलिभा तिर्की, धर्मनिया उरांव, जीवन उरांव, करमचंद उरांन, सरफराज अंसारी, कार्तिक उरांव, सुधीर उरांव, बुधन महली, बुधराम उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## नवचयनित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में वार्ड सदस्यों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अन्तर्गत द्वितीय चरण का प्रशिक्षण गुरुवार से प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा और पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड क्षेत्र के बुटी, भड़गाँव, अलौदी और बदला 4 पंचायत से सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा के द्वारा वार्ड सदस्यों का कार्य व अधिकार के बारे में जानकारी देते हुए संविधान के अनुसार पंचायती राज की धारा 10 के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। तथा सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण का महत्व तथा पंचायत के विकास में वार्ड सदस्यों की भूमिका को बताते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को गाँवों का विकास के लिये प्राथमिकता के आधार पर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता मद बैठक कर ग्राम सभा मे योजना को पारित कराते हुए योग्य लाभुक को योजना का लाभ दिलाना वार्ड सदस्यों का काम है। गाँव का सर्वांगीण विकास के लिये गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम, योजना तय कर परिसम्पत्ति का वितरण, जनसामान्य के बीच सामान्य चेतना, एकता व सौहार्द बना कर विकास कार्यो के लिये अभिवृद्धि करना और वार्षिक बजट पर विचार विमर्श कर विकास कार्यो का सूची तैयार करना वार्ड सदस्यों को मुख्य कार्य है।

## अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी में हिंदी दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी में हिंदी दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध लेखक एवं लेखिकाओं की वेश-भूषा और रचनाओं को गा कर प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अविराम के सचिव श्री इंद्रजीत भारती के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर तथा हिंदी साहित्य के महान लेखक एवं लेखिकाओं को माल्यार्पण कर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में हिंदी का महत्व बताया। हिंदी लेखक एवं लेखिकाओं के छवि के प्रदर्शन में सीनियर में प्रथम स्थान दक्षा पुष्प मीराबाई एवं जूनियर में वेदांश भरद्वाज ने तुलसीदास का रूप धारण किया। इस मौके पर ऋतु, शशि सर, चिनीवास सर, सुनीता मैम, रीता, शबनम, रोशन, संगीता, काजल, अफसाना, तारमनी, प्रीति, पूजा, प्राची, खुशबू तथा अनुषा सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम निमित्त बिंदेश्वर उरांव के नेतृत्व में डोर टू डोर किया गया मिट्टी संग्रह



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवम महिला मोर्चा के नेतृत्व में ग्राम वकील अम्बवा मे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बिंदेश्वर उराँव के अगुवाई में घर घर से मिट्टी संग्रह किया गया। गाँव की महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये बढ़ चढ़ कर भाग लिया। गांव के सभी आमजनों का उत्साह की हमारे द्वारा गए मिट्टी से देश की राजधानी दिल्ली में अमृत वाटिका बनाया जाएगा। कार्यक्रम में गीता उराँव, राखी उराँव, सुकरा उराँव, भूलन राम,सोमरा उराँव, जंगलु उराँव, मंगरू उराँव आदि मौजूद थे।

### वाद-संवाद प्रतियोगिता में अभय प्रथम व शब्बीर द्वितीय

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में महाविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में भारत या इंडिया विषयक वाद-संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 25 छात्र -छात्राओं ने भाग लिया। वाद -संवाद प्रतियोगिता में अभय साहू ने प्रथम स्थान, शब्बीर अंसारी ने द्वितीय स्थान और मंतोष उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी के द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रोशनी उरांव,सुषमा अभिषेक लकड़ा, सुहानी टोप्पो, सुहानी कुमारी, अंजली कुमारी, अल्फा कुजूर, नेहा कुमारी, वर्षा टोप्पो, किरण कुमारी, पूनम कुमारी, विशाल शिखर, आदित्य उरांव, अमन टोप्पो, सुजीत उरांव,चंदन महतो,निशित उरांव,शिवाजीत ठाकुर,अंकित उरांव आदि छात्र-छात्राओं की सहभागिता भी काफ़ी सराहनीय रही। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में तार्किक शक्ति और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि भारत पर प्रत्येक भारतीय को गर्व होना चाहिए। निर्णायक मंडली में रितेश कुमार पाठक, यशोदा कुमारी और स्नेहा शर्मा उपस्थित थे। संचालन और समय पालक की भूमिका में प्रीति कुमारी गुप्ता थी। कार्यक्रम में रेणु कुमारी, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतन प्रिया, आरती भगत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रा मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा में विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर अस्पताल लोहरदगा के एनसीडी सेल द्वारा रा मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा के सभा कक्ष में विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक अरुण राम एवं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यालय के बच्चों के द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सक डॉ गौरव एवं मनोचिकित्सक नर्स सिस्टर सुनीता लकड़ा का स्वागत किया गया। डॉ गौरव ने बच्चों को अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रमुख तरीकों को बतलाया। उन्होंने कहा कि अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हमें पर्याप्त नींद, स्वास्थ्य वर्धक भोजन, आराम एवं तनाव मुक्त होने के बारे में जागरूकता, रोज कुछ नई चीजों को सिखाना, अपने दोस्तों एवं परिवार से बातें करना, दूसरों को मदद करना, प्रतिदिन शारीरिक व्यायाम करना, अपनी भावनाओं को साझा करना, अपने आसपास के वातावरण में होने वाली घटनाओं को नोटिस करना, संतोषी होना, दैनिक एवं भविष्य के लक्ष्य का निर्धारण करना, चुनौतियों का सामना करना, हमेशा खुश रहना, समस्या होने पर दूसरों से मदद लेना तथा हमेशा मजा करना एवं हंसना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें प्रथम मंजू कुमारी द्वितीय राजू महतो एवं तृतीय स्वाति उरांव हुई। जिन्हें क्रमशः सोनाटा घड़ी, स्कूल बैग, नोटबुक तथा पेन इत्यादि उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अरुण राम, विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार, अजय कुमार, नेमहन्ति मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष कुमार तथा माता समिति के पुष्पा देवी, सुमन देवी, तथा किरण देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानमंत्री पूनम कुमारी के नेतृत्व में बाल संसद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अंजुमन इस्लामिया के प्रतिनिधियों ने एसपी से मिलकर दी मुबारकबाद



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के पदाधिकारियों ने गुरुवार को अंजुमन इस्लामियां के सदर हाजी अफसर कुरैशी के नेतृत्व में नवनियुक्त एसपी तथा निवर्तमान एसपी से मुलाकात कर दोनों को भविष्य की मुबारकबाद दी। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी ने कहा की निवर्तमान एसपी आर रामकुमार से मुलाकात के दौरान उनके द्वारा लोहरदगा जिला में अमन व शांति स्थापित करने के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य के लिए उन्हें मुबारकबाद दी गई। वहीं नवनियुक्त एसपी हरीश बिन जमा से मिलकर लोहरदगा जिला में उनका स्वागत किया गया तथा जिले में अमन शांति व भाईचारा स्थापित करने को लेकर अंजुमन इस्लामिया के द्वारा हमेशा सहयोग करने की बात कही गई। साथ ही समाज मे आपसी सौहार्द व भाईचारा स्थापित हो इसके लिए जिला प्रशासन को अंजुमन के द्वारा हमेशा सहयोग देने की बात भी कही गई। प्रतिनिधि मंडलों में अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी सफदर आलम, उप सेक्रेटरी मुजम्मिल अंसारी, उप सदर नेहाल कुरैशी व मुन्ना कुरैशी आदि शामिल थे।

## दुसरे चरण का तीन दिवसीय 03 पंचायत वार्ड सदस्यों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 14 सितंबर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में द्वितीय चरण प्रखंड के 03 पंचायत नरौली, गजनी, व गुड़ि के वार्ड सदस्यों का 16 सितंबर तक प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गुहा उराँव के उपस्थिति मे मास्टर ट्रेनर मनोज कुमार के द्वारा दिया जा रहा है प्रशिक्षण। इस अवसर पर ट्रेनर ने बताया कि वार्ड सदस्यो का पंचायतीराज व्यवस्था मे भूमिका, कैसे करना है ग्रामसभा इत्यादि के विषय मे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि ग्राम सभा के स्थाई समिति जैसे ग्राम रक्षा समिति, ग्राम विकास समिति, निगरानी समिति, आधार संरचना समिति, सार्वजनिक सम्पदा समिति, कृषि समिति, स्वास्थ्य समिति ये सभी ग्राम सभा के स्थाई समितियाँ हैं, प्रशिक्षण मे इनके गठन एवं कार्यो के विषय मे सभी वार्ड सदस्यों को विस्तार पुर्वक बताया जा रहा है। मौके पर सीमा उराँव, उर्मिला कुमारी, अयूब अंसारी, उबैर टोप्पो, शीला उराँव, ईश्वर दास बाखला इत्यादि वार्ड सद्स्य प्रशिक्षण मे उपस्थित थे।

## हिंदी भारत कि भारत राष्ट्र मुकुट की बिंदी है : शुभम कुमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय की पूर्व छात्र शुभम कुमारी जो वर्तमान समय में वन विभाग में कार्यरत हैं उन्होंने मां सरस्वती भारत माता तथा ओम के समक्ष दीप जलाकर पुष्पार्चन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भारत की राष्ट्रभाषा हिंदी है राजकीय इसे राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार करके हम सभी को अपने व्यवहार में हिंदी का प्रयोग अधिक करना चाहिए जिससे हिंदी भाषा को उचित सम्मान प्राप्त हो सके। इस अवसर पर भैया बहनों द्वारा कविता पाठ किया गया। हिंदी भाषा के महत्ता को प्रतिपादित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने बताया कि यह भाषा विश्व में सर्वाधिक लोगों के द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। यह सरस सरल और इसका व्याकरण प्रमाणिक है हम अपने राष्ट्र की पहचान अपने भाषा के माध्यम से विश्व के पटल पर रख सकते हैं। आज जितने भी देश हैं उनकी अपनी भाषा के माध्यम से ही वहां पठन-पाठन होता है वहां के लोग अपनी भाषा को ही महत्व देते हैं। किंतु हमारे देश का यह दुर्भाग्य रहा है कि हम अपनी मातृभाषा संस्कृत तथा राष्ट्रभाषा हिंदी को छोड़कर अन्य भाषाओं को सिखाने एवं समझने में अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं।

## खून की कमी में सुधार के लिये सभी को कृमि की दवा खिलायें : देवेंद्र गिरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को कृमि दवा खिलाने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। स्वास्थ विभाग के प्रशिक्षक देवेंद्र कुमार कुमार गिरि व मंसूर आलम ने कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चो एव किशोर किशोरियों का स्वास्थ और पोषण प्रभावित होता है। जैसे खून की कमी, कुपोषण, उल्टी, दस्त, वजन में कमी आना जैसे अनेकों बीमारी होता है। और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस लिए 20 सितंबर आंगनबाड़ी केंद्र में 1 से 2 वर्ष के बच्चे बच्चियों को कृमि का आधा गोली और 2 से 19 वर्ष तक के किशोर किशोरियों को 1 गोली कृमि का दवा देना है और अपने निगरानी में खिलाना है। साथ ही इससे बचाव को लेकर बताते हुए कहा गया की अपने शरीर और घर के आस पास साफ और स्वच्छ रखें हमेशा साफ तथा गर्म पानी पिए,खुले में शौच न करे, शौचालय का उपयोग करें। स्वास्थ सुविधा की लिए 104 नंबर में डायल करने की बात कही गई। मौके पर देवेंद्र कुमार गिरि, मंसूर आलम, परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे सभी आंगनबाड़ी सेविकाएँ उपस्थित थे।

## साम्प्रदायिक सौहार्द तथा लॉ एंड आर्डर बनाये रखना मेरी प्राथिमकता होगी : पुलिस अधीक्षक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा ज़िला में नवनियुक्त पुलिस कप्तान श्री हारिश बीन जमां से लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल FJCCI के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो तथा लोहरदगा चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार के संयुक्त अगुवाई में औपचारिक मुलाकात में बुके देकर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधि मंडल में चैम्बर उपाध्यक्ष धनन्जय प्रसाद,धर्मेंद्र कुमार, दीपक सर्राफ,राजीव रंजन लोकेश प्रसाद, उत्तम शर्मा, गुप्तेश्वर प्रसाद शामिल थे। मुलाकात के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि आप अपनी व्यापार निर्भीकता से करें,हम सभी अपराध के खिलाफ त्वरित कारवाई हेतु कृतसंकल्प हैं। लॉ एंड आर्डर को स्थापित कर आपलोगों के साथ ज़िला मिलकर चलाने हेतु मैं व्यक्तिगत रूप से 24 घण्टा सातो दिन उपलब्ध हूँ। ज़िला के सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की गलत मनसा रखने वालों से पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी। इस बीच बातचीत के दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो जी ट्रैफिक व्यवस्था का मुद्दा उठाएं तथा बिना हेलमेट मोटर साईकल चलाने के कारण आये दिन हो रहे दुर्घटनाओं पर चर्चा हुई। जिसपर मिलकर काम करने का प्रस्ताव चैंबर ने रखा तथा सलाह दिये कि नियम तोड़ने वालों को फाइन या सज़ा देने की जगह उनको लागत दर पर स्पॉट में हीं हेलमेट उपलब्ध करवाया जाय। वहीं पुलिस अधीक्षक महोदय ने ट्रैफिक व्यवस्था को बनाये रखने हेतू समय समय पर जागरूकता अभियान चलाये जाने पर ज़ोर दिये।

## अवैध रुप से बालू परिवहन करते ट्रैक्टर कैरो थाना पुलिस ने पकड़ा, थाना ला किया जब्त

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो थाना पुलिस के द्वारा 14 सितंबर गुरुवार को हनहट पंचायत के गितिलगढ़ व हनहट के बीच पुलिया के समीप अवैध रूप से बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। ट्रैक्टर का पंजीयन संख्या जेएच 01ईटी 3892 है। कैरो थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि अवैध रूप से बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा है। जिसके बाद कैरो थाना पुलिस के द्वारा गितिलगढ़ व हनहट गांव के बीच ट्रैक्टर को पकड़ा गया। मामले पर कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव ने बताया कि पकड़े गए ट्रैक्टर की जब्ती सूची तैयार कर अंचलाधिकारी के माध्यम से खनन विभाग को आगे की करवाई के लिए भेजा जाएगा।

## हिंदी भाषा का उपयोग विज्ञान के क्षेत्र में भी किया जाय : डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि कला, संस्कृति, साहित्य के क्षेत्र में हिंदी का बहुत अच्छा उपयोग हुआ है लेकिन हिंदी का इस्तेमाल विज्ञान के क्षेत्र में नहीं होता है। वैज्ञानिक कार्यो,खोज आदि में भी हिंदी भाषा का उपयोग हो। इसमें आज के युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। अगर आज की युवा-पीढ़ी चाहे तो इसमें क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। उक्त बातें उपायुक्त, लोहरदगा ने आज गुरूवार को हिंदी दिवस के मौके पर नगर भवन,लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। उपायुक्त ने कहा कि आज के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा भाषा सीखनी चाहिए ताकि वर्तमान परिपेक्ष्य वे सफल हो सकें। इससे भाषा और समृद्ध होगी। एक दूसरे की संस्कृति को नजदीक से जानने का मौका मिलेगा। भाषा को विद्वता से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति अंग्रेजी भाषा का ज्ञान नहीं रखता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि उसे उस विषय की जानकारी नहीं है। भाषा का ज्ञान और किसी विषय का ज्ञान अलग-अलग चीजें होती हैं। भाषा एक माध्यम और साधन है एक इंसान को दूसरे इंसान के बारे जानने का। भाषा को जितना सीखेंगे, उतने ही नये अवसर मिलेंगे। आज देश में हिंदी एक ऐसी भाषा है जो सबसे अधिक बोली जाती है। विश्व के कई देशों में भी हिंदी बोली जाती है। विश्व का हर पांचवां व्यक्ति हिंदी बोलता है। भारत देश में भाषा की विविधता है। अकेले झारखण्ड में 10 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। इसके बावजूद हिंदी एक ऐसी भाषा है जो सबसे अधिक लोकप्रिय है और बोली जाती है। पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमाँ ने कार्यक्रम में कहा कि हिंदी का उपयोग अलग-अलग समय में अलग-अलग तरीके से हुआ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने आंदोलन में हिंदी के माध्यम से ही राष्ट्रवाद का जोश भरा। स्वामी विवेकानंद ने भारत देश को भारत माता के रूप में देखा। आज हिंदी का इस्तेमाल सभी जगह हो रहा है।

## भादि अमावस्या पर राणी सती दादी जी का महोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** निर्माणाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में भादि अमावस्या पर राणी सती दादी जी का महोत्सव धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया श्री रानी सती दादी जी का भव्य दरबार सजाया गया एवं दादी जी को अलौकिक श्रृंगार की करते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया, दोपहर 3:00 बजे से 4 घंटे तक समाज की 101 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी वेशभूषा पहन कर मंगला पाठ करते हुए दादी जी के मनमोहन भजनें गाएं और दादी जी का दुपट्टा को एक दूसरे को ओड़ाकर काफी झूमे, इस भक्ति कार्यक्रम से सारा वातावरण भक्ति मय हो उठा। उसके उपरांत रात्रि में बाहर से आ रहे भगवती जागरण मंडली के द्वारा मनमोहन भजन जागरण का आयोजन हुआ। मंगला पाठ में, शकुंतला राजगढ़िया, ममता बंका, कल्याणी पोद्दार, अनीता पोद्दार, सत्यभामा राजगढ़िया, अनीता पोद्दार, मंजुला केरिया, रितु शर्मा, अंजली सराफ, दीपा पोद्दार, शिल्पी पोद्दार, रश्मि अग्रवाल, श्वेता मित्तल, रेखा मोदी, मंजू सर्राफ, सीमा पोद्दार रंजना अग्रवाल, रखिया पोद्दार, अंकिता बंका, रिशु पोद्दार, रेखा मोदी, स्मृता पोद्दार, उषा पोद्दार, रानू पोद्दार,आशा पोद्दार, मोनिका पोद्दार,मंजू पोद्दार, वर्षा पोद्दार, मंजू मोदी, रखिया पोद्दार, उषा टिबरेवाल, आकांक्षा सर्राफ, सत्यभामा राजगढ़िया, संगीता मित्तल, नीतू पोद्दार, मीनू राजगढ़िया, प्रीति बंका, अनीता पोद्दार, मंजू सर्राफ, सविता राजगढ़िया, रीता अग्रवाल, अंजू जयसवाल, लक्ष्मी मित्तल, मीना देवी, सुधा बर्मन, प्रीति केडिया, नीतू मित्तल, मंजू अग्रवाल आदि के अलावा कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव प्रसाद राजगढ़िया, दीपक सर्राफ, राम प्रकाश मोदी, जय प्रकाश शर्मा, विक्की पोद्दार, निशांत सर्राफ, विमल बांका, शशांक बर्मन, रुपेश चौधरी अनुराग पोद्दार, आशीष पोद्दार, मयंक मोदी, चंदन राजगढ़िया, शुभम शर्मा, अतुल सर्राफ, प्रतीक पोद्दार आदि लगे हुए हैं।

## चलते चलते एक नजर

### भाषा का सदुपयोग ही सनातन हिंदू धर्म : शंकराचार्य

**वाराणसी** : कांची कामकोटि पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी महाराज ने भाषा की विशेषता बताते हुए भगवान हनुमान जी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की अमरत्व वाणी से सीता जी का आत्मविश्वास बड़ा और उनमें रावण का सामना करने की शक्ति आयी। उन्होंने कहा कि भाषा मुख्य है, साहित्य मुख्य है। भाषा का सदुपयोग करना चाहिए और उसका देश के विकास में उपयोग करना चाहिए, उसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। सदुपयोग ही सनातन हिंदू धर्म है। जगद्गुरु शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी महाराज गुरुवार को शिवाला स्थित राजा चेत सिंह किला परिसर में आयोजित भारतीय भाषा सम्मान दिवस कार्यक्रम को अपना आशीर्वचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि समाचार शब्द काफी पुराना है। धर्म के प्रति जानकारी और जागरुकता के जरिये बढ़ रही है। चातुर्मास के दौरान भाषा विद्वानों को सम्मानित करना अच्छी पहल बताया। शंकराचार्य ने सनातन धर्म की विशेषता बताते हुए कहा कि भाषा का सदुपयोग ही सनातन हिंदू धर्म है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म निरर्थक नहीं होना चाहिए। जो काम हमें मनुष्य के रूप में मिले हैं उसे करना चाहिए। धर्माचरण मुख्य है। परोपकार से दूसरों की मदद करने के लिए हमसे जो कुछ हो सकता है करना चाहिए। कष्ट निवारण ही धर्म है। अच्छे कर्म करने के लिए सबको मौका देना हिन्दू धर्म है। उन्होंने मंदिर को धर्म का केंद्र बताया।

### आईएनडीआईए की पार्टियां 14 पत्रकारों के शो में नहीं भेजेंगी अपना प्रतिनिधि

**नई दिल्ली** : विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए ने तय किया है कि वह अपने किसी भी प्रवक्ता को सुधीर चौधरी सहित 14 पत्रकारों के शो में नहीं भेजेंगे। इस संबंध में आईएनडीआईए की समन्वय समिति ने गुरुवार को एक पत्र जारी कर कहा कि 13 सितंबर को आईएनडीआईए ने अपनी बैठक में निर्णय लिया है कि विपक्षी दलों का संगठन आईएनडीआईए का कोई भी प्रतिनिधि पत्रकार अमन चोपड़ा, प्राची पाराशर, रुबिका लियाकत, चित्रा त्रिपाठी, सुधीर चौधरी, अमीश देवगन, अर्नब गोस्वामी, नविका कुमार, आनंद नरसिम्हन, गौरव सावंत, अदिति त्यागी, सुशांत सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव और शिव अरूर के शो में हिस्सा लेने नहीं जाएगा। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अब नफ़रत की दुकान चलाने वालों का धंधा बंद हो जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर चौधरी ने इस लिस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आईएनडीआईए गठबन्धन ने उन पत्रकारों की लिस्ट जारी की है, जिन्होंने 'चरण चुंबक' बनने से इनकार कर दिया। अब देखना ये है कि भारत का मीडिया इसका क्या जवाब देता है।

### पत्रकारों का बहिष्कार लोकतंत्र पर चोट : एनयूजेआई

**नई दिल्ली**: नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) ने विपक्षी गठबंधन में शामिल 26 दलों द्वारा पत्रकारों के बहिष्कार की निंदनीय घोषणा पर कड़ी आपत्ति जताई है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबद्ध एनयूजेआई के अध्यक्ष रास बिहारी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि विपक्षी दलों द्वारा उठाया गया यह कदम भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में मीडिया के ऊपर दमन का सबसे काला अध्याय है। विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों ने मीडिया का भी राजनीतिकरण कर दिया है।

# पुणे में आरएसएस की तीन दिवसीय समन्वय बैठक का हुआ शुभारंभ

एजेंसी

**पुणे** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक महाराष्ट्र के पुणे में गुरुवार सुबह शुरू हुई। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता का पूजन कर बैठक का शुभारंभ किया। संघ प्रतिवर्ष अपने आनुषंगिक संगठनों से संवाद कर सांगठनिक कामकाज का ब्योरा प्राप्त करता है। ऐसी बैठक को समन्वय बैठक कहा जाता है। इस वर्ष पुणे में आयोजित तीन दिवसीय बैठक में संघ परिवार के 36 संगठनों के 267 पदाधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 30 महिला प्रतिनिधि भी हैं। बैठक में सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, डॉ. मनमोहन वैद्य, अरुण कुमार, केसी मुकुंद, रामदत्त चक्रधर, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी उपाख्य भैयाजी जोशी, सुरेश सोनी, वी. भागैय्या, राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शांतक्का, प्रमुख कार्यवाहिका सीता गायत्री अन्नदानम, स्त्री शक्ति की अध्यक्ष शैलजा, राष्ट्रीय सेवा भारती की महामंत्री रेणु पाठक, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष रामचन्द्र



खराड़ी, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही, भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, विद्या भारती के अध्यक्ष रामकृष्ण राव, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) विष्णुकान्त चतुर्वेदी, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या, संस्कृत भारती के संगठन मंत्री दिनेश कामत आदि हिस्सा ले रहे हैं। बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय व सामाजिक परिदृश्य, शिक्षा, सेवा, आर्थिक व राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

सामाजिक परिवर्तन के पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी आचरण तथा नागरिक कर्तव्य के विषयों को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। संगठन के विस्तार और विशेष प्रयोगों की जानकारी भी साझा की जाएगी। बैठक का समापन 16 सितंबर को होगा।

### न्यायिक डाटा ग्रिड के तहत आएगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट को राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड मंच से जोड़ने के कदम की सराहना की है। सीजेआई के इस कदम का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तकनीक का यह उपयोग और अधिक पारदर्शिता लाएगा और देश में न्याय दिलाने के तंत्र को मजबूत करेगा। उल्लेखनीय है कि सीजेआई डीवाई चन्द्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की है कि सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड मंच के अंतर्गत आएगा। इससे लंबित मामलों को ट्रैक किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे पारदर्शिता और जवाबदेही आएगी। आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि एनआईसी द्वारा विकसित अपने आप में अनूठे इस तंत्र से वास्तविक समय में लंबित पड़े मामलों को देखा जा सकता है।

## नेत्रदान कर हम मरने के बाद भी किसी के अंधकारमय जीवन में रोशनी ला सकते हैं : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा में ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का आयोजन आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब और कश्यप मेमोरियल आई बैंक के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को किया गया। खेलगांव के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और रांची के सांसद संजय सेठ ने रंग-बिरंगे गुब्बारों को आसमान में उड़ाकर रन फॉर विजन को रवाना किया। इस दौड़ में उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल एवं स्पोर्ट्स अकादमी के सैकड़ों छात्रों एवं शहर के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि जीते-जी तो हमलोगों को सबकी मदद करनी चाहिए लेकिन नेत्रदान कर हम मरने के बाद भी किसी के अंधकारमय जीवन में रोशनी ला सकते हैं। उन्होंने कश्यप मेमोरियल और आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब की ओर से किए जा रहे नेत्र प्रत्यारोपण और नेत्रदान अभियान की प्रशंसा की। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि बाहर से कॉर्निया मंगाने की वजह से हमारे राज्य की गिनती में वह नहीं दिखते हैं। केवल स्थानीय नेत्रदान हमारे राज्य की गिनती में दिखते हैं। इसलिए नेत्र बैंकों में समन्वय स्थापित करना जरूरी है, ताकि स्थानीय नेत्रदान उन आई बैंकों को मिले, जो बाहर से कॉर्निया मंगाते हैं। इससे राज्य में नेत्रदान की स्थिति राष्ट्रीय स्तर पर अच्छी दिखेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि इससे नेत्रदान के प्रति लोगों में जागरूकता आएगी।संजय सेठ ने कहा कि हमें न सिर्फ नेत्र, बल्कि पूरे शरीर का दान करना चाहिए। अभी कुछ दिन पहले विश्व हिंदू परिषद के एक वरिष्ठ सदस्य का निधन हुआ और उन्होंने अपना पूरा शरीर दान कर दिया। कश्यप मेमोरियल आई बैंक की मेडिकल डायरेक्टर डॉ भारती कश्यप ने कहा कि पिछले 21 वर्षों से हर वर्ष रन फॉर विजन का आयोजन हो रहा है।

इस बार के रन का थीम ब्लाइंड फोल्ड था। इस दौड़ में भाग लेने वाले दो प्रतिभागी एक साथ दौड़ते हैं, जिसमें से एक प्रतिभागी की आंखों में ब्लाइंड फोल्ड यानी काली पट्टी लगी होती है। उसको बिना पट्टी वाला प्रतिभागी एक समान गति से ट्रैक पर सही दिशा में दौड़ने में मदद करता है।

## डीएसपी हुमायूं भट को राजकीय सम्मान के साथ दी आखिरी विदाई

एजेंसी

**श्रीनगर** : दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में कोकरनाग में आतंकवादियों के साथ लोहा लेते हुए जम्मू कश्मीर के शहीद डीएसपी हुमायूं भट को नम आंखों से सुपुर्द ए खाक किया गया। हुमायूं भट को बडगाम में सुपुर्द ए खाक किया गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इससे पहले, श्रीनगर के जिला पुलिस लाइन में पूरे सम्मान के साथ आखरी विदाई दी गई।इस दुखद अवसर पर जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहे और उन्होंने भी शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद के प्रति सम्मान पेश किया। शहीद डीएसपी को पूरे सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पूर्व आईजीपी गुलाम हस्सान भट ने



भी अपने शहीद बेटे डीएसपी हुमायूं भट के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उसे श्रद्धांजलि अर्पित की।एक पिता होने के नाते वो भले ही अंदर से टूट चुके हों लेकिन एक पुलिस अफसर के तौर पर श्रद्धांजलि देते समय वो काफी शांत और दृढ़ दिखे। इस मंजर ने सबको झकझोर कर रख दिया जब एक पिता ने अपने बेटे के पार्थव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर परिवार की कुछ महिलाएं रोते बिलकते हुए अपने जवान बेटे की आखिरी बार दर्शन किए।इसके बाद वहां से पार्थिव शरीर को श्रीनगर के बाहरी क्षेत्र हुमहामा की फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित आवास पर ले जाया गया जहां उसके पार्थिव शरीर पहुंचने पर चीख पुकार का माहौल मच गई। डीजीपी दिलबाग सिंह, ऐडीजीपे विजय कुमार, डीआईजी सीकेआर सुजीत कुमार शहीद के घर पर मौजूद रहे।

# हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन वचनबद्ध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** । राजभवन के समक्ष हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन के हजारों मजदूरों ने इंडिया गठबंधन के नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ राजभवन के समक्ष एचइसी बचाने को लेकर आक्रोषपूर्ण प्रदर्शन राज भवन के समक्ष किया । प्रदर्शन के बाद जुलूस सभा में तब्दील हो गई, सभा की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुस्ताक आलम ने किया ,संचालन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया, मुख्य रूप से इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ,झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक , माले के पूर्व राज्य सचिव शुभेंदु सेन ,सीपीएम के समीर दास ,आम आदमी पार्टी के डॉक्टर अविनाश, तृणमूल कांग्रेस




पार्टी के खिलमंद टोप्पो, राष्ट्रीय जनता दल के अनीता यादव ,रंजन यादव मुख्य उपस्थिति थे। सभा में हटिया के सभी श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी भाग लिए, लोगों को संबोधित करते हुए इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन आगे आई है । देश में मोदी सरकार को हटाकर इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, राज्य में और केंद्र में अपनी सरकार होगी तो कारखाना को बचाया जा सकता है और मजदूरों को बकाया मजदूरी की भुगतान भी होगा । सभा को पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार लगातार सार्वजनिक कलाकारखानों को बेचने में आमदा है। हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन के मजदूरों को एकजुट होकर के लंबी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कांग्रेस के राजेश ठाकुर ,पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पि के पाण्डेय,मजदूर नेता राजेंद्र प्रसाद यादव ,भाकपा माले के शुभेंदु सेन, माकपा के समीर दास, भवन सिंह, लाल देव सिंह, कांग्रेस के राकेश किरण महतो ,सुंदरी तिर्की, अजय नाथ शाहदेव, विनय सिंह और दीपू सिन्हा,झारखंड मुक्ति मोर्चा के सजर मंसूरी, डॉक्टर हेमलाल महतो, मुस्ताक आलम ,पवन केडिया, अविनाश शर्मा ,राष्ट्रीय जनता दल के रंजन यादव, अनीता यादव ,रविंद्र महतो ,आम आदमी पार्टी के अविनाश कुमार, संतोष कुमार, नेताओं ने संबोधित किया। सभा में जितेंद्र गुप्ता, रामनारायण बेदिया,, इशाक अंसारी, संध्या गुड़िया, रवि रंजन,भुनेश्वर साहू, राखी देवी, सुखमणि शुक्र ,मणि प्रदीप, उरांव रोमा, सरकार ,हालदार महतो, नयनतारा ,साहिल यादव, मार्शल तिर्की, सुषमा वर्मा ,सहित सैकड़ो की संख्या में किसान मजदूर और इंडिया गठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संसद के विशेष सत्र को लेकर विपक्ष ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली**: संसद के विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने नाराजगी जाहिर की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार ने 18 से 22 सितंबर के लिए संसद का विशेष सत्र तो बुला लिया लेकिन विशेष सत्र का पूरा एजेंडा अभी तक साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के दबाव में जिन एक-दो मुद्दों को सरकार ने साझा किया है, वह पर्याप्त नहीं है। वेणुगोपाल ने कहा कि मोदी सरकार लगातार लोकतंत्र पर हमला कर रही है। यह सरकार नियम-कायदा नहीं मानती है। उन्होंने कहा कि सरकार का संसदीय एजेंडा बिल्कुल भी पारदर्शी नहीं है। आरजेडी से राज्यसभा सांसद मनोज झा ने भी संसद के विशेष सत्र को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि एजेंडा पहले ही साफ करना था। यह सरकार संसदीय प्रणाली का मजाक बना रही है।

## जरूरी है राजभाषा हिंदी का विकास : अखिल मिश्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला और गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें अपर महानिदेशक पीआईबी-सीबीसी, रांची श्री अखिल कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।अतिथि वक्ताओं के रूप में श्री आलोक कुमार, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, महालेखाकार कार्यालय रांची, अब्दुल हामिद , संयुक्त निदेशक पीआईबी रांची तथा क्रिस्टोफर टेटे, पूर्व उप निदेशक डीडी (न्यूज़), रांची भी मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, तदोपरांत सभी का अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। इस गोष्ठी में दोनों विभागों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि अखिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में हिंदी की सरलता और सुगमता को दर्शाया जिसके चलते यह देश की राजभाषा



बन पाई और इसके बोलने और समझनेवाले लगभग देश के हर हिस्से में मिल जाएंगे। पीआईबी रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हामिद ने राजभाषा होने के चलते तथा क क्षेत्र में कार्यालय होने से हिंदी के दैनिक रूप में प्रयोग के बारे में सभी को बताया।वहीं सेवानिवृत्त पूर्व भारतीय सूचना देवा के अधिकारी श्री क्रिस्टोफर टेटे, पूर्व उप निदेशक डीडी (न्यूज़), रांची ने नए युवाओं में हिंदी के प्रयोग खासकर लेखनी में कमतर होने पर चिंता जताई। उन्होंने अन्य देशों के नागरिकों का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे हमें उन्हीं की तरह अपनी भाषा को हर संभव जगह पर प्रयोग करना चाहिए और इसे आगे बढ़ाना चाहिए।आज के हिंदी दिवस पर हुए कार्यक्रम के समन्वय एवं संचालन में सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान की महती भूमिका रही। वहीं आज के कार्यक्रम में विषय प्रवेश क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री ओंकार नाथ पाण्डेय ने किया, तथा धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री गौरव पुष्कर द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान ने भी महती भूमिका निभाई, मंच संचालन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री राज किशोर पासवान द्वारा किया गया।

## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के जन्मदिन को खास बनाएगी उत्तराखंड भाजपा : सुरेश



एजेंसी

**देहरादून** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को भाजपा सेवा पखवाड़ा तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस को भी युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने जा रही है। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस सेवा पखवाड़े के बारे में गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेश जोशी ने भाजपा मुख्यालय में मीडिया को जानकारी दी। इस बारे में भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेश ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। इसमें भाजपा रक्तदान शिविरों का भी आयोजन करेगी। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर भी प्रदेशव्यापी कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। आयुष्मान भव- कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने का काम भाजपा कार्यकर्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा का महासंपर्क अभियान निरंतर जारी रहेगा। लोकसभा स्तर, मंडल स्तर, ज़िला स्तर तक सभी बैठकें जारी हैं । प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री और शीर्ष पदाधिकारी इन बैठकों में प्रतिभाग कर रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की दृष्टि से भाजपा ने तमाम कार्यक्रम तैयार किए है। सभी प्रदेश पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सरकार से जुड़ी तमाम जानकारियां आप लोगों तक पहुंचाएं। भाजपा 24 घंटे 7 दिन चुनावी तैयारियों में जुटी है। जी-20 सम्मेलन में पूरी दुनिया ने भारत की नीतियों और विकास को देखा है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस को भी युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 16 सितंबर को मुख्यमंत्री धामी का जन्मदिन धामी मंत्रिमंडल और विधायकों ने एकजुटता के साथ काम किया। रिकॉर्ड समय में धामी सरकार ने रोज़गार देने का काम किया है। विरोधी एक्ट लाने पर विपक्ष ने तरह तरह की बातें की। 24 हज़ार युवाओं को रोज़गार मुहैया कराने का काम धामी सरकार ने किया है।इस अवसर पर मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह नेगी, विपिन कैंथोला, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, मधु भट्ट समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

### मुंबई एयरपोर्ट पर दो किलोग्राम सोने की धूल जब्त, पति-पत्नी गिरफ्तार

**मुंबई** : मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम ने सिंगापुर से आए परिवार के पास से दो किलोग्राम सोने की धूल जब्त की है। बरामद सोने की धूल की कीमत एक करोड़ पांच लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में कस्टम की टीम ने पति और पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। कस्टम विभाग के अनुसार सिंगापुर से एक परिवार द्वारा सोने की धूल लाए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी वजह से मंगलवार की रात को मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम निगरानी कर रही थी। जैसे ही संदिग्ध परिवार सिंगापुर फ्लाइट से बाहर आया, तो उनकी तलाशी ली गई। यह परिवार अपने अंडर गारमेंट में छिपाकर सोने की धूल लाया था। इतना ही, पति-पत्नी ने अपने एक साल के बच्चे के डायपर में भी सोने की धूल छिपाई थी। बरामद सोने की धूल की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में 1,05,27,331 आंकी गई है।

# किसानों और खेती से जुड़ी संस्थाओं का देश के विकास में बड़ा योगदान : उप राष्ट्रपति

एजेंसी

**जयपुर** : उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी पत्नी डॉ सुदेश धनखड़ के साथ एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को राजस्थान पहुंचे। जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र एवं राज्य सरकार के मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने उनका स्वागत किया।इसके बाद उप राष्ट्रपति केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर गए, जहां केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। उप राष्ट्रपति ने संस्थान द्वारा विकसित की गई उन्नत नस्ल की भेड़ों और उत्पादों का निरीक्षण किया और संस्थान के निदेशक, वैज्ञानिकों और स्टाफ के साथ मुलाकात कर उन्हें संबोधित किया। अपने संबोधन में उप राष्ट्रपति ने केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान के द्वारा किए जा रहे कामों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जी-



20 में भारत के विकास का डंका देख कर सब दंग रह गए हैं। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष ने कहा है कि भारत में जो विकास पिछले छह वर्ष में हुआ है वह 50 वर्ष में भी नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे बड़ा योगदान किसानों का है और खेती से जुड़ी आप जैसी संस्थाओं का है। उप राष्ट्रपति ने कहा भारत देश किसान की बदौलत है। हमारे यहां एक अप्रैल 2020 से 80 करोड़ लोगों को सरकार की ओर से फ्री चावल, गेहूं, दाल मिल रहे हैं। ये दम हमारे किसानों का है और ये राशन किसानों की बदौलत ही मिल पा रहा है। कृषि में बदलावों की आवश्यकता पर बल देते हुए धनखड़ ने कहा कि भारत के किसान को बदलने की जरूरत है और उन्होंने खुशी व्यक्त की कि ये बदलाव आ रहा है। उप राष्ट्रपति ने देश के कृषि वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे इस बदलाव का प्रेरक बनें। इस अवसर पर टोंक के सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, सीएसडब्ल्यूआरआई के निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर, संस्थान के वैज्ञानिक, शोधार्थी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इससे पहले राज्यपाल कलराज मिश्र ने उप राष्ट्रपति धनखड़ के सपत्नीक जयपुर पहुंचने पर सांगानेर एयरपोर्ट पर उनकी अगवानी की। राज्यपाल ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया।